रांची का तापमान
कांके: अधिक. 33.0° न्यून. 23.2°
रांची: अधिक. 33.5° न्यून. 23.6°
रांची, बुधवार
11 जून 2025
वर्ष-26, अंक-129, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में की प्रेसवार्ता

# विकास के साथ प्रतिष्ठित हुई विरासत : स्मृति ईरानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा कि 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने असंभव को भी संभव किया है। आज दुनिया भारत को सम्मान के साथ देख रही है। दुनिया में तिरंगे की ताकत बढ़ी है। स्मृति ईरानी प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रही थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता और प्रबुद्ध देशवासी, जिन्होंने अपने सहयोग से तीसरी बार मोदी सरकार बनाई है, वे गौरव का अनुभव करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब विकास की बात होती है, तो केंद्र में गरीबों को रखा जाता है। 50 करोड़ लोगों को जनधन खाता के माध्यम से देश की तिजोरी से जोड़ा गया। 45 लाख करोड़ रुपए सीधे डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजे गए।

स्मृति ईरानी ने कहा कि बहुआयामी गरीबी से उबारने के संकल्प के कारण आज 25 करोड़ नागरिक तीव्र गति से उन्नति के पथ पर अग्रसर हुए हैं। 81 करोड़ लोगों को अन्नपूर्णा का आशीर्वाद प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज के रूप में मिल रहा है। कहा कि 4 करोड़ गरीबों के सिर पर पक्के छत की सुविधा दी गई, जिसमें 73 प्रतिशत मालकिन महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि 15 करोड़ घरों तक नल से जल की सुविधा पहुंचना यह सुशासन और कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ गरीबों के घर शौचालय निर्माण ने महिलाओं बेटियों की इज्जत-लाज को सुरक्षित किया है। साथ ही, उज्ज्वला गैस योजना के माध्यम से 12 करोड़ घरों तक धुआं मुक्त रसोई ने महिलाओं के दुख-दर्द को कम किया है।

स्मृति ईरानी ने कहा कि गरीब कल्याण के साथ किसान कल्याण भी मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। आज डीबीटी के माध्यम से देश के 11 करोड़ किसानों के खाते में प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि के 6 हजार रुपए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार की तुलना में देश का कृषि बजट 5 गुना बढ़ा है।

शेष पेज 11 पर

## तीव्र गति से उन्नति के पथ पर अग्रसर हुए 25 करोड़ नागरिक




**50** करोड़ लोगों को जनधन खाता के माध्यम से जोड़ा गया

**45** लाख करोड़ सीधे डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजे गए

## मोदी सरकार के 11 वर्ष

### नारी सशक्तिकरण पर विशेष फोकस

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। आर्मी में स्थाई कमीशन की व्यवस्था से सेना में अधिकारी बनने का अवसर, सैनिक स्कूल में लड़कियों का नामांकन मोदी सरकार की सार्थक कोशिश है। उन्होंने कहा कि संसद के नवनिर्मित भवन में पहला बिल महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा का रहा, जिसकी प्रतीक्षा लंबे समय से थी। कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.25 करोड़ खाते खुले, स्तनपान कराने वाली और गर्भवती महिलाओं के लिए 18,593 करोड़ रुपए खर्च किए गए। 10 करोड़ महिलाओं द्वारा देश में 90 लाख स्वयं सहायता समूह चलाए जा रहे हैं, जो 6.40 लाख गांव में सेवा दे रही है। अब तो महिलाएं ड्रोन दीदी भी बन रही हैं।

### झारखंड के विकास के लिए समर्पित

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि पूरे देश के साथ झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए मोदी सरकार समर्पित है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की धरती से 24 हजार करोड़ रुपए की जन मन योजना से आदिवासी गांव के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया है।

### युद्ध अभी जारी है

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**नरेश बंका**

युद्ध अभी जारी है,
अब आर-पार की बारी है।
पहले चोरी अब सीनाजोरी नहीं चलेगी,
अब साफ होगी तुम्हारे दिमाग की गंदगी।
पाकिस्तान के सपने हो गए चकनाचूर,
जब चला 'ऑपरेशन सिंदूर।'
आतंकवादी मरने को हो गए मजबूर,
जब दुनिया ने देखा 'ऑपरेशन सिंदूर।'
सेना को खुली छूट,
पाकिस्तान की कमर गई टूट।
हम सब भारत के लिए तैयार रहें,
युद्ध नहीं, अब यह त्यौहार रहे।
सेना का सिर झुकने नहीं देंगे,
वंदे मातरम, वंदे मातरम मिलकर कहेंगे।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर आयोजित की गई कार्यशाला में बोले स्वास्थ्य मंत्री

# अफीम की खेती को पूरी तरह से खत्म करना हमारा लक्ष्य




मादक पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित पुस्तिका का हुआ विमोचन

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है और हमलोग उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं। इसी के तहत राज्यभर में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 10 जून से शुरू हो चुका है और इसका भव्य समापन आगामी 26 जून को मोरहाबादी मैदान में किया जाएगा। इस कार्यशाला का आयोजन भी इसके तहत किया जा रहा है। डॉ अंसारी मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि सभी जिलों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जागरूकता प्रचार वाहनों को भी रवाना किया जा रहा है, जो सभी जिलों में जाकर लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेगा। इस अवसर पर उन्होंने गृह विभाग और सूचना जनसंपर्क विभाग के सहयोग से तैयार मादक पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही, कार्यशाला में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सहित उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ ली। डॉ अंसारी ने कार्यक्रम के उपरांत प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री का सपना, नशा मुक्त झारखंड हो अपना

» कार्यशाला में सभी लोगों ने ली नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ

» जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना

### कैंसर की तरह हमारे समाज में फैल रही है नशे की लत

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग पूरे समाज में फैल गया है। युवा वर्ग इसके सेवन के आदी हो चुके हैं। ये कैंसर की तरह समाज में फैल रही है, फिर भी हम इस खुल कर बात नहीं कर पा रहे। हमें लोगों को इसके दुष्परिणाम के बारे में बताना होगा।

शेष पेज 11 पर

### नशा से कानून व्यवस्था के लिए भी पैदा होती है चुनौती

गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कहा कि झारखंड में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की समस्या से हम सब परिचित हैं। नशे में पड़ कर लोग वित्तीय तनाव, घरेलू हिंसा और जैसी समस्याओं का सामना करने लगते हैं। इतना ही नहीं, आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हो जाते हैं, जो समाज और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती पैदा करती है। एक साथ मिल कर इस समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने की जरूरत है।



**26** जून को मोरहाबादी मैदान में होगा कार्यक्रम का भव्य समापन

### राज्यवासियों को मिलेगी दो रिम्स की सौगात

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड को जल्द ही रिम्स-दो की सौगात मिलेगी। साथ ही, यहां छह नए मेडिकल कॉलेज और दो टेस्टिंग लैब भी खुलेंगे, जिससे कि यहां के लोगों को बाहर इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। राज्य के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर्स को भी मजबूत किया जाएगा।

### नशे के सौदागरों को डाला जाएगा जेल में

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो खुशी की बात है। झारखंड में ड्रग्स की बात की जाए, तो यह अफीम के लिए एक बड़ा केंद्र बन चुका है। शहरी क्षेत्रों के बच्चे ब्राउन शुगर, हेरोइन एवं अन्य ड्रग्स की चपेट में आ चुके हैं

शेष पेज 11 पर

## 8 आईपीएस अधिकारियों को मिला अतिरिक्त प्रभार

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के आठ अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि जिन आईपीएस अधिकारियों को अपने पद के अलावा अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है, वे उस पद पर नियमित पदस्थापन होने तक उस पद का भी कार्य देखेंगे। नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) धनबाद, ऋत्विक श्रीवास्तव को रेल एसपी धनबाद का अतिरिक्त प्रभार मिला है। जमशेदपुर के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग को रेल एसपी जमशेदपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) 10 कमांडेंट सौरभ को जैप 1 कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार तथा ग्रामीण एसपी धनबाद कपिल चौधरी जैप तीन कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड में कोविड से हुई पहली मौत, 7 सक्रिय मामले

**नवीन मेल डेस्क**



● रांची में संक्रमित मरीज ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**रांची।** झारखंड में इस वर्ष कोविड (कोरोना संक्रमण) से पहली मौत हुई है। रांची में मंगलवार को कोरोना वायरस से संक्रमित एक 44 वर्षीय मरीज की मृत्यु हो गई। इस मरीज का इलाज रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था। मरीज कई अन्य गंभीर बीमारियों से भी पीड़ित था। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन उनकी सांसें अंततः थम गईं। मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान रांची में कोरोना संक्रमण के तीन नए केस सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में कोरोना पॉजिटिव सक्रिय केस की संख्या सात हो गई है। इस वर्ष राज्य में कोविड का सबसे पहला केस 25 मई को रांची में सामने आया था।

शेष पेज 11 पर

## राहुल की गिरफ्तारी पर रोक 6 अगस्त को पेशी का आदेश

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर मंगलवार को रोक लगा दी। इसके साथ ही उन्हें 6 अगस्त को चाईबासा की विशेष अदालत में सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया गया। इस निर्देश के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई अगली सुनवाई तक स्थगित कर दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने मंगलवार को गैर जमानतीय वारंट को चुनौती देने वाली राहुल गांधी की क्रिमिनल क्वैसिंग याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने राहुल गांधी के अधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि प्रार्थी 6 अगस्त को विशेष अदालत में सशरीर उपस्थित होंगे। इसे देखते हुए तब तक गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाती है।

शेष पेज 11 पर

## चतरा में बड़ी संख्या में गोली के साथ एक उग्रवादी गिरफ्तार



● गिरफ्तार अर्जुन गंझू टीएसपीसी से जुड़ा हुआ है

● शीर्ष कमांडर आक्रमण गंझू का सहयोगी रहा है

**नवीन मेल डेस्क**

**चतरा।** चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बड़ी संख्या में गोली के साथ एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लावालौंग थाना क्षेत्र के टिकदा गांव में अर्जुन गंझू के पास बड़ी संख्या में अवैध गोली और हथियार रखा हुआ है। सूचना के बाद सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान टिकदा के अर्जुन गंझू के पास एक लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया। उसके निशानदेही पर टिकदा गांव के जंगल में जमीन के अंदर एक डब्बे में छिपा कर रखा हुआ इंसास राइफल का 477 राउंड कारतूस एवं .303 राइफल का 246 राउंड कारतूस मिला। कुल 723 चक्र जिंदा गोली बरामद की गई। सभी हथियार एवं गोली को जब्त कर अभियुक्त अर्जुन गंझू को न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अर्जुन गंझू का संबंध तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) से है। वह उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के शीर्ष कमांडर आक्रमण गंझू का सहयोगी रहा है। एक मामले में वह जेल भी गया है।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## मुख्य न्यायाधीश की हिंदी में शपथ से न्यायालयों में हिंदी की आस जगी



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारत में विदेशी आक्रमण से पहले जनता के सामूहिक विद्रोह नहीं होते थे और राजा-महाराज भी उत्तरदायित्व के साथ मंत्रिपरिषद की सलाह पर राजकाज चलाते थे जिसके अनेक किस्से- कहानियां प्राचीन शास्त्रों और जनश्रुतियों पर आधारित लोककथाएं और लोकगीत अलग-अलग राज्यों में आज भी प्रचलित हैं । इसका बड़ा कारण था कि राजा राजधर्म निभाते थे और उनके दरबार में फैसले सबके सामने लिए जाते थे जिसके लिए बुद्धिमान दरबारी रखे जाते थे जो जनहित और न्यायोचित फैसलों के लिए राय देते थे । रावण जैसे अत्याचारी के दरबार में भी इसीलिए विभीषण के स्वर गूंजते थे और कौरवों को विदुर चेतावनी देते थे । इन परंपराओं का पालन बाद के सैंकड़ों वर्षों तक राजा-जमींदारों तक ने किया जिसमें रातू के महाराजा भी शामिल थे जिनके राज में प्रजा ने विद्रोह नहीं किया पर जब वे अंग्रेजों के प्रभाव में आकर दूरी रखने लगे और उनके निर्णय जनतांत्रिक न होकर अंग्रेजी दमनकारी की तरह होने लगे तो विद्रोह शुरू हुआ । भारत में मुगलों के लगभग 300 वर्षों तक और अंग्रेजों के लगभग 200 वर्षों तक की गुलामी में अरबी फारसी और अंग्रेजी जैसी विदेशी और दुरूह भाषाओं में राजकाज किए गए जिससे पढ़े–लिखे अभिजात्य वर्ग का सरकारी कामकाज और न्याय व्यवस्था में एकाधिकार हो गया और आमजन के अंदर असंतोष पनपा । डॉ कुमार सुरेश सिंह ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि बिरसा मुंडा के विरोध और आंदोलन के मूल में यही था जब मुंडारी भाषा नहीं समझने वाले अंग्रेज जज वकीलों से पूछते कि आरोपी क्या बोल रहा है तो कुछ वकील उन्हें केस लंबा खींचने के लिए उल्टा बताते थे कि रैयत विद्रोह पर उतारू है जबकि मुंडा अपनी गलती स्वीकार कर रहे होते थे । भाषा समझ में नहीं आने के कारण अनजाने में भी अंग्रेज गलत फैसले करते थे । एक बार भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि अदालतों की कार्रवाई विवाह के मंत्रों की तरह नहीं होनी चाहिए जिसका अर्थ वर-वधू या परिजन किसी को समझ में नहीं आए । राष्ट्रपति भवन में हिंदी का प्रयोग नई बात नहीं पर देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने हिंदी में शपथ लेकर नई परंपरा स्थापित कर दी। अब तक जितने भी मुख्य न्यायाधीश रहे हैं, सबने अंग्रेजी में ही शपथ ली है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री जैसी हस्तियां हिंदी में शपथ लेती रही हैं, लेकिन न्यायपालिका का सर्वोच्च पद इससे अब तक अछूता रहा है। इससे देश के करोड़ों हिंदी और भारतीय भाषा प्रेमियों में आशा जगी है कि न्यायमूर्ति गवई की अगुवाई में हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं को न्यायपालिका में सम्मान मिलेगा। बिडंबना ही कहेंगे कि छह साल पहले संयुक्त अरब अमीरात के न्यायालयों में हिंदी में सुनवाई की अनुमति मिल चुकी है, लेकिन अब भी देश की उच्च न्यायपालिका की भाषा अंग्रेजी ही है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अब भी सुनवाई भारतीय भाषाओं के बजाय अंग्रेजी में ही जारी है। न्यायमूर्ति गवई से आशा इसलिए बढ़ी है क्योंकि बिना मुख्य न्यायाधीश की सहमति के किसी भी हाईकोर्ट की कार्यवाही का माध्यम वहां की भाषा नहीं बन सकती।




संविधान के अनुच्छेद 348 के भाग एक ए के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की सभी कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में करने का प्रावधान है। हालांकि, इसी अनुच्छेद के भाग दो में प्रावधान है कि अगर कोई राज्य भारतीय भाषाओं में कामकाज करना चाहे, तो उस राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की सहमति से, अपने राज्य के हाईकोर्ट की कार्यवाही में हिंदी या अपने राज्य की आधिकारिक भाषा के प्रयोग की मंजूरी दे सकता है। संविधान के इस प्रावधान की ही तरह राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 7 में भी कहा गया है कि किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से, उस राज्य के हाईकोर्ट के फैसले या आदेश के लिए अंग्रेजी के साथ हिंदी या राज्य की आधिकारिक भाषा के प्रयोग की मंजूरी दे सकता है। संविधान के प्रावधानों के तहत हिंदी को 26 जनवरी, 1965 से राजभाषा के तौर पर पूरे देश में कामकाज करने की अनुमति मिलनी थी। लेकिन इसके खिलाफ तीखे विरोध के साथ तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति मैदान में कूद पड़ी थी। 26 जनवरी, 1965 को द्रविड़ राजनीति ने समूचे तमिलनाडु में हिंदी विरोध में काला झंडा फहराने की अपील तक कर डाली थी। हालांकि जब लगा कि गणतंत्र दिवस पर ऐसा करना उचित नहीं होगा, तो एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को उसने ऐसा किया। विवादों के बाद मंत्रिमंडल समिति ने 21 मई, 1965 की अपनी बैठक में यह तय किया कि हाईकोर्ट में अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा के प्रयोग से संबंधित प्रस्ताव पर देश के मुख्य न्यायाधीश की सहमति प्राप्त की जानी चाहिए। भारतीय भाषा प्रेमी इसे भारतीय भाषाओं को न्याय की भाषा बनने की राह में बाधा मानते हैं ।अभी राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के हाईकोर्ट में ही हिंदी में काम करने की अनुमति है। पर इनसे निकले छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड के हाईकोर्ट में भी हिंदी में याचिका तो स्वीकार हो सकती है, पर उसका अंग्रेजी अनुवाद देना भी जरूरी है। ठेठ हिंदीभाषी राज्य हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड के हाईकोर्ट में अब भी हिंदी प्रमुख भाषा नहीं है।

## पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**रांची।** मंगलवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में कोतवाली थाना, डेली मार्केट थाना, हिंदपीढ़ी थाना और महिला थाना अंतर्गत विभिन्न स्थानों में आम लोगों के साथ बैठक कर नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही सभी को नशा मुक्त भारत का शपथ दिलवाया गया।

## कई तेज रफ्तार बाइक को किया गया जब्त

**रांची।** रांची शहर में तेज रफ्तार से तेज बाइक चालने वालों के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। वहीं कई लोग बड़े हादसे का शिकार हो चुके हैं। आए दिन इन बाइकर्स के चलते राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे ही बाइकर्स पर नकेल कसने के लिए सदर थाना की पुलिस ने बड़ी कारवाई की है। पुलिस की इस मुहिम में अब तक दर्जनों बाइक जब्त किया गया है। थाना प्रभारी कुलदीप के नेतृत्व में सदर थाना क्षेत्र से बड़ी संख्या में बाइक जब्त की गई है।

## 13 जून तक बारिश होने की संभावना

**रांची।** मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार से झारखंड में बारिश की शुरुआत हुई जिसका अगले 13 जून तक जारी रहने की आशंका है। इस दौरान गरज-चमक के साथ तेज बारिश की संभावना हैं। वहीं, 11 जून के बाद से झारखंड के कई हिस्सों में मानसून की बारिश शुरु हो सकती हैं। विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सावधान रहने की बात कही हैं।

### मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन

# भाजपा सत्ता के लिए नहीं ,राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित पार्टी : स्मृति ईरानी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में रांची महानगर और ग्रामीण जिला भाजपा के संयुक्त तत्वावधान में लेक गार्डन अरगोड़ा में प्रोफेशनल मीट का आयोजन हुआ। प्रोफेशनल मीट में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, डॉक्टर, प्राध्यापक, शिक्षक, इंजीनियर, सीए, सीएस, व्यवसाई शामिल हुए। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि सबके साथ और सहयोग के कारण आज मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल पूरे हो रहे। तीसरी बार मोदी सरकार भारत की जनता का आशीर्वाद है।

कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सत्ता के लिए नहीं बल्कि गांव, गरीब, किसान व महिला की सेवा के लिए समर्पित है। भाजपा सत्ता की नहीं राष्ट्र की उन्नति के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी जो डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बलिदान और करोड़ो कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या से सिंचित पार्टी है।

कहा कि मोदी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों के कल्याण केलिए समर्पित है। करोड़ों रुपए इनके विकास पर खर्च हो रहे। उन्होंने कहा कि एक जमाने में देश ने यह भी देखा है कि कांग्रेस के कार्यक्रमों में 5-10 हजार रुपये के भोजन प्लेट परोसे जाते थे जबकि आज मोदी सरकार 81 करोड़ गरीबों की थाली में भोजन परोसने का कार्य कर रही। कहा कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र का सम्मान मोदी सरकार सुनिश्चित कर रही। कहा कि धारा 370 हटाने पर खून की नदियां बहने की बात करने वाले लोगों ने देखा कि एक मच्छर भी इससे नहीं मरा। कहा कि आज मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की प्रशंसा आज विरोधी भी करने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार कर उसे नेस्तनाबूद करने का काम किया है। आज दुनिया देख चुकी है कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने का परिणाम क्या होगा। आज बढ़ता भारत, बदलता भारत ,आत्म निर्भर भारत ,स्वाभिमानी भारत उभर कर आया है।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, महानगर जिलाध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो, आरती कुजूर, विकास प्रीतम, आरती सिंह, सरोज सिंह, दीपक बंका, शिवपूजन पाठक, ऊषा पांडे, सत्यनारायण सिंह, अरुण झा, लक्ष्मी कुमारी, सीमा सिंह, योगेंद्र प्रताप, अशोक बड़ाईक, सुबोध सिंह गुड्डू, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, अनिता वर्मा, वीणा मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, मुकेश केसरी एल, अमित चौधरी, मुकेश काबरा, नीरज सिंह, तद्दाश बाकची, प्रज्ञा तिवारी, दीना पांडे, अंकित वर्मा, करण कुमार, मनीत मोहन, रुचि कुमारी, अभिषेक रामदीन, डॉ तान्या सहित बड़ी संख्या में प्रोफेशनल और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### देश को लूटने वालों के घर से पैसे निकाल रही मोदी सरकार : बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में सुशासन और सुरक्षा को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन ने उग्रवाद,आतंकवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। ग्रामीण लोगों को उग्रवादियों के भय से घर बार को छोड़कर भागना पड़ा था। लेकिन आज मोदी सरकार ने नक्सल उन्मूलन की दिशा में बड़ा कार्य किया है। कहा कि आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार की सुरक्षाओं को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। दुश्मनों को एयर स्ट्राइक,सर्जिकल स्ट्राइक ,और ऑपरेशन सिंदूर से अभूतपूर्व जवाब दिए जा रहे। कहा आज का भारत चिट्ठी नहीं लिखता बल्कि जवाब देता है।

### झारखंड भाजपा ने बनाया व संवारेगी : डॉ रविंद्र राय

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि अलग झारखंड प्रदेश भाजपा की देन है और भाजपा इसे संवारेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार,धर्मांतरण, उग्रवाद, विदेशी घुसपैठ के खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी।

# यूपीएससी की आरटी थ्री परीक्षा 15 जून को, तैयारी की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग की 15 जून को रांची में होने वाली आरटी थ्री परीक्षा तैयारियों पर मंगलवार को प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी मिश्र की अध्यक्षता में बैठक हुई। सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक होने वाली परीक्षा राजकीय बालिका प्लस टू स्कूल बरियातू में होगी। इसमें 527 अभ्यर्थी शामिल होंगे। आयुक्त ने बताया कि 14 और 15 जून को केंद्र पर कोई अन्य कार्यक्रम नहीं होंगे। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को समय से प्रश्न पत्रों के पैकेट पहुंचाने व उत्तर पुस्तिका, जरूरी कागजात जीपीओ में जमा करना सुनिश्चित करने को कहा है। आयुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि पदाधिकारियों के साथ पुलिस बल को लगाया जाए। पुलिस दल परीक्षा की तिथि को ससमय पदाधिकारी को रिपोर्ट करेंगे। सभी परीक्षा उप केंद्रों पर विधि व्यवस्था संधारण एवं स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ एक चार का पुलिस बल एवं एक अलग पुलिस दल जिसमें तीन पुरुष एवं दो महिला अनिवार्य रूप से प्रतिनियुक्त रहेंगे। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, सोनाहातू के अंचल अधिकारी मनोज कुमार महथा, कांके के प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार एवं अन्य मौजूद थे।

# संभावित उद्यमिता कार्यक्रम के लिए 215 उद्यमियों ने किया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

- स्क्रूटनी के बाद 100 उद्यमियों का किया जाएगा चयन
- स्थानीय प्रतिभाओं को प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन ने की है पहल

**रांची।** संपन्न उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहल करते हुए संभावित उद्यमिता कार्यक्रमकी शुरुआत की गई। 15 मई को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कार्यक्रम की लॉन्चिंग की गई थी। आवेदन के लिए निर्धारित समय 31 मई तक 215 उद्यमियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

कार्यक्रम के लिए प्राप्त कुल 215 आवेदन में से 100 उद्यमियों का चयन स्क्रूटनी के माध्यम से किया जाएगा। समिति द्वारा विभिन्न मानकों के आधार पर इन उद्यमियों का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत चयनित 100 स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान कर उनका पोषण और उन्हें नवाचार और निर्माण की प्रेरणा दी जाएगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के दिशा-निर्देश में आर्थिक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में तैयार की गई यह पहल महत्वाकांक्षी उद्यमियों को उनके विचारों को व्यवहार्य उद्यमों में बदलने के लिए मार्गदर्शन, कौशल विकास, वित्त पोषण के अवसर और एक मजबूत समर्थन नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं, महिलाओं और कम प्रतिनिधित्व वाले समुदायों पर ध्यान केंद्रित करेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि उद्यमिता समाज के सभी वर्गों में सशक्तिकरण का एक साधन बन जाए।

### मोदी सरकार के 11 साल

# जश्न के पीछे छुपी जनता की पीड़ा और सवालों की आवाज : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर झारखंड में अपनी तथाकथित उपलब्धियां गिनवाने के लिए भाजपा ने स्मृति ईरानी को भेजा है, लेकिन यहां जश्न नहीं, सवाल पूछे जा रहे हैं। झारखंड की धरती पर भाजपा के दावों से ज्यादा गूंज रही है आम लोगों की पीड़ा और निराशा। जब पेट खाली हो, युवा बेरोज़गार हों, किसान हताश हों-तब जश्न नहीं, जवाबदेही ज़रूरी होती है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता व केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा ने सर्वसम्मति से आदिवासी-सरना धर्म कोड की मांग की थी। मगर केंद्र सरकार ने इस पर आज तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि यह सिर्फ एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता और पहचान के साथ किया गया सुनियोजित अन्याय है। यह वही सत्ता है जो चुनाव के समय जंगल की तस्वीरें खिंचवाती है, मगर आदिवासी धर्म को संवैधानिक मान्यता देने में हमेशा हिचकती रही है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में महीनों तक हिंसा चलती रही, महिलाओं के साथ बर्बरता हुई, इंसानियत की चीखें कैमरों में कैद हो गईं मगर दिल्ली से न संवेदना आई, न जवाबदेही। डॉ. तनुज ने कहा कि जब एक संवैधानिक राज्य में महीनों तक आग लगी रहे और प्रधानमंत्री चुप रहें, तो यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, नैतिक दिवालियापन है। छत्तीसगढ़ में हसदेव के जंगलों को काटने की इजाजत देना इस सरकार की पर्यावरण और आदिवासी अधिकारों के प्रति असली सोच को उजागर करता है। प्रवक्ता ने कहा कि एक ओर सरकार जलवायु परिवर्तन की बातें करती है, दूसरी ओर देश के फेफड़ों को नष्ट करने पर आमादा है। आदिवासी इलाकों में जमीन और जंगल सिर्फ संसाधन नहीं, जीवन हैं यह सरकार शायद कभी नहीं समझेगी।

# नरेंद्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा : संजय सेठ

### विकसित व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रप्रथम के साथ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हुए। मंगलवार को शिमला भाजपा मुख्यालय में भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पत्रकारों को संबोधित किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के प्रतिपक्ष के नेता पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि विकसित भारत को समर्पित मोदी सरकार की उपलब्धियां मोदी सरकार आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के साथ, भारत को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना से काम कर रही है। आतंक के मुद्दे पर हमने जीरो टॉलरेंस की नीति रखी। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। संकट काल में युद्धग्रस्त देश से नागरिकों को सुरक्षित भारत लाया। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिशन नहीं है यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। 11 वर्षों की यात्रा सिर्फ मोदी जी ने नहीं की है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को साथ लेकर, उसे पूर्ण करने को समर्पित रही यात्रा है और यह संकल्प की सिद्धि तक जारी रहेगी। भारत के इतिहास में श्री नरेंद्र मोदी जी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है। रक्षा क्षेत्र में हमें नई ऊंचाई मिली है। वैश्विक डिजिटल लेनदेन के 49% लेनदेन भारत में होते हैं देश का वस्तु और सेवा न्यायत 825 अरब डालर तक पहुंचा है मोदी सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की शुरुआत कर 44 लाख करोड रुपए सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंचना शुरू कर दिया है जिससे दलालों की भूमिका खत्म हो गई है और भ्रष्टाचार कम हो गए हैं। चिनाब ब्रिज जिसे हाल ही में प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है महाराष्ट्र में बढ़ावा पोर्ट परियोजना 7600 करोड़ के निवेश के साथ भारत के व्यापार और समुद्री बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखती है।

### मंत्री का बयान दलितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा : विजय शंकर



**रांची।** मंत्री राधाकृष्ण किशोर के हालिया बयान पर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि मंत्री का यह बयान दलित समुदाय के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। नायक ने कहा कि राधाकृष्ण किशोर का यह बयान दलितों को गुमराह कर वोट हथियाने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने शासन के दौरान दलितों को हर क्षेत्र में हाशिए पर रखा, अपमानित किया और उनके संवैधानिक अधिकारों की खुलेआम अनदेखी की। इसे पूरी तरह दलित प्रेम नहीं, बल्कि राजनीतिक षड्यंत्रकारी कहा जा सकता है। मंत्री का दलित प्रेम महज एक सस्ता और सियासी तमाशा है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर दलितों की हालत इतनी ही खराब है, तो राधाकृष्ण किशोर और उनकी सरकार अब तक क्यों सोती रही। उल्लेखनीय है कि मंत्री ने कुछ दिनों पूर्व कहा था कि राज्य में दलितों की स्थिति आदिम जनजातियों से भी बदतर है।

**राजनीति** स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति व आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्मृति ईरानी पर साधा निशाना

# ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर नहीं बनाएं जनता को बेवकूफ

- मंत्री ने स्मृति से की झारखंड से जाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



### राष्ट्रवाद के नाम पर भ्रम फैलाना बंद करे बीजेपी : इरफान अंसारी

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जब देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक नफरत से त्रस्त है, तब आप लोग 'राष्ट्रवाद' के नाम पर भ्रम फैला रहे हैं और उत्सव मना रहे हैं। यह घोर विडंबना है। आज सुबह अमेरिका से जो वीडियो आया, वो देखकर उनका कलेजा कांप गया। भारतीय बच्चों को अमेरिकी पुलिस जिस बर्बरता से लात-घूंसों से मार रही है, क्या वो मानवता है? क्या ये वही विकसित भारत है जिसकी डींगे बीजेपी हांकते नहीं थकती? एक मां-बाप के दिल पर क्या गुजरती होगी? जब उनका बेटा विदेशी जमीन पर पुलिस की क्रूरता का शिकार होता है, क्या आपने कभी सोचा है?

**रांची।** स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने झारखंड दौरे पर आई पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे उन्हें बीजेपी नेता के रूप में नहीं, बल्कि टीवी सीरियल की हीरोइन के रूप में देखते हैं। इसमें आपकी भूमिका शानदार रही है। स्क्रिप्ट पढ़ने और संवाद अदायगी में आपकी महारत को सलाम है, लेकिन झारखंड की धरती पर बीजेपी सरकार की झूठी स्क्रिप्ट दोहराने की जरूरत नहीं है। यह धरती संघर्ष और हक की आवाज की धरती है। यहां अभिनय नहीं, हकीकत की बात होती है।

बीजेपी की तिरंगा यात्रा मजाक नहीं तो और क्या है? कहने को यह पाकिस्तान पर जीत का जश्न है, लेकिन सच्चाई यह है कि अमेरिका के दबाव में केंद्र सरकार ने घुटने टेक दिए। फिर बीजेपी तिरंगा लेकर सड़कों पर उतर गई। झारखंड को बख्श दीजिए। ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर देश की भोली-भाली जनता को बेवकूफ बनाना बंद कीजिए। यहां की मिट्टी को राजनीति का रंगमंच समझने की भूल मत कीजिए।

झारखंड के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्मृति ईरानी से कहा कि आप झारखंड से वापस जाइए। अपने नेताओं से कहिए कि अमेरिका से बात करें, अपने नागरिकों की रक्षा करें, उन्हें वापस भारत लाएं। फिर आइए झारखंड और कीजिए प्रेस कॉन्फ्रेंस। इस समय झारखंड को आपकी स्क्रिप्टेड उपस्थिति की जरूरत नहीं है।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल गंगवार से मिलीं स्मृति ईरानी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### बोकारो विधायक की सदस्यता रद्द करने की मांग



**रांची।** बोकारो की विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ "ऑफिस ऑफ प्रॉफिट" मामले में उनकी सदस्यता रद्द करवाने को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिला व ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जांचोपरांत न्यायपूर्ण कार्रवाई का मांग किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर के निवर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही,बोकारो के निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण उपस्थित थे।

### राज्यपाल से मिली कुरमी/कुड़मी समन्वय समिति



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को कुरमी/कुड़मी (महतो) समन्वय समिति, का एक शिष्टमंडल ने लालचंद के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। वहीं राज्यपाल को कुरमी/कुड़मी (महतो) जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने के लिए पहल करने संबंधी एक ज्ञापन सौंपा।

### सीएम हेमंत से मिलीं कुलपति प्रो. कुनुल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका की कुलपति प्रो. (डॉ.) कुनुल कंदीर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### सिक्किम आईसीएफएआई विवि के कुलपति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईसीएफएआई विश्वविद्यालय सिक्किम के कुलपति प्रो (डॉ) जगन्नाथ पटनायक ने शिष्टाचार भेंट की।

### मुख्यमंत्री से मिले पुलिस पदाधिकारी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिरीक्षक अभियान माईकल राज एस एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का रांची एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



**रांची।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के निमित्त रांची में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मंगलवार को रांची पहुंची। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत प्रदेश महामंत्री एवंसांसद आदित्य साहू, सरोज सिंह, आरती कुजूर ने किया। श्रीमती ईरानी प्रदेश कार्यालय पहुंची जहां महिला मोर्चा ने उनका स्वागत किया। पार्टी द्वारा आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन स्मृति ईरानी, प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने किया। प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर श्रीमती ईरानी का स्वागत किया।

राजधानी के कलाप्रमियों को जल्द मिलेगी नगर भवन की सौगात

# झारखंड के लोक कलाकारों को मिलेगा पूरी सुविधाओं से परिपूर्ण अखरा

## विभाग ओर सरकार निभा रही भूमिका,कलाकार भी बढ़े आगे : नंदलाल



लोक कलाकार और संगीतकार **नंदलाल नायक** ने कहा कि झारखंड सरकार ओर विभाग अखरा की सुविधा दे रहा है। जिसमें सभी प्रकार की सुविधाएं होगी और कलाकारों के लिए एक बेहतर तरीका होगा लोगों तक कला सांस्कृतिक को पहुंचाने की। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग अपना काम कर रही है लेकिन अब कलाकारों को भी आगे बढ़कर आना होगा। कलाकारों को ही सरकार को जगह जमीन दिखाना है जहां अखरा बनाया जाएगा । ऐसे में कलाकार सामने आए।

**काजल मेहता। रांची।** राजधानी रांची कला संस्कृति से जुड़े लोगों को मंच की कमी महसूस होती है। भाड़े पर लेकर अक्सर कार्यक्रम आयोजित किया करते हैं। राजधानी में एलपीएन शाहदेव चौक के पास आड्रे हाउस है जहां एक उम्मीद है कार्यक्रम आयोजित करने की लेकिन वहां भी कुर्सी वगैरह अपने खर्च पर कलाकारों को लाना होता है। वहीं, ऑड्रे हाउस में कार्यक्रम करने के लिए विभाग ने बताया कि किसी को भी कार्यक्रम करना है तो वह विभाग में लिखकर दें जिसके बाद मंत्री के अनुमोदन के बाद उन्हें कार्यक्रम के लिए आदेश दिया जाएगा। होटवार में भी ऐसा भवन है जहां कार्यक्रम आयोजित किया जाता है लेकिन वह जगह इतनी दूर है कि दर्शक वहां तक जाना नहीं चाहते। हालांकि फिलहाल राजधानी में रविन्द्र भवन का निर्माण कला सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए किया जा रही वहीं पूरे झारखंड में अखरा का निर्माण किया जा रहा। ऐसे में कलाकारों के लिए राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा के पास रविन्द्र भवन बनाया जा रहा है। जो पहले गांधी भवन निर्माण के नाम से जाना जाता था। उल्लेखनीय है कि रविन्द्र भवन पिछले कई वर्षों से बनाया जा रहा है। जुड़को जनसंपर्क विभाग अधिकारी आशुतोष सिंह ने बताया कि जबसे निर्माण का कार्य शुरू हुआ था तब कोरोना का प्रकोप शुरू हो चुका था जिसके वजह से निर्माण में बाधा आई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में काम शुरू हुआ उसमें भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा जहां प्रति दो वर्ष में सरकार का शेड्यूल अफ्रेड होता है जिसमें बजट पर भी असर पड़ता है। वहीं उन्होंने कहा फिलहाल भवन निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है लगभग 2 से 3 महीनों के भीतर ही भवन सरकार को सौंपा जाएगा।



**होटवार में भवन है, लेकिन दूर होने के कारण दर्शक नहीं पहुंचते**

### झारखंड में जिला और प्रखंड स्तर पर बन रहे हैं अखरा

वहीं झारखंड कला संस्कृति विभाग के द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक झारखंड के कलाकारों के लिए जिला और प्रखंड स्तरीय अखरा का निर्माण किया जाएगा जिसमें हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस अखरा का निर्माण दो तरह से किया जा रहा जिसमें टाइप वन जो जिला स्तरीय है, 1.37 करोड़ के बजट के साथ बनाया जाएगा । वहीं टाइप टू जो प्रखंड स्तरीय है 27 लाख के बजट के साथ बनाया जाएगा।

## कलाकारों को अपनी कला दिखाने के लिए होनी चाहिए जगह : पद्मश्री महाबीर



**पद्मश्री महाबीर नायक** ने कहा कि कलाकारों को अपनी कला दिखाने और कार्यक्रम करने के लिए जगह होनी ही चाहिए। जहां दर्शक भी पहुंचे और कलाकारों को भी बहुत अधिक भुगतान ना करना पड़े।

## राजधानी में नगर भवन होना ही चाहिए : राजा राम महतो



कुरमाली भाषा संस्कृति से जुड़े **राजा राम महतो** ने कहा कि राजधानी के शहरी क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से सभी सुविधाओं के साथ नगर भवन होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने जब भी कार्यक्रम किया प्राइवेट जगहों पर की है जहां काफी खर्च का सामना करना पड़ता है।

# भारतीय युवक संघ बकरी बाजार की दुर्गा पूजा का भूमि पूजन आज

● इस वर्ष विश्व का सबसे बड़ा मंदिर कंबोडिया का अंकोरवाट बनाया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

67 वर्षों से शारदीय नवरात्र पर भव्य पूजा का आयोजन भारतीय युवक संघ बकरी बाजार करते आ रही है। वहीं बुधवार की सुबह 10:30 बजे विधि विधान से स्तंभ एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के मेला परिसर में किया जाएगा।

इस वर्ष विश्व का सबसे बड़ा मंदिर कंबोडिया का अंकोरवाट बनाया जाएगा। अंकोरवाट कम्बोडिया में भगवान विष्णु का बहुत बड़ा मंदिर था और दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक जो कि 162.6 हेक्टेयर (402 एकड़) में फैला है। यह कम्बोडिया के अंकोर में है जिसका पुराना नाम 'यशोधरपुर' था। इसका निर्माण सम्राट सूर्यवर्मन द्वितीय (1112-53 ई॰) के शासनकाल में हुआ था। वर्तमान में यह एक बौद्ध मंदिर है,जो कभी भगवान विष्णु को समर्पित था। मीकांग नदी के किनारे सिमरिप शहर में बना यह मंदिर आज भी संसार का सबसे बड़ा मंदिर है जो सैकड़ों वर्ग मील में फैला हुआ है। राष्ट्र के लिए सम्मान के प्रतीक इस मंदिर को कम्बोडिया के राष्ट्रध्वज में भी स्थान दिया गया है। यह मंदिर मेरु पर्वत का भी प्रतीक है। इसकी दीवारों पर भारतीय धर्म ग्रन्थों के प्रसंगों का चित्रण है। इन प्रसंगों में अप्सराएं बहुत सुन्दर चित्रित की गई है। असुरों और देवताओं के बीच समुद्र मंथन का दृश्य भी दिखाया गया है। विश्व के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थानों में से एक होने के साथ ही यह मंदिर यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में से एक है। पर्यटक यहां केवल वास्तुशास्त्र का अनुपम सौंदर्य देखने ही नहीं आते बल्कि सूर्योदय और सूर्यास्त देखने भी आते हैं। लोग इसे पवित्र तीर्थस्थान मानते हैं। संघ के सचिव रवि रोहतगी ने बताया की इस वर्ष भारतीय युवक संघ द्वारा इसी मंदिर का भव्य प्रारूप बनने का संकल्प लिया गया है, जिसे कला में उत्कृष्ट एवं सुप्रसिद्ध बंगाल के पार्वती डेकोरेटर्स द्वारा सजाया जा रहा है। पंडाल बहुत ही भव्य होगा लगभग 14,400 वर्गफुट में पंडाल बनाया जा रहा है और इसकी ऊंचाई भी करीब 110 फूट होगी। इसके निर्माण में सभी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जा रहा है पाठ काठीं, मलाई काठीं, होगला पता, पाम पत्ता, बूलेन रस्सी, त्रिपुरा मैट , त्रिपुरा मदूर काठी और भी अन्य चीज उपयोग में आएंगे। सभी दर्शकों के अवलोकन के लिए आज परिसर में पंडाल का मॉडल भी प्रदर्शित किया जाएगा।

### मूर्ति भी रहेगी इसबार चर्चा का विषय

अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया की इस बार संस्था द्वारा मूर्ति भी बहुत भव्य और अलौकिक रहेगा। शिल्प कला में निपुण बंगाल के अनूप दा के द्वारा इसका निर्माण किया जाएगा, मूर्ति बहुत ही भव्य होगी जिसमें इसकी चौड़ाई 36 फूट और ऊंचाई करीब 26 फूट रहेगी। मूर्ति का श्रृंगार अपने आप में कुछ अनोखा होगा, पंडाल में जिन चीज़ों का प्रयोग किया जा रहा उन्हि सब चीजों से मां का श्रृंगार भी किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के प्रवक्ता अमित प्रकाश बजाज ने दी।




# उपायुक्त के पास आई खराब चापानलों की शिकायतों का हुआ निष्पादन

### जिले भर में 1614 चापानलों की हुई मरम्मती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र में खराब पड़े चापानलों की मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त के पास आए चापानल की शिकायत, मुखिया के पास सीधे प्राप्त शिकायत, एप के माध्यम से प्राप्त शिकायत एवं अबुआ साथी से प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई करते हुए चापानल की मरम्मति की गई। 11 मार्च से 31 मई 2025 को रांची जिला के कुल-07 प्रखंडों- अनगड़ा-296, ओरमांझी-297, सिल्ली -214, बुंडू- 158, सोनाहातु-211, राहे-197, तमाड़-241 कुल- 1614 प्रखंड में खराब पड़े चापानल की मरम्मती की गई। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गर्मी में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े इसे लेकर जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की जल्द से जल्द मरम्मती के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पूर्वी एवं पश्चिमी को इस संबंध में विशेष दिशा- निर्देश दिया गया है। साथ ही शहरी क्षेत्र में पानी टैंकर से प्रभावित इलाकों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश भी उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा दिया गया है।



# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया रक्तदान कैंप का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के अध्यक्षता में रक्तदान पखवाड़ा के अन्तर्गत दुसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।यह आयोजन पेबल बे सोसाइटी राँची में किया गया ।शिविर में 7 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान प्रभारी पायल जैन संयोजिका कोमल पोद्दार, रोजी खंडेलवाल ने पूरे कार्यक्रम को लाइनअप किया। जिसमे सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया , एवं रक्तदान के महत्व को समझाया गया।रक्तदाताओं को संस्था की तरफ़ से सर्टिफिकेट दिया गया। साथ ही सबको जूस और फल भी दिया गया।यह शिविर का कार्य सेवा सदन के चिकित्साको के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ,रोजी खण्डेलवाल, आशा संथालिया, चंद्रकला, हेमा पोद्दार, लक्ष्मी पोद्दार और अन्य सदस्य मौजूद थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

मादक पदार्थ के दुरुपयोग रोकने को जागरुकता रैली


# मादक द्रव्यों का सेवन पूरे समाज को प्रभावित करता है : डॉ एस बास्की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



निषिद्ध मादक पदार्थ के दुरुपयोग को रोकने के लिए सिविल सर्जन का कार्यालय सभागार से जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका मुख्य संदेश यह था कि समाज को नशा मुक्त करने के साथ-साथ एक स्वस्थ जीवन जीने को प्रोत्साहित करना। इसके तहत राज्य के हरेक व्यक्ति को नशे की लत से मुक्त कर साथ ही उसके दुस्प्रभाव से बचाना एवं उसे एक स्वस्थ जीवन की ओर वापस लाने का लक्ष्य है। सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार के निर्देश पर नशा मुक्त रांची बनाने के लिए यह जागरूकता रैली डीटीओ डॉ एस बास्की के नेतृत्व में निकाली गई। इस जागरूकता रैली में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह, जिला कंसलटेंट, टोबैको कंट्रोल सेल सुशांत कुमार, नीरज कौसिक, टाटा कैंसर केयर हॉस्पिटल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। बता दे कि तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों का लगातार सेवन करना स्वास्थ्य के लिए काफी घातक है इससे असमय व्यक्ति की मृत्यु तक हो जाती है। डॉ एस बास्की ने बताया की मादक द्रव्यों का सेवन एक गंभीर मुद्दा है जो व्यक्तियों, परिवारों और पूरे समाज को प्रभावित करता है। नशीली दवाओं के सेवन के परिणाम गंभीर हैं, जिनमें स्वास्थ्य समस्याओं से लेकर कानूनी मुद्दे और सामाजिक अलगाव तक शामिल हैं।

### आज / कल




# हनुमान चालीसा पाठ में उमड़े भक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 157 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। बजरंग बली की जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। शिवेंद्र प्रताप सिंह ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । शिवेंद्र प्रताप सिंह ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, शिवेंद्र प्रताप सिंह, वंदना, स्वेता सिंह, कृष्णा अग्रवाल , हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।



# सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र में एक शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिकायत निवारण शिविर के दौरान सी.सी.एल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र एवं पिपरवार क्षेत्र में लंबित मामलों के निपटान और कम्पनी के कर्मचारियों, कर्मचारियों के आश्रितों, ठेका श्रमिकों एवं अन्य हितग्राहियों की शिकायतों के समाधान हेतु बैठक हुई। इस शिविर में कुल 30 शिकायतें दर्ज की गई। प्राप्त शिकायत ज्यादातर सीएमपीएफ/पेंशन के भुगतान में विलंब से संबंधित थी एवं इसके अलावा कुछ नौकरी/सेवा मामले तथा ठेका श्रमिकों से संबंधित थी। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों की शिकायतों का त्वरित समाधान था। इस शिविर में सीसीएल मुख्यालय, राँची से श्रीमती कविता गुप्ता, महाप्रबंधक(मा.सं./श्रमशक्ति/समाधान), राजीव रंजन शर्मा, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा), गौतम चौधरी, मुख्य प्रबंधक(समाधान सेल), शिखा अवस्थी, सहायक प्रबंधक (मा. सं.), मगध-संघमित्रा क्षेत्र से धनंजय कुमार सिंह, अमला अधिकारी (खनन), राजीव कुमार सिन्हा, अमला अधिकारी (प. एवं प.), दिलीप कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी, संघमित्रा परियोजना, मनिक कुजूर, अमला अधिकारी (मा. सं.), पवन सिंह, प्रबंधक (वित्त), अभिषेक आनंद, उप प्रबधक(मा. सं.), दिग्विजय कुमार, नोडल अधिकारी(सीएसआर) तथा पिपरवार क्षेत्र से रवि बाड़ा प्रबंधक(मा.सं.), हेमचंद महतो, प्रबंधक(मा.सं.), अरुण कुमार महतो,उप प्रबंधक(मा. सं.) उपस्थित थे।

# गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा का द्विवार्षिक चुनाव 22 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, गुरु नानक भवन कमेटी एवं गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी के द्विवार्षिक सत्र (2025-27) के चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक गुरुनानक भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता चुनाव पदाधिकारी देवराज खत्री ने किया। सह चुनाव पदाधिकारी डॉ अजय छाबड़ा,प्रकाश अरोड़ा एवं हरीश नागपाल भी शामिल हुए और विचार विमर्श के बाद आपसी सहमति से चुनावी प्रक्रिया के रूप रेखा की घोषणा की गई। देवराज खत्री ने बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, गुरु नानक भवन कमेटी एवं गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी के चुनाव के नामांकन की तिथि 15 से 17 जून तक तथा समय सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक रखा गया है और 17 जून को ही नामांकन पत्रों की जांच के बाद शाम चार बजे नामांकन सूची प्रदर्शित कर दी जाएगी। नाम वापसी की तिथि 18 जून है और इसका समय सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक रखा गया है और चुनाव में खड़े हुए उम्मीदवारों के नाम की अंतिम सूची इसी दिन शाम चार बजे प्रदर्शित कर दी जाएगी।



## पत्नी के साथ मारपीट करने वाला भेजा गया जेल

**चान्हो।** दहेज उत्पीड़न के मामले में चान्हो पुलिस ने मसमानो गांव के अबास आंसरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अबास की पत्नी के अनुसार उसकी शादी अबास के साथ 2017 में हुई थी। उनके दो बच्चें भी हैं। शादी के बाद अबास का बर्ताव अपने पत्नी के प्रति काफी सख्त था। कुछ भी बात को लेकर अबास अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगता और अक्सर दहेज की मांग किया करता था। जब भी पीड़िता के मायके वाले पैसे देने में अपनी असमर्थ जताते थे तो अबास अपनी पत्नी के ऊपर दबाव बनाया करता था। उसके साथ रोजाना मारपीट किया करता था जिससे तंग आकर पीड़िता ने अपने पति के विरुद्ध चान्हो थाने में नामजद मामला दर्ज कराया। घटना का पता चलते ही चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने त्वरित करवाई करते हुई अबास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पागल कुत्ते ने छह लोगों को काटा

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के चोरया गांव में सोमवार को पागल कुत्ते ने बच्चों समेत छह लोगों को काटकर घायल कर दिया। सभी का इलाज मांडर रेफरल अस्पताल में किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह लगभग नौ बजे कहीं से भटककर पागल कुत्ता गांव में आ गया था। घायलों में अमन उरांव, आयुष उरांव, निशि उरांव, सपना उरांव, ताबिर खान और दीपचंद उरांव शामिल हैं।

## इटकी में प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**इटकी ।** झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस के कोडिनेटर आरिफ रजा द्वारा इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में इटकी प्रखंड के टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरिफ रजा ने कहा कि 12 जून को उनके द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रखंड के मैट्रिक और इंटर के टॉपर्स को एक एक साईकिल दी जाएगी। साथ ही 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों को भी सरपराईज़ गिफ्ट दिया जाएगा। समारोह का आयोजन सुबह 10 बजे से मौसी बारी स्थित अहि - अली फार्म हाऊस में किया जाएगा। छात्रों से अभिभावक के साथ समय पर पहुंचने को कहा गया है। ज्ञात हो कि इस वर्ष दसवीं में उमामा चांदनी 93% लाकर, इन्टर आर्ट्स में सूर्या मिंज 82% लाकर, इन्टर साइंस में सारिया सना 86.6 % लाकर तथा कामर्स में सनोवर सना 89.4 % लाकर प्रखंड टॉपर बनी हैं।

## मनरेगा लोकपाल पुष्पलता ने योजनाओं का किया निरीक्षण



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत के मनरेगा योजना के तहत संचालित योजनाओं का मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल ने पतरातू पंचायत के विभिन्न गांवों में भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पतरातू के चारा गांव के सिंचाई कूप व अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने जल्द से योजना पूर्ण एवं प्राक्कलन के अनुसार कार्य करने का निर्देश लाभुक को दिया। मौके पर मनरेगा बीपीओ गुंजन कुमार, प्रखण्ड प्रमुख होलिका देवी, मुखिया सुनिता देवी,जेईई राजीव कुमार, एई रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

### वित्त मंत्री ने झुमरा पहाड़ क्षेत्र का किया दौरा, कहा

# सुदूरवर्ती व पहाड़ी क्षेत्र अब भी बुनियादी सुविधाओं से हैं वंचित

- आंगनबाड़ी केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को बोकारो जिले के झुमरा पहाड़ क्षेत्र का दौरा कर वहां के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में कई सुदूरवर्ती एवं पहाड़ी क्षेत्र अब भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार का लक्ष्य है कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले गरीब एवं पिछड़े वर्ग का सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि झुमरा पहाड़ का भ्रमण उनकी व्यक्तिगत इच्छा रही है ताकि वहां के लोगों की जीवनशैली को नजदीक से समझा जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इस क्षेत्र में कुछ सकारात्मक कार्य हुए हैं, जिनमें हाई स्कूल की स्थापना भी शामिल है।

मंत्री ने बताया कि झुमरा उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए उन्होंने झारखंड के शिक्षा सचिव से बात कर दो अतिरिक्त शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों द्वारा स्कूल परिसर में चाहरदीवारी की मांग पर उन्होंने जिला योजना पदाधिकारी को अनाबद्ध राशि से निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए।

वहीं पेयजल समस्या को लेकर भी अनाबद्ध राशि से समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि गोमिया प्रखंड को भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिला घोषित किया गया है और झुमरा पहाड़ भी इसी के अंतर्गत आता है।

झुमरा में बने स्वास्थ्य केंद्र के अब तक संचालन शुरू न होने पर वित्त मंत्री ने बोकारो के सिविल सर्जन से बात कर स्वयं झुमरा पहुंचने और केंद्र को शीघ्र शुरू कराने का निर्देश दिया। साथ ही सप्ताह में कम से कम एक दिन गोमिया से डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। श्री किशोर ने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों के साथ झुमरा एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक की और योजनाओं की प्रगति का ब्योरा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि झुमरा ही नहीं, बल्कि गुमला, लोहरदगा, चाईबासा, पलामू और गढ़वा जैसे क्षेत्रों में भी गरीबों का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसी क्रम में पंचमो पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया गया। अधूरे पड़े जलमीनार को 10 दिनों के भीतर चालू कराने का निर्देश चीफ इंजीनियर को दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार राज्य के प्रत्येक गरीब, आदिवासी और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में झुमरा पहाड़ समेत अन्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़क और रोजगार से जुड़े अनेक विकास कार्य किए जाएंगे।

## निराश्रित बच्चों की सुरक्षा सामाजिक जिम्मेदारी : रवि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ओरमांझी ब्लॉक में साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के निराश्रित बच्चों के चिन्हितीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर, ओरमांझी बीडीओ, कामेश्वर बेदिया, बीडीओ, सीडीपीओ, मुखिया, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविकाएं, पीएलवी किरण कुमारी, आशीष बैठा, शिला तिग्गा, रामजित महतो, संतोष कुमार, दीपक गंझू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

द्वितीय कड़ी में ओरमांझी, नामकूम एवं अनगड़ा प्रखंड को शामिल कर ओरमांझी ब्लॉक में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में उपेक्षित, बेसहारा और निराश्रित बच्चों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है।

## यूनियन बैंक के नए शाखा प्रबंधक ने किया पदभार ग्रहण

**मुरी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुरी शाखा में नए शाखा प्रबंधक के रूप में विपुल कुमार ने अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सुविधा देना ही उनका मुख्य उद्देश्य है एवं वे अपने बैंक कर्मियों के साथ मिलकर ग्राहकों की सेवा करेंगे।वहीं उन्होंने कहा कि ग्राहकों को सेवा देना ही उनका मूल कर्तव्य है।

## जिप सदस्य ने मृतक के परिजन को की मदद



**चान्हो।** जिला परिषद सदस्य सह जनसेवी आशुतोष तिवारी सिसई गांव पहुंच कर मृतक के परिजन से मिलकर आर्थिक मदद की। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व दुलारी देवी की गंभीर बीमारी से मौत हो गई। उनके पति चरका लोहरा बीमार हैं और एक पुत्र रामु लोहार तीन वर्ष से दिव्यांग हो गया है। घर का खस्ता हाल है। कोई कमाने वाला नहीं है। मौत कि सुचना मिलते ही श्री तिवारी ने दशकर्म के लिए आर्थिक मदद किए। साथ ही भविष्य में हर संभव मदद करने की बात कही।

## रैयतों की जमीन को कब्जाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** स्थानीय रैयतों के अधिकार और भूमि हक को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने की। इधर खलारी दौरे पर आए स्थानीय विधायक सुरेशकुमार बैठा भी धरना में शामिल हुए। उन्होंने धरना को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि, खलारी क्षेत्र में बाहरी लोगों द्वारा सीसीएल नौकरी के लोभ में रैयतों की जमीन को फर्जी तरीके से कब्जाने का प्रयास हो रहा है, जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि मूल रैयतों के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित की जाए और उनके साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो। धरना स्थल पर प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए जुलूस के रूप में पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो अंचल कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। बिगनसिंह भोगता ने आरोप लगाया कि सीसीएल खदान क्षेत्र में बाहरी लोग फर्जी दस्तावेज़ बनाकर नौकरी की होड़ में लगे हैं, जिससे स्थानीय रैयतों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने कहा कि खलारी के रैयत अब चुप बैठने वाले नहीं हैं।

### राजधानी में सरेआम पुलिस पर हमला कई सवालों को दे रहा जन्म

# राज्य सत्ता पर हमला नहीं रोका गया तो राज्य के भविष्य पर पड़ेगा असर

**मनोज मिश्रा। रांची।** राजधानी की हृदयस्थली कही जाने वाली डोरंडा क्षेत्र के ट्रैफिक थाना प्रभारी प्रभात रंजन को एक कार ने टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं राजधानी के बाहर कटहल मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस की ऑटो चालकों ने पिटाई कर दी और मौके पर ट्रैफिक में तैनात होमगार्ड के जवान को ईंट से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। इस घटना ने रांची ही नहीं, झारखंड ही नहीं अपितु पूरे देश में सनसनी फैला दी है । पुलिस पर हमला होना कोई छोटी बात नहीं है इससे सभी के मन में सवाल उठ रहा है कि आखिर मामला इतना दूर तक आगे कैसे बढ़ा कि बेखौफ ऑटो चालकों ने पुलिसवालों पर हमला कर दिया। इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने घटना स्थल पर पहुंचकर सूत्रों से जानकारी इक्टठा की।



### आइए जानते हैं क्या है मामला

कटहल मोड़ राजधानी का द्वार है जहां से राजधानी में प्रवेश और निकास होता है। इस चौराहे पर पुलिस की तैनाती रहती है और सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। सूत्रों के अनुसार घटना वाले दिन सोमवार को ऑटो चालक ने चौराहे के सड़क पर ऑटो रोकी ओर पैसेंजर को बैठाने लगा। सड़क पर लगते जाम और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो ड्राइवर को गाड़ी आगे लगाने का आदेश दिया इसी पर ऑटो चालक ने प्रतिक्रिया दी और बात धक्के-मुक्के तक आ गई। स्थिति को अनियंत्रित देख होमगार्ड के जवान ने ट्रैफिक पुलिस की मदद को गया और ऑटो चालक को गाड़ी से उतारकर किनारे सड़क की ओर ले जाने लगा। इसी बीच ऑटो चालक ने बड़े भाई को पुलिस द्वारा ले जाते देख पुलिस पर हाथापाई शुरू कर दिया और बात लाठी डंडे से होते हुए ईंट तक पहुंच गई और ऑटो चालक ने होमगार्ड के जवान को पीछे से एक ईंट फेंककर मारा जिससे होमगार्ड का बेसुध होकर जमीन पर गिर गया। राजधानी में सरे आम पुलिस पर हमला कई सवालों को जन्म दे रहा है, राज्य सत्ता पर हमला नहीं रोका गया तो राज्य के भविष्य पर असर पड़गा और मामूली झगड़ा समझकर टालने की कोशिश की जाएगी तो बड़ी घटनाओं को बल मिलेगा।

### पैसा दो तो बैठाओ नहीं तो आगे बढ़ाओ

नाम नहीं छापने की सूरत में कुछ ऑटो चालकों ने दबे स्वर में बताया कि ट्रैफिक पुलिस का बर्ताव ऑटो चालकों से हमेशा से घृणा का रहा है। परमिट दिखाने कहते हैं परमिट न दिखाने पर मोटे फाइन की धमकी देते हैं और पैसे की मांग करते है। उस दिन भी ऐसा ही हुआ होगा यह जरूरी नहीं लेकिन इस तरह की घटना का राजधानी में चलन है जो रोज-रोज बढ़ता जा रहा है। उनलोगों ने यह भी कहा कि चाहे जो भी हो लेकिन कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए था और पुलिस पर हमला नहीं करना चाहिए था।

### घटना जांच का विषय : नवीन जयसवाल




हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि घटना जांच का विषय है दोनों पक्ष को सुनना होगा। कभी-कभी घटना क्यों घटी इसके उद्भेदन के बाद ही कोई प्रतिक्रिया दिया जा सकता है।

### निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर कारवाई हो: दिनेश सोनी



झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंध के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि घटना के समय पुलिस ने डंडे का प्रयोग किया जिससे डरकर उस लड़के ने पत्थर उठा लिया होगा लेकिन उसे हमला नहीं करना चाहिए था। जान बचाने के लिए हमला करना ठीक है लेकिन वर्दी वाले पर हमला नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रैफिक वाले ड्यूटी कम करते हैं ओर चालान काटने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। एक-एक ऑटो चालक ऐसे भी है जिन्होंने परमिट नहीं होने के कारण दो से तीन लाख तक का जुर्माना दिया है। उन्हें डर लगता है कि सौ-पचास कमाएंगे नहीं कि हजारों का जुर्माना देना होगा। इसलिए मांग करतहैं कि निष्पक्ष जांच हो और जो भी दोषी हों उनपर कारवाई हो।

### पुलिस ही नहीं तो व्यवसाई कहां से रहेगें सुरक्षित :आदित्य मल्होत्रा



चैंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि राज्य में भय का वातावरण है। चैंबर की राज्य सरकार से लगतार अपील है कि राज्य में सुरक्षा बढ़ाए। मुख्यमंत्री के विदेश दौरे से पूंजी निवेश होगा लेकिन तब जब राज्य में लॉ एण्ड ऑडर सही ढंग से लागू हो और सभी सुरक्षित महसूस करे। अभी पुलिस ही नहीं सुरक्षित है तो व्यवसाई कहां से सुरक्षित रहेगें।

### निवेश करने वाले सुरक्षा के अभाव में अपने पैर वापस खींच लेंगे: अरविंद लाल



झारखंड हाईकोर्ट के एडवोकेट अरविन्द कुमार लाल ने कहा कि पुलिस पर हमला राज्य सरकार पर हमला है । सरकार को चाहिए कि कड़ी कारवाई करे और शहर में चल रहे गुंडागर्दी पर रोक लगाए। जब राज्य में पुलिस ही नहीं सुरक्षित है तो आम जनता की सुरक्षा क्या होगी। आज सोशल मीडिया का जमाना है एक खबर पूरे विश्व तक पहुंचती है झारखंड की ऐसी खबरें विश्व पटल पर जाने से निवेश पर प्रभाव पड़ेगा। चाहे कितनी भी हवाई यात्रा हो सरकार विदेशों का दौरा कर ले लेकिन सुरक्षा न दे तो निवेश करने वाले अपने कदम पीछे खींच लेंगे।

### घायल होमगार्ड जवान को आर्थिक मदद देने का आभार : राजीव



झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने घायल होमगार्ड जवान को विभाग द्वारा आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए धन्यवाद दिया है ओर कहा है कि प्रशासन दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे।

## रांची पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल 23 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल करते हुए कुल 23 पुलिस पदाधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। यह निर्णय संबंधित अधिकारियों के अनुरोध पर विचार करते हुए और प्रशासनिक आवश्यकता के तहत लिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार पुअनि अनुप कुमार को अपराध प्रवाचक नगर, सत्यम कुमार अरगोड़ा थाना, बिरजू प्रसाद मैक्लुस्कीगंज थाना, पवन कुमार यादव डोरंडा थाना, डेगन कुमार मैक्लुस्कीगंज थाना, रामेश्वर वर्मा बीआईटी मेसरा थाना, संतोष कुमार शर्मा यातायात, नरेश प्रसाद यादव रातु थाना, बसंत राम पुलिस केंद्र, रांची, सअनि जितेंद्र कुमार संह यातायात, मदन लाल पुलिस केंद्र रांची, रघुनंदन मंडल मुरी ओपी, कुलदीप सिंह राहे थाना, दीनबंधु दूबे पिठोरिया थाना, रमेश कुमार पिठोरिया थाना, जयप्रकाश कुमार नामकुम थाना, मंटु सिंह बीआईटी मेसरा थाना, सच्चिदानंद दूबे पुलिस केंद्र रांची, संजीव सिंह कुन्तिया हिन्दपीढ़ी थाना, दिलीप हेंब्रम सिटी पेट्रोलिंग सीसीआर, विभा कुमारी सुखदेव नगर थाना, सतीश कुमार,तुपुदाना ओपी व धन्नजय कुमार अपराध प्रवाचक ग्रामीण में पदस्थापित किया गया है।

### राहे प्रीमियम लीग का हुआ समापन

## विजेता व उपविजेता टीम को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**राहे।** दस दिनों तक चले "आरपीएल (राहे प्रीमियर लीग)" क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन के उपरांत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जेएससीए स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों से मुलाकात की एवं उन्हें सम्मानित किया।ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस प्रकार के सकारात्मक आयोजनों से न केवल क्षेत्रीय युवाओं को खेल की ओर प्रेरणा मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने का मार्गदर्शन मिलेगा। यह आयोजन भविष्य में और भी बेहतर नेतृत्व, समन्वय एवं योजनाबद्ध संचालन के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।इस वर्ष की विजेता टीम 'चैलेंजर टीम' एवं उपविजेता टीम 'रियल टाईगर' के कप्तानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, दोनों टीमों के प्रायोजकों को भी बधाई एवं सम्मान प्रदान किया गया।

## 17 को सीसीएल कार्यालय का घेराव करेगा आरसीएमएस

**खलारी।** राष्ट्रीय कोलियरी मज़दूर संघ (इंटक) से सम्बद्ध आरसीएमएस (इंटक) ने मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड पर श्रमिक हितों की चार सूत्री मांगों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए 17 जून को सीसीएल एनके एरिया कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है। इस संबंध में मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में भूतनगर डकरा में एक बैठक आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल 2025 को सीसीएल एनके एरिया कार्यालय में एक त्रिपक्षीय बैठक हुई थी, जिसमें सीसीएल प्रबंधन, मधुकान कंपनी के प्रतिनिधि और आरसीएमएस का प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ था। इस बैठक में मधुकान कंपनी ने जून 2025 तक चार सूत्री मांगों को लागू करने का आश्वासन दिया था, परंतु अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे श्रमिकों में गहरा असंतोष व्याप्त है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग शिविर का आयोजन

**बुढ़मू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में दिव्यांग शिविर का आयोजन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तारिक अनवर के नेतृत्व में किया। इस शिविर में रांची सदर से जांच टीम डॉ. एबीके बाखला, डॉ वीणा कुमारी, डॉ अनुज टोप्पो, प्रातीस प्रणय, डॉ लोकेश अभिमन्यु, रंजीत कुमार, हुमायरा , अशोक कुमार एवं पीरामल फाउंडेशन के राहुल रंजन ,संजय कुमार महतो, विजय लक्ष्मी सहित कई डॉक्टर उपस्थित होकर बीमारियों का जांच किया। शिविर में डॉक्टरों ने बताया कि कुल 294 मरीज का जांच किया गया, जिसमें हड्डी रोग 195 , मानसिक रोग 40, आंख रोग 32, कान, नाक, गला 27 जांच किया गया। शिविर को सफल बनाने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के एम .एके मंडल, अबुल कलाम आजाद, विक्रम, अजीत कुमार, हीरालाल राजवार, सहित स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के डॉक्टरों का सराहनीय योगदान रहा।

## हरिनाम संकीर्तन के जागरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सिल्ली।** सिल्ली हाट बागान स्थित हरि मंदिर में नौवें दिन मंगलवार को जागरण का समापन हुआ। पिछले बुधवार से शुरू इस संकीर्तन में पश्चिम बंगाल, झारखंड से प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियों सोड़ो, पुरूलिया महिला मंडली, सारम्बो महिला मंडली, तोड़ांग, पुतीडीह, तुरदाग, चौड़ा कीर्तन मंडलियों द्वारा कीर्तन की प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसको लेकर पूरी व्यवस्था की गई। वहीं देर संध्या जागरण का भी आयोजन किया गया। जागरण में आए हुए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांधा। एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया जिस पर उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक झूमते और जयकारा लगाते रहे।

# हजारीबाग शांतिप्रिय जिला है, कानून का राज और अपराध नियंत्रण हमारी प्राथमिकता है : प्रदीप प्रसाद



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा से हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को हजारीबाग परिसदन सभागार में जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधायक ने उन्हें जिले की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग एक शांतिप्रिय और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण जिला है, जहां के नागरिकों की अपेक्षा है की कानून का राज पूरी सख्ती और निष्पक्षता के साथ लागू हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री अंजन के कुशल नेतृत्व में पुलिस प्रशासन अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा और न्यायपूर्ण व्यवस्था की दिशा में ठोस पहल करेगा। भेंट के दौरान विधायक ने जिले में कानून-व्यवस्था की समग्र स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से ट्रैफिक व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध की बढ़ती घटनाएं और युवाओं के सामाजिक भटकाव जैसे ज्वलंत विषयों पर ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाना समय की मांग है और इसके लिए पुलिस प्रशासन को संवेदनशील और सजग रहना होगा। वहीं, युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति और बेरोजगारी के कारण असामाजिक गतिविधियों की ओर उनका झुकाव भी चिंता का बड़ा विषय बना हुआ है, जिस पर सभी संबंधित विभागों और समाज के सहयोग से प्रभावी रोकथाम आवश्यक है। विधायक ने साइबर अपराध को लेकर एक सशक्त तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया और सुझाव दिया कि जनजागरूकता के साथ-साथ तकनीकी दक्षता बढ़ाकर इन अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ। विधायक श्री प्रसाद ने अपने स्तर से हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि जनता के विश्वास और अपेक्षाओं को केंद्र में रखकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना चाहिए।

# हाथियों के झुंड ने मजदूर का घर को तोड़ अनाज को किया चट

● घर में रखे सामान को किया तहस-नहस

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत ग्राम जवार पहाड़पुर, कुशन में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों ने मजदूर का आशियाना छीना, साथ ही घरों के अनाज को चट कर गया। विदित हो कि सोमवार रात्रि अर्जुन बेसरा पिता रति बेसरा का कच्चा मकान ध्वस्त कर दिया।

वहीं घर में रखे बर्तन को नष्ट करते हुए अनाज को चट लिया। घटना की सूचना मिलते ही जकात माझी परगना महाल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा और सचिव मनोज मुर्मू पहुंचकर पीड़ित परिवार के घर का जायजा लिया। राम जी बेसरा ने कहा कि अर्जुन बेसरा एक गरीब परिवार है जो बाहर में रहकर मजदूरी का कार्य करते हैं। इनके घर को हाथियों के द्वारा तोड़ दिया गया।उन्होंने प्रशासन से मुआवजा तथा आवास की मांग की है। वही सचिव मनोज मुर्मू ने कहा कि जवार पहाड़पुर, कुशन में हाथियों के द्वारा हमेशा उत्पात मचाया जाता है।कहा जवार पहाड़पुर, कुशन के ग्रामीणों को पानी की विकट समस्या है। हाथियों के डर से ग्रामीण पानी लाने में डरे सहमे हुए हैं। वही रात जगा कर रहे हैं ताकि कोई नुकसान नहीं हो।

## लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जागरूकता रथ

# अभियान को लेकर उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों की दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग।** राज्य सरकार द्वारा दिनांक 10 जून 2025 से 26 जून 2025 तक प्रस्तावित राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिला के सभी पदाधिकारियों सहित अन्य कर्मियों को नशामुक्त भारत बनाने हेतु शपथ दिलाई। तत्पश्चात उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर तीन जागरूकता रथ को रवाना किया। ये तीनों रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि नशा न केवल शरीर को बल्कि व्यक्ति के सपनों और उसके भविष्य को भी नष्ट कर देता है। नशे से ग्रसित बच्चों एवं नागरिकों में कई मानसिक और शारीरिक लक्षण देखने को मिलते हैं। इसे रोकने हेतु जिला प्रशासन सतत् प्रयासरत है। उपायुक्त ने वेबिनार के माध्यम से जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों को अपने स्तर से नशे के विरुद्ध आवश्यक ठोस कदम उठाने हेतु निर्देशित किया है।

### डीसी ने जिलेवासियों के नाम दिया संदेश

मेरे प्यारे हज़ारीबाग के नागरिकों, आप सभी से नशामुक्ति के इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग और सहभागिता की अपील करता हूं । नशा एक ऐसी बुराई है जो न केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला कर देती है, बल्कि यह परिवार और समाज को भी अंदर से तोड़ देती है। नशा मुक्ति केवल एक सरकारी अभियान नहीं है, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आइए, हम सब मिलकर इस नशे के खिलाफ एक मजबूत दीवार खड़ी करें। अपने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करें, अपने आस-पड़ोस में किसी को नशे की गिरफ्त में देखें तो उसे सही रास्ता दिखाने में मदद करें। युवा शक्ति हमारे देश का भविष्य है और उन्हें नशे से दूर रखना हमारी प्राथमिकता है। नशे से बर्बाद होते जीवन और घरों को बचाना ही हमारा लक्ष्य है। मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर हज़ारीबाग को एक नशामुक्त और स्वस्थ समाज बनाने में सफल होंगे। आइए, एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहाँ हर व्यक्ति स्वस्थ, खुशहाल और आत्मनिर्भर हो।



## नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता एलईडी वाहनों किया गया रवाना

**रामगढ़।** गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार 10 जून 2025 से 26 जून 2025 तक की अवधि को पूरे राज्य में नशा मुक्ति अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के पहले दिन मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा जिला समाहरणालय परिसर से दो जागरूकता एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर से जागरूकता वाहनों के रोस्टर आदि की जानकारी ली, सार्वजनिक क्षेत्रों आदि में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। जागरूकता एलईडी वाहनों के द्वारा ऑडियो विजुअल के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए नशा मुक्ति से संबंधित कंटेंट का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

## भोक्ताओं ने दहकते आंगरों पर चलकर दी शिवभक्ति की परीक्षा

# मंडा पूजा हमारी वर्षो पुरानी परपंरा : मनोज



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** कोठार में श्री श्री शिव मंडा पूजा समिति द्वारा धूमधाम से मंडा पर्व मना। वही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । मौके पर भोक्ताओं नंगे पाँव दहकते आंगरों पर चलकर अपनी शिवभक्ति का परिचय दिया । मौके पर पंडित चटिया और शिव भक्तों ने लोटन सेवा की।

मंडा पूजा का उदघाटन बतौर अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने विधिवत रूप से किया । उन्होंने कहा की मंडा पूजा हमारे पूर्वज हजारों वर्ष पूर्व से मनाते आ रहे हैं । कहा की यह हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है जिसे सहेजकर रखने की जरूरत है । कहा की मंडा पूजा में बहुत से लोगों शामिल होते हैं जिससे उनके बीच भाईचारे की भावना का विकास होता है । साथ ही इसमें धार्मिक कथाओं पर आधारित छऊ नृत्य का आयोजन होता है जिसे लोग काफी पसंद करते हैं । मौके पर बलरामपुर पुरूलिया एवं नुतनडी पुरुलिया की छऊ नृत्य टीम द्वारा धार्मिक कथाओं पर आधारित एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किया गया जिसकी उपस्थित लोगों से जमकर सराहना की । कार्यक्रम के उपरांत अतिथि मनोज कुमार महतो ने दोनों छऊ नृत्य टीम के सदस्यों को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया । मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव नारायण महतो, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, मिथिलेश विश्वकर्मा, सुखदेव महतो, द्वारिका पाहन, विनोद पाहन, सुरेंद्र राम, प्रभात मुंडा, सोहन चौधरी, कमलेश बेदिया, धीरज ठाकुर, राजन बेदिया, मुंशी महतो, प्रदीप कुमा सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# सांसद प्रतिनिधि ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा आवेदन



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवितेश सिंह एवं भाजपा युवा नेता सलिल मोहन सिन्हा ने मंगलवार को पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी से मनोज कुमार गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा ने भुरकुंडा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए बीडीओ को एक लिखित आवेदन सौंपा। उन्होंने क्षेत्र में सड़कों की जर्जर स्थिति, जलनिकासी की समस्या, साफ-सफाई की व्यवस्था, सामुदायिक भवनों की मरम्मत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने की मांग की। साथ ही भुरकुंडा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी अंतगत सांडी स्थित प्रेम लाइन होटल के निकट पुराना एनएच 33 सड़क पर ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए कुजू पुलिस द्वारा रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया । जहां पर चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि कोयला लोड ट्रक संख्या जेएच02बीएन-6237 रामगढ़ से कुजू की ओर आ रहा था। इसी बीच पल्सर बाइक संख्या जेएच24जी-7361 को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद ट्रक के चालक व उपचालक फरार हो गया। समाचार भेजे जाने तक घायल का पहचान नहीं हो सकी थी।

## नशा जीवन का कोढ़ है, जो जन धन और मन को बनाता है खोखला : डॉ ज्ञानी



**बरही।** 6 जून से 26 जून तक जिला में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाना है। इसी अभियान के तहत अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की अगुवाई उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश ज्ञानी ने स्वयं किया. जिसमें अस्पताल की कई चिकित्सक, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी और सहिया शामिल हुए। रैली अस्पताल परिसर से निकालकर धनबाद रोड का भ्रमण करते हुए लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने का काम किया। डॉ ज्ञानी ने लोगों से नशा त्यागने की अपील किया। उन्होंने कहा कि जो भी लोग नशे के शिकार हुए है उनका घर परिवार उजड़ा है। जन मन और धन से कमजोर हुए है। नशा पान करने वाले जितनी जल्द हो इसका उपयोग करना छोड़े और अपने जीवन सहित घर परिवार को सुरक्षित करें। रैली में डॉ एजाज हुसैन, बीपीएम नारायण राम, एमपी डबल्यू संतोष कुमार, रीमा पांडेय, नगीना, सैया साथी निशि कुमारी, सहिया शाहजहां प्रवीण, महेश साव आदि सहित कई लोग शामिल थे।

## गुरुकुल शिशु विद्या मंदिर प्रबंधन ने गरीब बच्ची को निःशुल्क पढ़ाने का उठाया बीड़ा

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर स्थित गुरुकुल शिशु विद्या मंदिर प्रबंधन ने एक गरीब बच्ची को निःशुल्क पढ़ाने का बीड़ा उठाया है। गोरहर के ग्राम भैयाडीह मोड़ निवासी सरिता देवी पति संजय सिंह ने अपनी ननद व उसके बच्चों का भरण-पोषण की जिम्मेदारी लिया है। जानकारी हो कि उनकी ननद कुंती देवी के पति का लगभग आठ माह पहले निधन हो गया था। जबकि कुंती देवी का दिमागी संतुलन ठीक नहीं है। जिसके कारण उसके ससुराल बरेली उत्तर प्रदेश के रहने वाले लोगों ने कुंती देवी, पुत्री दर्पण कुमारी एवं उसके दो छोटे-छोटे भाई बहन को अपने घर से निकाल दिया था। जिसके बाद से कुंती देवी गोरहर में अपनी ननद के घर पर रह रही है। मंगलवार को मामी सरिता देवी गोरहर स्थित गुरुकुल शिशु विद्या मंदिर में दर्पण कुमारी का नामांकन कराने पहुंची थीं। स्कूल के निदेशक कार्तिक करण देव ने बच्ची की व्यथा सुनने पर उसे निः शुल्क पढ़ाने का निर्णय लिया। निदेशक कार्तिक करण देव ने बच्ची को निः शुल्क पढ़ाने का जिम्मा लेकर एक मिशाल पेश किया है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विशेषज्ञों की टीम ने विभिन्न पंचायतों का किया दौरा



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा ,बरही से विशेषज्ञों की टीम ने प्रखंड बरकट्ठा के बरकट्ठा उतरी,सलैया,गयपहाड़ी पंचायत का दौरा किया ।

टीम के विशेषज्ञ डॉक्टर नरेन्द्र सिंह ,डॉ सौगता भट्टाचार्या ,टेक्निकल विशेषज्ञ धर्मेन्द्र कुमार यादव, बरकट्ठा के बीटीएम प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चिन्ता हरण पाठक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, कृषक मित्र भीम महतो, हीरालाल प्रसाद, तुलसी प्रसाद और किसानों के बीच कृषि से संबंधित संवाद का आयोजन किया गया । इसके साथ ही किसानों के हित में चलाई जाने वाली योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री कुसुम योजना, मुख्यमंत्री किसान समृद्धि योजना की जानकारी दी गई। इस शिविर के माध्यम से किसानों को वर्तमान एवं भविष्य में लाभ कैसे मिले इसकी जानकारी दी गई। वहीं उपस्थित कृषकों ने भी अपने विचारों को रखा ।

## मासिक बैठक में पेंशनरों ने राष्ट्रीय अधिवेशन के निर्णय पर किया मंथन

# अखिल भारतीय पेशनर्स फेडरेशन द्वारा जारी फॉर्म को 18 जून तक भरने का हुआ निर्णय : अध्यक्ष

● भरे गए रिपोर्ट को उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री तक पुनर्विचार के लिए भेजा जाएगा

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** पूर्वी पंचायत भवन में झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही की मासिक बैठक अध्यक्ष राजेंद्र रुखरियार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन तोखन प्रजापति ने किया। अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से बीते 29 मई को बेंगलुरु में संपन्न हुए राष्ट्रीय बैठक के निर्णयों पर मंथन किया गया। जिससे यह बाते स्पष्ट हुई कि केंद्र ने केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियम व भारत के संचित निधि पेंशन नियम को सदन में पेश कर पेंशन धारियों को दो वर्ग में बांटने का काम किया है। इससे पूर्व और वर्तमान पेशनरों ने विभेद की स्थिति पैदा हो गई है। जो उच्चतम न्यायालय के निर्णय का उल्लंघन है। पेशनरों के सातवें वेतन आयोग द्वारा प्रदत्त समानता भी समाप्त होने की भी संभावना है। केंद्र के इस निर्णय से पेंशनधारियों में क्षोभ है। अखिल भारतीय राज पेंशन फेडरेशन दिल्ली ने केंद्र के इस निर्णय के पुनर्विचार के लिए प्रधानमंत्री को देश के पेंशनरों का विचार भेजने के उद्देश्य से एक निर्धारित फॉर्मेट जारी किया है। जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने 18 जून तक 200 रुपए संघर्ष शुल्क के साथ अंतिम रूप से भरने का निर्णय लिया है। भरे गए रिपोर्ट को उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री तक पुनर्विचार के लिए भेजा जाएगा। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। बैठक में उपेंद्र प्रसाद, राधानाथ भगत, बजरंग शर्मा, अखिलेश्वर सिंह, त्रिपुरारी पांडे, श्रीकांत पांडे, देवधारी प्रजापति, छात्रधारी ठाकुर, सुशील कुमार गुप्ता, सुरेश रजक आदि कई पेशनर्स मौजूद थे।

## आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



**बरकट्ठा।** आदिवासी समाज के उत्थान लिए कार्य कर रही संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सुदूरवर्ती इलाकों में बसे आदिवासी समाज जो अभी शिक्षा से वंचित और कोसों दूर हैं , वैसे वंचित समाज के लोगों को शिक्षा से जोड़ने और उन स्थानों पर शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की याचनाएं की । वहीं समस्या से अवगत होकर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने शिक्षा को सुदृढ़ बनाने को लेकर आवश्यक पहल करनी की बात कही।

## आरपीएफ ने महिला और दिव्यांग बोगी में चलाया चेकिंग अभियान,6 गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, जपला के अधिकारियों और जवानों ने मंगलवार को ट्रेन के महिला बोगी, दिव्यांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को अग्रिम कारवाई हेतु रेल न्यायालय मेदिनीनगर अग्रसारित किया गया। आरपीएफ जपला पोस्ट के निरीक्षक प्रभारी ने बताया कि ट्रेन यात्रियों की सुविधाओं को सुरक्षित रखने और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जपला आरपीएफ के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है।उन्होंने कहा कि इससे महिला रेल यात्रियों की ना सिर्फ सुरक्षा बढ़ेगी,बल्कि ट्रेनों में महिला अपराध पर भी नियंत्रण पाया जा सकेगा।साथ ही दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधा सहजता से उपलब्ध कराई जा सकेगी।उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत ट्रेन के महिला बोगी, दिव्यांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।जबकि ट्रेन में अनाधिकृत रूप से सामान बेच रहे दो भेंड़र को भी गिरफ्तार किया गया है।इस अभियान में आरपीएफ के एसआई कार्तिक बिंझा,जेपी प्रसाद समेत कई जवान शामिल थे।

## शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**रामगढ़।** शहर के श्री कृष्ण विद्या मंदिर में मंगलवार को सीबीएसई की देखरेख में शिक्षक प्रशिक्षण एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका का विषय विज्ञान से संबंधित था। विभिन्न विद्यालयों के कुल 46 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन सुरेंद्रनाथ सेनेटरी स्कूल रांची की अर्चना अग्रवाल एवं डी ए भी , बरकाकाना की प्राची झा थी। विद्यालय के प्रशासक सह वेन्यू डायरेक्टर एस पी सिन्हा एवं विद्यालय प्राचार्य एम कृष्णा चंद्रा ने दोनों अतिथियों सह रिसोर्स पर्सन का स्वागत बुके देकर किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय की छात्राओं के एक समूह के द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति की गई। सभी उपस्थित शिक्षकों ने विज्ञान आधारित एलीमेंट्री क्लासेस विषय पर पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया। शाम 4:30 बजे कार्यशाला का समापन विद्यालय प्राचार्य के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ । विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ( अधिवक्ता ) ने विद्यालय परिसर में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण के इस कार्यशाला के सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया तथा विद्यालय प्राचार्य को इसके लिए बधाई दी। भविष्य में ऐसे शिक्षाप्रद कार्यशाला के अन्य आयोजनों पर जोर देते हुए अध्यक्ष ने विद्यालय के शिक्षक दृ शिक्षिकाओं को ऐसे प्रशिक्षण का लाभ उनके मार्गदर्शन में अध्ययनरत बच्चों को देकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का संदेश दिया।

**अपराध गोष्ठी** एसपी ने किया अपराध गोष्ठी का आयोजन

# लंबित मामलों के त्वरित समाधान का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** एसपी रामगढ़ अजय कुमार ने 10 जून को एसपी ऑफिस में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में एसपी ने मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि) की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी/पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, संवेदनशील कांडों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों का सत्यापन कर निगरानी रखने / प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देश दिया । साथ ही जन शिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पी०जी० पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों का 02 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अन्तर्गत -1 जव 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स-समय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआईएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई साक्ष्य ऐप का उपयोग, यातायाता नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता अभियान चलाकर आमजनता को जागरूक करने के लिए निर्देश दिया गया।

### बेहतर कार्य करने वाले हुए सम्मानित

अपराध गोष्ठी के उपरांत महानिदेशालय केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पुलिस आन्तरिक सुरक्षा सेवा पदक-2022 से सम्मानित किये गये पुअनि दिगम्बर पांडेय को मेडल प्रदान कर अलंकृत किया गया । 03 या 03 से अधिक विशेष/अविशेष लंबित काण्डों के निष्पादन, समकालीन अभियान के दौरान वारंटियों का निष्पादन, संगठित अपराधिक गिरोह के राहुल दूबे गैंग के 04 सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने के मामलों में कुल 31 पुलिस पदाधिकारी-कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सिमडेगा में पर्यटन एवं खेल विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# उपायुक्त ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर दिया जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में पर्यटन एवं खेल विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिले में चल रहे प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिले में स्टेडियम निर्माण का कार्य दो एजेंसियों - भवन प्रमंडल एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा कराया जा रहा है।उपायुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि स्टेडियम निर्माण में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अंग्रेजों द्वारा 100 साल पूर्व बनाए गए ढांचे आज भी मजबूती से खड़े हैं, जबकि वर्तमान में बने निर्माण कार्य कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा खेलों के क्षेत्र में एक प्रमुख पहचान रखता है, अतः यहां के बच्चों को बेहतर खेल सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।उपायुक्त ने जिले में पर्यटन विकास के तहत चल रहे कार्यों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने कोलेबिरा स्थित मजार शरीफ पर्यटन स्थल एवं शंख नदी पर्यटन स्थल का कार्य प्रगति की जानकारी ली। साथ ही शंख नदी छठ घाट में चेंजिंग रूम निर्माण पर भी विचार किया। उन्होंने पर्यटन स्थलों की श्रेणीकरण प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली और पूछा कि A, B, C, D श्रेणी में इन्हें किस आधार पर रखा जाता है। उन्होंने जिले के सभी अधिसूचित पर्यटन स्थलों की अद्यतन स्थिति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने खेलो इंडिया सेंटर, डेबोर्डिंग सेंटर और आवासीय सेंटर में संचालित हॉकी बालक एवं बालिका कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने इन केंद्रों में खिलाड़ियों की नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त की तथा समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।अंत में उपायुक्त ने सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब की प्रगति की भी जानकारी ली और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, जेएसएलपीएस एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निबंधन प्रक्रिया में तेजी लाने पर बल दिया ताकि निबंधित समितियों को सरकारी लाभ समय से उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**सिमडेगा।** राज्य सरकार द्वारा 10 जून 2025 से 26 जून 2025 तक निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सिमडेगा समाहरणालय परिसर से उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक मो. अर्शी, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी एवं जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह जागरूकता रथ एवं एल ई डी वैन जिले के विभिन्न क्षेत्रों, पंचायतों, हाट-बाजारों में जाकर चलंत ऑडियो, वीडियो, जिंगल्स एवं अन्य माध्यमों से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम में उपायुक्त ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मादक पदार्थों का सेवन युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है। यह उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध जन-जागरूकता और जन-सहभागिता आवश्यक है।उन्होंने निर्देश दिया कि जागरूकता रथ निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार सभी पंचायतों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों तक पहुंचे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा सके। मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों को नशा न करने और नशा मुक्त भारत निर्माण की शपथ भी दिलाई।अभियान के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा दो जागरूकता रथ, जिला जन-संपर्क कार्यालय द्वारा चार एलईडी वैन तथा आठ नुक्कड़ नाटक टीमों को रवाना किया गया। ये टीमें जिले के सुदूरवर्ती प्रखंडों में जाकर मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के विरुद्ध लोगों को जागरूक करेंगी। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर, पोस्टर एवं तख्तियां लेकर "नशा मुक्त सिमडेगा" का नारा लगाते हुए जनसमूह को संदेश दिया।यह अभियान 26 जून 2025 तक लगातार पंचायत, गांव, कस्बा एवं प्रखंड स्तर पर संचालित किया जाएगा। अभियान में विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने-अपने स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जेएसएलपीएस की सखी मंडलों की भी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, स्वयंसेवी संगठन, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की भी सहभागिता अनिवार्य रहेगी।




## जलछाजन कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें : डीसी

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में वॉटर शेड परियोजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वॉटर शेड के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की जानकारी ली गई। जिला तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि वॉटर शेड योजना के अंतर्गत कोलेबिरा एवं बोलबा प्रखंड के कादोपानी पंचायत में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जलछाजन के तहत निर्मित मॉडल का भी अवलोकन किया और इसके प्रभाव का मूल्यांकन किया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जलछाजन कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि इन परियोजनाओं से जल संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था और कृषि उत्पादकता में सुधार होगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु अपने सुझाव भी साझा किए। अंत में उपायुक्त श्रीमती सिंह ने कादोपानी पंचायत का स्वयं भ्रमण कर कार्यों का स्थल निरीक्षण करने की बात कही, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यों की प्रगति का आकलन किया जा सके।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला तकनीकी विशेषज्ञ सुभाष कुमार, जेजेवाई के निरंजन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### डुमरिया में ग्राम सभा का आयोजन, विधायक बोले-

## कार्यकर्ता ही मेरी पूंजी, जनसेवा मेरा कर्तव्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत डुमरिया में मंगलवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़े और स्वागत गीतों के साथ विधायक एवं अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।ग्राम सभा में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं लिखित आवेदन के माध्यम से विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "बानो की जनता ने मुझे जो समर्थन दिया, उसके लिए मैं आभारी हूं। कार्यकर्ता ही मेरी पूंजी हैं और जनता की सेवा मेरा कर्तव्य है। क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु लगातार प्रयास जारी है।विधायक ने घोषणा की कि हुर्दा स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र ही एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी। गंभीर बीमार लोगों के इलाज के लिए उन्हें बड़े अस्पतालों में भेजा जाएगा। विकास कार्यों को विधायक निधि और अन्य माध्यमों से आगे बढ़ाया जाएगा।कार्यक्रम में निजी सचिव अरमान तोपनो, डुमरिया मुखिया लुथर भुइंया, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, आलोक बारला, सचिव अमित बडिंग सहित कई पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## तोरपा विधायक पहुंचे डुमरिया पंचायत के मारिकेल गांव, ग्रामीणों की सुनी समस्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया डुमरिया पंचायत के मारिकेल गांव पहुंचे।ग्रामीणों से मिलकर गांव की समस्याओं के बारे में जानकारी लिया। पिछले दिनों मारीकेल गांव से सड़क के अभाव में गर्भवती महिला को 3 किलोमीटर खाट पे लादकर मुख्य सड़क तक लाने की खबर अखबारों में प्रकाशित की गई थी।इस संबंध में भी विधायक ने जानकारी लिया और मुख्य सड़क से मारिकेल बाड़ीदीरी गांव तक सड़क की स्थिति से अवगत हुए,सड़क की स्थिति देखा।जर्जर सड़क की स्थिति को देखते हुए विधायक ने इस पर पहल करने की बात की तथा गांव में बुनियादी सुविधाओं को जल्द उपलब्ध कराने की बात की।इसके बाद विधायक ने डुमरिया मुख्य पथ से मारिकेल खास तक पक्की सड़क का भी निरीक्षण किया।जर्जर पक्की सड़क देखकर विधायक ने नाराजगी जाहिर किया।मालूम हो कि डुमरिया मुख्य पथ से मारिकेल खास तक कालीकरण किया गया था। कालीकरण के कुछ महीने के बाद ही सड़क की स्थिति जर्जर हो गई जिस पर लोगों को आने-जाने में भी काफी असुविधा होती है।विधायक ने इस संबंध में कहा कि सड़क मरम्मत कार्य काफी अनियमित बरता गया है जिससे 1 वर्ष के अंतराल में ही सड़क का पीच उखड़ने लगा है।उन्होंने आगे कहा कि संबंध में पक्की करण मरम्मत कार्य का जांच कराया जाएगा।मारिकेल गांव के ग्रामीणों ने गांव के विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।पेयजल बिजली सड़क की स्थिति समस्या दूर करने का मांग किया।इस पर ग्रामीणों को विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का निदान आवश्यक रूप से होगा।इसके बाद विधायक ने साहूबेड़ा मुखिया सुसाना जड़िया एवं झामुमो साहूबेडा पंचायत सचिव कामिल डांग के घर के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।विधायक का स्वागत युवा संघ एवं महिला समूह के द्वारा किया गया। यहां पर भी विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना और निदान का आश्वासन दिया। इस दौरान गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए।



## मारवाड़ी युवा मंच की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन 42 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मारवाड़ी युवा मंच, सिमडेगा ग्रेटर शाखा एवं सिमडेगा उड़ान शाखा के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम रक्तदान महोत्सव सह रक्तदाता सम्मान पखवाड़ा के तहत आज दिनांक 10 जून 2025 दिन मंगलवार को रक्तदान सह जागरूकता शिविर का आयोजन आनंद भवन में किया गया।इस रक्तदान शिविर में कुल 42 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिनमें से 14 ने पहली बार रक्तदान किया एवं 11 महिलाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। पहली बार रक्तदान करने वालों को विशेष उपहार से सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन, सिमडेगा एवं मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान को उड़ान शाखा के सदस्यों के द्वारा पुष्प दे कर एवं रक्तदान संयोजक अभिजीत मित्तल के द्वारा अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। सिविल सर्जन ने रक्तदान की महत्वता से उपस्थित सभी को अवगत कराया। रक्त अधिकोष, सदर अस्पताल सिमडेगा के कर्मियों को उड़ान शाखा के सदस्यों के द्वारा पुष्प दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच, सिमडेगा ग्रेटर शाखा एवं उड़ान शाखा के सौरभ बंसल, दीपक मित्तल, डॉ. रीतेश अग्रवाल, गुलाब चंद्र जैन, अंकित अग्रवाल, सौरभ शर्मा, अभिजीत मित्तल, सदर अस्पताल सिमडेगा के कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।




## मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड में मंगलवार से मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध एक व्यापक जागरूकता अभियान की प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । यह प्रशिक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो, थाना प्रभारी बानो, डालसा के अधिकारी, जेएसएलपीएस बी पी एम के उपस्थिति में दिया गया। कार्यक्रम का शुरुआत करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी के द्वारा बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर युवाओं को नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाना एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। वहीं थाना प्रभारी सोनू कुमार के द्वारा बताया गया कि नशा कई सारे सामाजिक समस्याओं का कारण है जिसमें मानव तस्करी घरेलू हिंसा एवं विभिन्न अपराधों का प्रमुख कारण है। और नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया।




### जागरूकता रैली — सिमडेगा में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत

# सिविल सर्जन ने दिखाई रैली को हरी झंडी

- हर व्यक्ति स्वयं भी नशा छोड़ने का संकल्प ले और दूसरों को भी प्रेरित करे

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत मंगलवार को सिमडेगा सदर अस्पताल परिसर से की गई। यह अभियान 26 जून तक लगातार चलाया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली की शुरुआत से पूर्व सिविल सर्जन डॉ. पासवान ने मौजूद छात्राओं और अधिकारियों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई। जो केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इससे मुक्ति तभी संभव है जब समाज जागरूक हो और प्रत्येक व्यक्ति संकल्प ले कि वह स्वयं भी नशा नहीं करेगा और दूसरों को भी इसके खिलाफ प्रेरित करेगा। 26 जून तक जिले भर में प्रशासन द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रैली, कार्यशाला और जन संवाद के माध्यम से लोगों को नशा के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा। सिविल सर्जन ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब इसमें जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए रैली में एएनएम छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर पूरे शहर में घूमकर नशा के खिलाफ संदेश दिया।




### नशा मुक्ति में, बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**कोलेबिरा।** नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से 10 जून से 26 जून तक नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत हुई। पहले दिन कोलेबिरा प्रखंड के ऐडेगा, टुटीकेल समेत कई पंचायतों में स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।बच्चों ने हाथों में पोस्टर लेकर हड़िया दारू बेचना बंद करो नशा को ना, जिंदगी को हां जैसे नारे लगाए। रैली के दौरान बच्चों और ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया।मुखिया जिरेन डांग और सुशीला डांग ने नशे की सामाजिक व पारिवारिक हानियों पर प्रकाश डाला।

### जनता उच्च विद्यालय जीतुटोली में सम्मान समारोह का आयोजन

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के सिम्हातू पंचायत अंतर्गत जनता उच्च विद्यालय जितुटोली में मैट्रिक में उत्तीर्ण विद्यार्थीयों के लिए विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर किया गया।इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय के टॉप टेन की सूची में हेमंत बड़ाइक, संतोषी कुमारी दीपिका कुमारी, अनमोल कंडुलना, सुगंति कुमारी, दिव्या जे हेमरोम, युक्ता कुमारी, जुगल बारला, रिया कुमारी, निर्मला सोरेंग ने जगह बनाई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर अजित केरकेट्टा के द्वारा 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ जीवन में निरंतर आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति की प्रेरणा दी गई।

## न्यूज बॉक्स

### पाकरटांड के किनबिरा जंगल में अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त, वन विभाग की कार्रवाई



**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र के अंतर्गत किनबिरा जंगल में वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लकड़ी ढो रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई वन क्षेत्र पदाधिकारी शम्भू शरण चौधरी के नेतृत्व में की गई।वन विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि जंगल से अवैध लकड़ी की ढुलाई की जा रही है। सूचना की पुष्टि होते ही टीम ने मौके पर छापेमारी कर बिना नंबर वाले ट्रैक्टर को पकड़ा, जिसमें लगभग 25,000 मूल्य की लकड़ी लदी हुई थी।वन क्षेत्र पदाधिकारी शम्भू शरण चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैक्टर पर कोई पंजीकरण संख्या नहीं है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अवैध रूप से लकड़ी की ढुलाई की जा रही थी। फिलहाल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।उन्होंने कहा कि जंगलों की अवैध कटाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विभाग सतर्कता से निगरानी कर रहा है।

### थाना दिवस पर जमीन से संबंधित कुल बीस मामले आए




**बानो।** थाना परिसर बानो में थाना दिवस का आयोजन सीओ रवि भूषण प्रसाद एवं थाना प्रभारी सोनू कुमार की उपस्थिति में हुई। सीओ ने बताया कि थाना दिवस पर लोगों के जमीन से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को सुनते हुए मामलों का निष्पादन किया जा रहा है जिससे लोग काफी खुश हैं।सुनवाई के दौरान जमीन की स्थित की जांच अंचल कर्मचारी से कराकर त्वरित कार्यवाही की जाती है। वादी घनश्याम सिंह ने बताया कि जमीन मामले को लेकर चार वर्ष से परेशान था ,आवेदन के आलोक में जांच कर मेरी जमीन का विवाद सुलझ गया, जिससे हमें काफी खुशी मिली। थाना दिवस पर जमीन से संबंधित कुल बीस मामले आए , सभी मामलों की सुनवाई दोनों पक्षों से कर छह मामलों का निष्पादन के दिया गया एवं 14 मामले की सुनवाई अगले 18जून को निर्धारित किया गया।कार्यक्रम में सीआई विल्सन केरकेट्टा ,एएसआई मुरारी घर प्रधान, सतीश चंद्र महतो, पीएलवी अशोक कुमार तिवारी, मुंशी सतेंद्र कुमार सिंह, चौकीदार प्रिया सिंह द्वारा सहयोग किया गया।

### समसेरा चर्च हमले को लेकर ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट का विरोध प्रदर्शन



**बोलबा।** प्रखंड अंतर्गत समसेरा चर्च में हुई लूटपाट और तीन पुरोहितों से मारपीट की घटना को लेकर ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट, झारखंड प्रदेश ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोमवार को फ्रंट के प्रतिनिधिमंडल ने सिमडेगा पहुंचकर एसपी और घायल पुरोहितों से मुलाकात की और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।प्रदेश महासचिव प्रवीण कच्छप ने इसे मानवता और सामाजिक सहिष्णुता पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्ष देश में इस तरह की पूर्व नियोजित घटनाएं अत्यंत निंदनीय हैं और ईसाई समुदाय को आहत करती हैं। फ्रंट पीड़ितों को न्याय मिलने तक मजबूती से उनके साथ खड़ा रहेगा।प्रदेश सचिव सह ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि हाल के दिनों में चर्च व धार्मिक स्थलों पर हमले बढ़े हैं और सरकार इन घटनाओं को रोकने में विफल रही है।फ्रंट ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि घायल पुरोहितों का बेहतर इलाज कराया जाए, आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी हो तथा चर्च और पुरोहितों की सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाएं।

### सिमडेगा को मिलेगा क्रिकेट स्टेडियम जेएससीए अध्यक्ष ने दिया आश्वासन



**सिमडेगा।** सिमडेगा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को रांची स्थित जेएससीए कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, महासचिव व पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी समेत अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात की। सिमडेगा की टीम ने बुके देकर उनका स्वागत किया और जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में आवश्यक मांगें रखीं।इस अवसर पर जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि सिमडेगा में जल्द ही क्रिकेट स्टेडियम और अकादमी के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने जिले में क्रिकेट के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।महासचिव सौरभ तिवारी ने सिमडेगा क्रिकेट की प्रगति की जानकारी ली और जल्द ही सिमडेगा का दौरा कर खिलाड़ियों से मुलाकात करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जेएससीए सदस्य श्रीराम पूरी ने किया।इस प्रतिनिधिमंडल में सुनील सहाय, सुहैब शाहिद, दिलीप तिर्की, आशीष शास्त्री, तौकीर उस्मानी, मोहम्मद तस्सु खान सहित कई पदाधिकारी शामिल थे। जेएससीए के वरिष्ठ अधिकारी विजय पूरी ने रांची में टीम का स्वागत किया और उनके ठहरने व भोजन की बेहतर व्यवस्था की।

### बाइक चोरी के आरोपी को गिर्दा ओपी ने भेजा जेल

**बानो।** गिरदा ओपी के पुलिस को मिली सफलता।हुरदा बाजार टांड़ से चोरी हुए दोनों स्प्लेंडर प्लस बाइक को बरामद करते हुए बाइक चोरी के अभियुक्त को गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया।ज्ञात हो की हुरदा बाजार टांड़ से बाइक की चोरी हो जा रही थी।उक्त बाइक चोर का पता लगाने और पकड़ने के लिए गिर्दा ओपी की पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।गिर्दा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हुर्दा बाजार टांड़ से 03 मई दिन शनिवार को रायकेरा निवासी भौसा मुंडा और 17 मई दिन शनिवार हुरदा बाजार से ही टोनिया निवासी रिकेश प्रधान की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल की चोरी हो गई थी।दोनों सब्जी खरीददारी के लिए बाजार अपने मोटरसाइकिल से आए थे।लगातार बाजार से दो बाइक की चोरी की घटना से लोगों में भय व्याप्त था।पुलिस भी बाइक चोर का पता लगाने में जुट गई थी।इसी क्रम में बानो गिर्दा ओपी कांड 27/25 और 32/25 में चोरी हुई दोनों मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए अभियुक्त गणेश साह,पिता बीरबहादुर साह पता बिसरा थाना बिसरा जिला सुंदरगढ़ को मंगलवार को जेल भेजा दिया गया।



## न्यूज बॉक्स

### चक्रधरपुर रेलवे डिवीजन में बढी अलार्म चेन खींचने की घटनाएं



**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चक्रधरपुर) जिला स्थित चक्रधरपुर रेलवे मंडल चालू ट्रेनों के अनावश्यक चेन खींचने की बढ़ती घटनाओं से परेशान है। इस संबंध में रेलवे की ओर से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि चालू ट्रेनों में अनावश्यक रूप से अलार्म चेन खींचने की घटनाएं चक्रधरपुर रेलवे डिवीजन में बढ़ती जा रही हैं, इससे रेलवे संचालन में भारी परेशानी हो रही है। अप्रैल माह में डिवीजन में इस तरह के 68 मामले दर्ज किए गए। वहीं मई माह में भी 56 घटनाएं सामने आईं। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक इस तरह की घटनाओं के कारण न सिर्फ ट्रेनें अनावश्यक रूप से रुक जाती हैं, बल्कि रेल मार्ग पर अन्य ट्रेनों के संचालन में भी देरी होती है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और रेलवे क्रू तथा नियंत्रण कक्ष के कर्मचारियों पर अतिरिक्त दबाव बनता है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि अप्रैल में 63 और मई में 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रेलवे ने हर मामले में सख्त कार्रवाई की है और यात्रियों से अपील की है कि वे अलार्म चेन का उपयोग केवल आपातकालीन स्थिति में ही करें। इस उपकरण का दुरुपयोग न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि यह गैर-जिम्मेदाराना हरकत भी है, जो यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि अनावश्यक रूप से चेन न खींचकर रेलवे की सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में सहयोग करें।

### रेलवे ने अतिक्रमण हटाओ अभियान में दो दर्जन घर किया ध्वस्त



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) सुंदरनगर में रेलवे प्रशासन ने मंगलवार को रेलवे फाटक के आस-पास बने लगभग दो दर्जन मकानों पर बुल्डोजर चला कर उन्हें ध्वस्त कर दिया। बुल्डोजर दोपहर के समय भारी सुरक्षा के बीच मौके पर पहुंचा और मकानों को तोड़ने से पहले सायरन बजा कर कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस कार्रवाई के पहले घरों के मालिकों को खाली करने का नोटिस दिया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार प्रभावितों को अब तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। रेलवे प्रशासन के इस अभियान को लेकर लोगों में आक्रोश देखा गया। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि उन्हें केवल मकान खाली करने का नोटिस मिला, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था या मुआवजे की कोई बात नहीं की गई। विवश होकर लोग अपने घरों का सामान बाहर निकालते नजर आए। रेलवे के रवैये के कारण लोगों ने खुद ही अपने आशियाने को खाली किया और इसके बाद बुल्डोजर से झोपड़पट्टी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। ताकि, किसी तरह का हंगामा न हो। प्रशासन ने दावा किया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए की गई, लेकिन प्रभावित परिवारों का कहना है कि मुआवजे की व्यवस्था के बिना उनका घर उजाड़ दिया गया है, जिससे वे बेघर हो गए हैं। स्थानीय निवासियों ने सरकार और रेलवे प्रशासन से मांग की है कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उचित मुआवजा मिले। ताकि, वे दोबारा अपने लिए आशियाना बना सकें।

### नगर निगम विस्तार योजना के विरोध में आदिवासी समाज का उग्र प्रदर्शन

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) मंगलवार को आदिवासी समाज ने जमशेदपुर नगर निगम में पंचायत क्षेत्रों को शामिल करने की प्रस्तावित योजना के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। मांझी परगना महाल, मानकी-मुंडा समाज, भूमिज मुंडा समाज और जमशेदपुर प्रखंड मुखिया संघ के प्रतिनिधि सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने इस प्रदर्शन में भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप, पारंपरिक वेशभूषा और बैनरों के साथ आदिवासियों ने अपनी असहमति दर्ज कराई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नगर निगम विस्तार योजना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243(जेड सी) का उल्लंघन है, विशेषकर झारखंड के पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में। इस मौके पर जुगसलाई तोरोप परगना दशमत हांसदा ने कहा कि यह आदिवासी स्वशासन, संस्कृति और परंपरा पर सीधा हमला है। उनका कहना था कि नगर निगम बनने के बाद आदिवासियों पर उनकी जमीनों के लिए कर का भारी बोझ पड़ेगा, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आएगा। प्रदर्शनकारियों ने इसे केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और अस्तित्व की लड़ाई बताया। आदिवासी नेताओं ने तीन प्रमुख मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं इनमें सरना धर्म कोड को अविलंब लागू करने, झारखंड में पेसा कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करने और जमशेदपुर नगर निगम विस्तार योजना को रद्द करना शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने उनकी मांगों को नहीं माना तो आदिवासी समाज आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार रहेगा और आंदोलन को और भी व्यापक व उग्र बनाया जाएगा। आदिवासी नेताओं ने कहा कि आने वाले दिनों में यह आंदोलन राज्य स्तर पर ले जाया जाएगा, ताकि आदिवासी अस्मिता, अधिकार और अस्तित्व की रक्षा की जा सके।

चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

# खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है : दसरथ दास

नवीन मेल संवाददाता




**जमुआ(गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड के मधवा स्थित क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि दशरथ दास एवं पंचायत समिति सदस्य विकास यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच के जीन क्लब सरकबाद बनाम रजा इलाही क्लब बाराटाड टीम के बीच खेला गया. सरकबाद की टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वहीं क्लब के अध्यक्ष कलाम अंसारी ने बताया कि यह सीजन 4 है, इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया और सभी लीग मैच 10 ओवर का होगा और फाइनल मैच 12 ओवर का खेला जाएगा।

खेल के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना होती है उसका जिम्मेवार कमेटी नहीं है।

मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि खेल का आयोजन होने से न सिर्फ आपसी भाईचारा बढ़ता है, बल्कि मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है। पंचायत समिति सदस्य विकास यादव ने कहा कि खेल हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहा है और खिलाड़ियों के बीच वही जोश और अपनापन महसूस करता हूं. खेल न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती देता है, बल्कि अच्छे इंसान बनने की नींव भी रखता है. उन्होंने आयोजन समिति का भी हौसला बढ़ाते हुए ऐसे आयोजन भविष्य में करते रहने की बात कही।

इस मौके पर वार्ड सदस्य युनुस अंसारी, सेकेट्री उस्मान अंसारी, सदर समसुद्दीन अंसारी, जमाल खान, मौलाना अमीन, रफीक, स्कूल, रियाज, अकबर,हसनैन, इमरान आदि कमिटी के सभी सदस्य, सामाजसेवी एवं खिलाड़ीगण मौजूद थे।

### मां की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** कोवाली थाना क्षेत्र में 70 वर्षीय वृद्धा की उसके बेटे ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने मंगलवार कोआरोपित बेटे श्रीनाथ भक्त को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मृतका विनीता भक्त पर सोमवार को उसके बेटे श्रीनाथ भक्त ने अचानक हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए रांची रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार की शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय लोगों और मृतका के परिजनों का कहना है कि आरोपित श्रीनाथ मानसिक रूप से विक्षिप्त है और इससे पहले भी इस तरह की हरकतें कर चुका है। पुलिस ने बताया कि श्रीनाथ के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### श्रावणी मेले में व्यवस्था को लेकर समिति ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** बाबा अमरेश्वर धाम प्रबंध समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त आर रोनिटा को ज्ञापन सौंप कर अंगराबारी में 11 जुलाई से शुरू होने वाले रक्षा, विधि व्यवस्था, चिकित्सा, पेयजल, यातायात परिचालन और अन्य सुविधा मुहैया कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि खूंटी जिले का बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में 11 जुलाई से नौ अगस्त तक श्रावणी मेला लगता है। साथ ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु सावन महीने में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए यहां पहुंचते हैं। श्रावण पूर्णिमा इस वर्ष नौ अगस्त को है। उसी दिन पूर्णिमा मेले में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। प्रबंध समिति ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि 11 जुलाई से नौ अगस्त तक और उसके तीन दिनों बाद लोगों को सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाया जाए। प्रतिनिधिमंडल में प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मांझी, श्रीपालचंद जैन, संतोष पोद्दार, महेंद्र भगत, महेंद्र कश्यप, प्रेमानंद तिवारी सहित अन्य शामिल थे।

### महिला सशक्तीकरण और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**खूंटी।** एकल ग्रामोंउत्थान फाउंडेशन के सौजन्य से कर्रा प्रखंड में महिला सशकरण और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। महिला सशक्तीकरण सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन समारोह में एकल अभियान के राष्ट्रीय महामंत्री और ग्रामोत्थान योजना के केंद्रीय प्रमुख डॉ ललन कुमार शर्मा ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना ही इसका उद्देश्य है। केंद्र में महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई और अन्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे अपने परिवार के आर्थिक सशक्तीकरण में योगदान कर सकें। इसके अलावा यह केंद्र महिलाओं के सामाजिक और मानसिक विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा। महिला सशक्तीकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे स्थानीय समुदाय ने उत्साह के साथ स्वागत किया।

### धनवार के बीपीओ के निधन पर शोक सभा



**धनवार (गिरिडीह)।** धनवार के बीपीओ दिलीप कुमार साहू का निधन दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वे पिछले दो वर्षों से किडनी रोग से पीड़ित थे. दो दिन पूर्व उनकी तबीयत खराब हो जाने पर दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उनकी मृत्यु की खबर से धनवार क्षेत्र में अशोक की लहर फैल गई।

हर दिल अजीज एवं सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले दिलीप कुमार साव धनवार के प्रखंड संसाधन केंद्र में बीपीओ के पद पर थे । उनके आकस्मिक निधन पर बरजो पंचायत के सियारी ग्राम में 2 मिनट का मोन धारन कर उनकी आत्मा कि शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया. और उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। बरजो पंचायत के मुखिया सुभाष यादव , पूर्व मुखिया सबदर अली , सुशेन पाण्डेय , देवनन्दन यादव जी, जगदीश प्रसाद यादव , किशोर कुमार यादव,रतन कुमार यादव, क्युम अंसारी जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ब्लड कैंसर ने ली युवक की जान



**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड के गडकुरा पंचायत की रोजगार सेवक पुष्पा बेसरा के पुत्र का देहांत मंगलवार की सुबह हो गया। जानकारी के अनुसार रोजगार सेवक का 20 वर्षीय पुत्र आर्यन किस्कू रांची में रहकर पढ़ाई करता था। लगभग एक माह पहले परिजनों को सूचना मिली कि आर्यन का तबीयत अचानक खराब हो गया है। तत्पश्चात उसके दोस्त द्वारा उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद वेल्लोर रेफर किया गया। वेल्लोर में ब्लड कैंसर होने की बात पता चली और जवाब दे दिया गया। जिसके बाद फिर वापस रिम्स लाया गया था। जहां मंगलवार सुबह आर्यन का देहांत हो गया। इधर परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। बता दें कि कुछ साल पूर्व इनके पति का भी देहांत हो चुका है। मौके पर पहुंचकर समाजसेवी सोनू हेंब्रम, अनासयस हेंब्रम ने उनके परिवार को ढांढस बंधाया।

### सांप के डंसने से भतीजी की मौत, फूफा की हालत गंभीर

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र के जुड़ी पंचायत स्थित प्रेमनगर (हाता) में सोमवार देर रात एक जहरीले सांप ने घर में सो रहे फूफा और भतीजी को डंस लिया। इस हादसे में 13 वर्षीय भतीजी की मौत हो गई, जबकि फूफा की हालत गंभीर बताई जा रही है। वह आठवीं कक्षा की छात्रा थी। प्रेमनगर (हाता) में रहने वाले श्रवण मुंडा अपनी भतीजी पवंती सरदार (13 ) के साथ एक ही कमरे में अलग-अलग खटिया पर सोए थे।

### कांग्रेस नेता राजकुमार रजक का आकस्मिक निधन

**पश्चिम सिंहभूम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रख्यात समाजसेवी राजकुमार रजक का मंगलवार की सुबह करीब 7:30 बजे निधन हो गया। उनके निधन से चाईबासा और जिलेभर में शोक की लहर दौड़ गई है। इससे दुखद बात यह है कि एक माह के भीतर उनके परिवार में यह दूसरी मौत है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पश्चिमी सिंहभूम जिला कांग्रेस के महासचिव रहे राजकुमार रजक पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका इलाज चाईबासा और मुंबई में चल रहा था। उनका निधन सुबह उनके निवास पर हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ता, समाजसेवी, नगरवासी और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंचने लगे। उनका अंतिम संस्कार आज ही चाईबासा मुक्तिधाम में होगा। दुख की बात यह है कि हाल ही में उनके छोटे भाई की भी हृदयगति रुकने से असमय मृत्यु हो गई थी, जिनका ब्राह्मण भोज भी अभी नहीं हुआ था।

### राजकुमार रजक को सांसद जोबा माझी ने दी श्रद्धांजलि



चाईबासाः जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी राजकुमार रजक के आकस्मिक निधन पर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने शोक व्यक्त किया है। निधन की सूचना मिलने पर मंगलवार को सांसद जोबा माझी राजकुमार रजक के नीमडीह स्थित आवास पहुंच अंतिम दर्शन किये और पार्थिव देह पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद ने राजकुमार के परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। सांसद ने कहा राजकुमार हमेशा समाजसेवा के कार्यों में व्यस्त रहते थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति हैं।

### उत्क्रमित मवि बेदौलिया में आठवीं बोर्ड पास आउट बच्चों को दी गई विदाई

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया से सत्र 2024-25 में कुल 30 बच्चे आठवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और शत प्रतिशत सफलता हासिल की। ततपश्चात विद्यालय के प्रभारी जय शर्मा ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल का अंक पत्र व विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र सभी बच्चों को दिया। आठवीं कक्षा में पास आउट बच्चों को मंगलवार को ट्रांसफर सर्टिफिकेट और अंक पत्र प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई। प्रधानाध्यापक ने कहा कि नौवीं कक्षा में शतप्रतिशत नामांकन सूनिश्चत हो एवं आगे की पढ़ाई अनवरत चलता रहे वह यही कामना करते है।

### नशा मुक्ति रथ रवाना : 10 से 26 जून तक चलेगा विशेष अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला में राज्य सरकार की ओर से निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी विशेष जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिलेभर में नशामुक्ति के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।

इस अवसर पर उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके भविष्य, परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। इससे मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उपायुक्त ने कहा कि समाज के हर वर्ग को इस अभियान में शामिल होकर नशामुक्त समाज बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और अपने आसपास के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करें। इस अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन जिलेभर में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करेगा और सभी को इसके दुष्प्रभावों से दूर रहने की प्रेरणा देगा। उल्लेखनीय है कि यह विशेष अभियान 10 जून से 26 जून 2025 तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### पूर्व टाटा स्टीलकर्मी ने की आत्महत्या

**पूर्वी सिंहभूम।** कदमा थाना क्षेत्र के ग्रीन वैली निवासी राजेश कुमार सिंह का सोमवार दोपहर अपने घर में ही फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। राजेश टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को इसकी सूचना मंगलवार सुबह मिली और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटे ने बताया कि वे पिछले दो दिनों से चुपचाप रह रहे थे, किसी से बातचीत नहीं कर रहे थे और घर पर भी खाना नहीं खा रहे थे। राजेश के तीन बच्चे हैं। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और न ही फिलहाल खुदकुशी का कोई स्पष्ट कारण सामने आया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पड़ोसियों सहित परिवार में घटना को लेकर गहरा सदमा है।

### सांसद की पहल पर गरीब महिला का अस्पताल का बकाया माफ

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला के टोंटो प्रखंड की ग्राम सिरिंगसिया की गरीब महिला लक्ष्मी लागुरी को गर्भस्थ शिशु की मृत्यु के बाद गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ा। उन्हें पहले चाईबासा सदर अस्पताल, फिर एमजीएम जमशेदपुर, रिम्स रांची और अंततः टाटा मेन अस्पताल (टीएमएच), जमशेदपुर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने नॉर्मल डिलीवरी के जरिए उनकी जान बचाई।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–45 वर्ष, रंग–सॉवला, उॅचाई–5 फिट 5 ईंच , पहनावा–गर्दन के दाहिने तरफ तील का निशान।

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव नामकुम थाना अन्तर्गत सैमलौंग स्थित बेल बगान के पास बरामद किया गया है। जिसके संबंध नामकुम थाना यू0डी0 काण्ड सं0–23/2024, दिनांक–14.06.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूश के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0, प्रथम, रॉंची। –9431706141
थाना प्रभारी नामकुम, रॉंची। –9431706173

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक,रॉंची

PR 354600 Police(25-26)#D

**13वां प्रखंड सम्मेल** भाजपा फर्जी युद्धोन्माद और छद्दम राष्ट्रवाद कर रही : भाकपा माले

# भाजपा की साजिश हो रही है विफल : राजकुमार

नवीन मेल संवाददाता




**धनवार (गिरिडीह)।** भाकपा माले का 13वां प्रखंड सम्मेलन धनवार प्रखंड क्षेत्र के आदर्श महाविद्यालय के पास किया गया जिसमें प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस पुनर्गठन कमेटी में अध्यक्ष मंडल में जयंती चौधरी कौशल्या दास और सजरुल अंसारी और संचालक मंडल में विनय संथालीयां उमेश दास और मुकेश यादव के नेतृत्व में भाकपा माले का पुनर्गठन का काम पूर्ण किया गया जिसमें सर्वसम्मति से मोहम्मद कयूम अंसारी को पुनः दूसरी बार प्रखंड सचिव का दायित्व दिया गया। कयूम अंसारी को प्रखंड सचिव के पद पर निर्विरोध चयन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पर्यवेक्षक के रूप में भोला मंडल और जिला सचिव अशोक पासवान उपस्थित थे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि हम ऐसे समय में 13वां प्रखंड सम्मेलन करने जा रहे हैं जब पूरे देश में भाजपा फर्जी युद्धोन्माद छद्दम राष्ट्रवाद के बल पर अपने आप को टिकाए रखने की नाकाम कोशिश कर रही है मगर जनता के जुझारू संघर्षों के बल पर पूरे देश में भाजपा की एक कोशिश और साजिश विफल साबित हो रही है प्रधानमंत्री के तिरंगा यात्रा के ऊपर नौजवानों के बेरोजगार का सवाल किसान मजदूर के सवाल हावी हो रहे हैं सरकार अपने आप को मझधार में फंसा देखकर बाहर निकालने की नाकाम कोशिश कर रही है मगर पूरे देश में जान सवाल विपक्ष की एकता मजबूत और जुझारू संघर्ष मोदी सरकार के सारे मांसाबों को नाकाम कर रही है प्रखंड सचिव के पद पर चयन के बाद प्रखंड सचिव का योग अंसारी ने अपने अवुआ साथियों के साथ एक बैठक कर प्रखंड और अंचल में हो रही अवैध वसूली पर जमकर बरसे उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में एक दस्तावेज पर दो-दो दाखिल खारिज कैसे हो सकता है।

**प्रखंड कमेटी में 30 सदस्यों का चयन**

धनवार पर प्रखंड कमेटी में 30 सदस्यों का चयन प्रखंड कमेटी सदस्य के रूप में किया गया जिसमें शंकर दास, राजेंद्र राय, विनय संथालिया, शंकर पासवान, कांग्रेस यादव, यशोदा देवी ,बालमुकुंद यादव ,शागिर अंसारी, रबुना खातून, बाली यादव ,कैलाश सिंह, हरिदास, सुभाष यादव ,राजकुमार दास, कौशल्या दास ,सुनीता पासवान, सुरेश तुरी, संदीप यादव ,सजरुल अंसारी ,किशोरी अग्रवाल,महेंद्र यादव, सहदेव यादव ,एवं संतोष यादव सदस्य अन्य हुए निर्वाचित ।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अगर मैं एक दरवाज़े से नहीं निकल पाया, तो मैं दूसरे दरवाज़े से निकल जाऊंगा या फिर एक दरवाज़ा बना लूंगा। चाहे वर्तमान कितना भी अंधकारमय क्यों न हो, कुछ शानदार ज़रूर होगा। - रवीन्द्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# अमेरिका सिर्फ लाभ की नीति पर

लोगों को लगा था ट्रंप के आने से अमेरिका बदलेगा पर पाकिस्तान का पूरी बेशर्मी से समर्थन कर दिखा दिया कि निजी स्वार्थ में सभी का बुरा की उसकी नीति नहीं बदली दूसरी ओर वह भारत के बड़े बाजार को भी खोना नहीं चाहता। हाल ही में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच आंतरिक व्यापार समझौता इसी महीने पूरा होगा। पहले ऐसे समझौते को पूर्ण होने में दो या तीन साल लग जाते थे। विगत 29 मई को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मैनहैटन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क सहित अन्य शुल्कों को अवैध ठहराए जाने के बीच अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ती रहेगी। इस समय भारत-अमेरिका कारोबार के बढ़ने के बारे में तीन बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, भारत और अमेरिका के बीच 25 जून, 2025 तक एक अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा हो सकती है। दो, भारत सरकार अपनी सरकारी खरीद बाजार का एक हिस्सा विदेशी कंपनियों के लिए खोलने जा रही है, जिसमें अमेरिकी कंपनियां भी शामिल होंगी। तीन, अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत लाभ का बाजार बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी चेतावनी के बाद भी एप्पल ने भारत में आईफोन विस्तार जारी रखने का संकेत दिया है। विगत 23 मई को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वॉशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हार्वर्ड लटनिक के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की वार्ता में कहा कि पारस्परिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम व्यापार व्यवस्था को आकार दिए जाने की संभावना है। ऐसे में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापारिक समझौता टैरिफ विवादों को सुलझाने और द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। इस संभावित अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका के बाजार में भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क को शून्य करवाने के लिए भारत भी अमेरिका की कई वस्तुओं पर शुल्क में राहत दे सकता है। अमेरिका भारत में कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन भारत सिर्फ गैर जेनिटिकली मोडिफायड (जीएम) कृषि उत्पादों को ही अपने बाजार में अनुमति देगा। भारत अमेरिका से सभी रोजगारपरक सेक्टर में शून्य शुल्क या अति कम शुल्क चाहता है, ताकि इन सेक्टर का अमेरिका में होने वाला निर्यात बढ़े, जिससे मैन्युफैक्चरिंग व रोजगार बढ़ोतरी में मदद मिलेगी। दूसरी तरफ, अमेरिका इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ, वाइन, एथनॉल, कई औद्योगिक व कुछ खाद्य उत्पाद के शुल्क में छूट चाहता है। साथ ही वह भारत के गुणवत्ता नियंत्रण नियम में भी छूट चाहता है। पिछले दिनों अमेरिकी वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने भी कहा कि पूरी दुनिया में भारत ऐसे पहले देश के रूप में सामने है, जिसके साथ अमेरिका का द्विपक्षीय-कारोबार समझौता (बीटीए) प्रारंभिक आकार लेने के करीब है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है। गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों देशों ने अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने, टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदारी करने और रियायतों पर भी सहमति व्यक्त की।

*अमेरिका भारत में कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन भारत सिर्फ गैर जेनिटिकली मोडिफायड (जीएम) कृषि उत्पादों को ही अपने बाजार में अनुमति देगा।*

# 100 साल के जीवन का लक्ष्य धन, तकनीक और विज्ञान



पिछली सदी से लंबे जीवन की आशा लगातार दुनिया के ज्यादातर देशों में बढ़ी है। महा-धनवानों में टेक अरबपति व खरबपति लंबे जीवन का रहस्य खोजने पर अड़े हुए हैं जिन्हें विश्वास है कि पर्याप्त धन, तकनीक और अत्याधुनिक विज्ञान के सहारे वे 120 या 150 साल तक ज़ी सकते हैं। लेकिन उनके प्रयास हममें से बाकी लोगों तक नहीं पहुंच रहे हैं। दुनिया में स्वास्थ्य की समस्या बढ़ती जा रही है कई उच्च आय वाले देशों जैसे इंग्लैंड और अमेरिका में जीवन प्रत्याशा पीछे जा रही है। ब्रिटेन में, कोविड महामारी से पहले ही ठहराव शुरू हो गया था और छह महीने कम हो गया है, और यू.एस. में 2.33 साल कम हो गया है। मोटापे की दर बढ़ रही है - न केवल अमीर देशों में, बल्कि घाना जैसी जगहों पर भी, जहाँ 1980 से मोटापे में 650% की वृद्धि हुई है। 65% नहीं; 650%। दुनिया के अधिकांश स्थानों पर स्वच्छ हवा दुर्लभ है। अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों बढ़ रही हैं, जो वित्तीय अनिश्चितता और तनाव से और भी बदतर हो गई हैं।

हमें दशकों से बताया गया है कि यदि हम खुद को अनुकूलित करें, तो हम लंबा, स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। तो हम लंबे समय तक जीने के बारे में हमारे बढ़ते ज्ञान और हमारे सामूहिक स्वास्थ्य के पीछे जाने के बीच के अंतर को कैसे समझा सकते हैं? व्यक्तिगत रूप से, मैंने अपने लिए एक उपयुक्त महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है: अच्छे स्वास्थ्य के साथ 100 साल तक जीना और दूसरों को भी ऐसा करने में मदद करना। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय जीवन प्रत्याशा कैलकुलेटर के अनुसार, मेरे पास इतने लंबे समय तक जीने की 9.3% संभावना है (हालांकि इस समय के दौरान गुणवत्तापूर्ण जीवन जीना और भी चुनौतीपूर्ण है)। स्वास्थ्य के प्रति गहरी रुचि और जुनून रखने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं सुपरफूड्स और क्या खाना चाहिए, इस पर नवीनतम शोध का अनुसरण करता हूँ। मैंने शुगर-फ्री डाइट की कोशिश की है; मैं कुछ समय के लिए शाकाहारी बन गया। मैंने लंबी दूरी तक दौड़ने से लेकर अंतराल तक HIIT (उच्च तीव्रता अंतराल प्रशिक्षण) से लेकर हायरॉक्स, आउटडोर बूट कैंप, स्पिन, हॉट पिलेट्स, बैरे और पेडलबोर्ड योग तक सभी तरह के अलग-अलग व्यायाम शासन आजमाए हैं। अपने 30 के दशक के मध्य में, मैंने फिटनेस, पोषण और स्वास्थ्य में अपनी रुचि को जोड़ने के लिए एक व्यक्तिगत प्रशिक्षक बनने का फैसला किया। हालाँकि, हर बार जब मेरा दिमाग "अनुकूलन" मार्ग पर जाता है, तो मुझे एक सार्वजनिक स्वास्थ्य वैज्ञानिक के रूप में अपनी मुख्य नौकरी और आजीवन कैरियर की याद आती है, जो उन कारकों पर गौर करता है जो प्रभावित करते हैं कि हम कितने लंबे समय तक जीवित रहेंगे। इनमें से ज़्यादातर व्यक्तिगत नियंत्रण से बाहर हैं और उनका संबंध उस देश और समुदाय से है जिसमें हम रहते हैं। सच तो यह है कि यह "स्व-सहायता" कथा स्वास्थ्य के काम करने के तरीके की वास्तविकता को नहीं दर्शाती है। वास्तव में, व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी और आत्म-सुधार पर ध्यान केंद्रित करने से हम वास्तविक मुद्दे से विचलित हो गए हैं - सार्वजनिक नीति, बुनियादी ढांचा और समुदाय हमारे स्वास्थ्य की संभावनाओं और दीर्घायु को प्रभावित करने में क्या प्रभाव डालते हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य में, शोध परियोजनाओं ने उन जगहों का अध्ययन किया है जहाँ लोग काफी लंबा, स्वस्थ जीवन जीते हैं - जापान या दक्षिण कोरिया, या यूरोप के ज्यूरिख, मैड्रिड या सार्डिनिया के बारे में सोचें। इन जगहों पर, हृदय रोग और मोटापे जैसी पुरानी बीमारियाँ बहुत कम आम हैं।

जापान को ही लें, जहाँ उत्तरी अमेरिकियों की तुलना में स्तन और प्रोस्टेट कैंसर 80% कम है और कूल्हे के फ्रैक्चर का जोखिम आधा है।इन शहरों और क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के व्यवहार का विश्लेषण करने में बहुत काम किया गया है। इसके आधार पर, हमें उन बदलावों की सूची मिलती है जिन्हें हम लंबे समय तक जीने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर कर सकते हैं, जैसे कि बड़े पैमाने पर पौधे-आधारित आहार अपनाना, रात में सात से नौ घंटे सोना और हर दिन एक निश्चित मात्रा में धूप में रहना। ये निश्चित रूप से सहायक हैं, लेकिन मुझे संदेह है कि उपरोक्त क्षेत्रों में शायद ही किसी ने कोई स्व-सहायता पुस्तक पढ़ी हो या दैनिक स्वास्थ्य संबंधी "करने योग्य" कार्य की सूची बनाई हो।इन जगहों के बारे में सबसे खास बात यह है कि वहां रहने वाले लोग सिर्फ़ व्यक्तिगत विकल्प नहीं चुनते जिससे बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त हो - वे ऐसी जगहों पर रहते हैं जहां सरकार और संस्कृति द्वारा स्वस्थ जीवन को सामान्य माना जाता है। मोटापे के मुद्दे को लें: यू.के. जापान से ज़्यादा मोटा नहीं है क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां मौलिक रूप से अलग-अलग लोग हैं जो ज़्यादा वज़न रखना चुनते हैं या आलसी या मूर्ख हैं - इस तरह का तर्क न केवल भोला है, बल्कि यह ज़्यादा वज़न वाले लोगों को कलंकित करता है। वास्तव में ऐसा लगता है कि पसंद के स्तर पर, यू.के. डाइटिंग में ज़्यादा दिलचस्पी रखता है, यहाँ डाइट इंडस्ट्री का अनुमान है कि यह सालाना 2 बिलियन पाउंड का है और डाइट बुक्स की हर साल लाखों प्रतियां बिकती हैं। इसके विपरीत, जापान का डाइट इंडस्ट्री बहुत छोटा है, जिसकी कीमत सिर्फ़ 42.8 मिलियन डॉलर है।

मुख्य अंतर वास्तव में खाद्य वातावरण में है - जिसमें किफायती फल और सब्जियां, पौष्टिक स्कूली भोजन और सरकार से सहायता शामिल है - जिसका अर्थ है कि जापान में रहने वाले व्यक्ति के लिए स्वस्थ वज़न के भीतर रहना कहीं ज़्यादा आसान है। ब्रिटेन में आपके लिए संभावनाएं कम हैं। अगर आपके पास धन, समय और संसाधन हैं तो आप स्वस्थ "आउटलायर" बन सकते हैं या खुद को बड़ी सामाजिक चुनौतियों से दूर रख सकते हैं। आप एक एयर प्यूरीफायर ले जा सकते हैं, माचा लट्टे पी सकते हैं, महंगे अवकाश केंद्रों में तैर सकते हैं, यहाँ तक कि आपके लिए ताज़ी रोटी बनाने और पौष्टिक भोजन तैयार करने के लिए एक शेफ को भी रख सकते हैं। एक कारण है कि शाही होना या शाही परिवार में शादी करना एक लंबा और स्वस्थ जीवन जीने के सबसे पक्के तरीकों में से एक है। लेकिन हममें से जो आम लोग हैं, उनके लिए सामाजिक कारकों से पूरी तरह से बाहर निकलना संभव नहीं है: हमें हवा में सांस लेने के लिए बाहर जाना पड़ता है, सड़कों पर चलना और साइकिल चलाना पड़ता है, नल का पानी पीना पड़ता है और जहां हम रहते हैं या स्कूल में उपलब्ध खाद्य पदार्थ खाने पड़ते हैं। जैसा कि मैंने अपनी नई किताब में बताया है, अगर मैं 100 साल तक जीने वाला हूँ, तो मुझे अपनी कैलोरी गिनने और इंस्टाग्राम पर खुद की एक्सरसाइज़ की तस्वीरें पोस्ट करने से कहीं ज़्यादा की ज़रूरत है (जिसका मैं दोषी हूँ)। मुझे ऐसी दुनिया में रहने की ज़रूरत है जहाँ स्वास्थ्य एक सामूहिक ज़िम्मेदारी हो, न कि व्यक्तिगत। इसका मतलब है कि हम सभी को स्वस्थ बनाने वाली नीतियों का समर्थन करना - और ऐसे राजनेता जो अच्छे स्वास्थ्य के लिए परिस्थितियों को प्राथमिकता देते हैं जैसे कि विशेष रूप से बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, सक्रिय शहर, स्वच्छ वायु नीतियां, निवारक स्वास्थ्य सेवा और पानी का सार्वजनिक प्रावधान, जो कि सरकार द्वारा अपने नागरिकों को प्रदान की जाने वाली चीजों के मूल में होना चाहिए। दुनिया भर में इन सभी क्षेत्रों में जीवन को बेहतर बनाने के सबक हैं: ये ऐसे स्थान हैं जहां अच्छा स्वास्थ्य दैनिक जीवन का हिस्सा बना हुआ है। अगर हम 16वीं शताब्दी में पोंस डी लियोन की अमरता की खोज के बारे में सोचें - उस समय जब उनके मूल स्पेन में जीवन प्रत्याशा सिर्फ 25 से 30 साल थी, तो शायद सबक यह है कि लंबे, स्वस्थ जीवन का जवाब युवाओं के फव्वारे में नहीं बल्कि स्थिर सरकार, सार्वजनिक सेवाओं, विज्ञान और समुदाय के उदय में था। टेक अरबपति इस पर ध्यान दे सकते हैं।

आज की बात



**प्रोफेसर देवी श्रीधर**
अध्यक्ष, वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, एडिनबर्ग विश्वविद्यालय

# स्केलेटल फ्लोरोसिस गंभीर बीमारी बचाव के लिए करें योग

कंकालीय फ्लोरोसिस एक ऐसी बीमारी है जो हड्डियों में फ्लोरीन के अत्यधिक संचय के कारण होती है। यह मुख्य रूप से विकृत और भंगुर हड्डियों की विशेषता है। योगाचार्य महेश पाल बताते है कि जब फ्लोराइड के धुएं या धूल को साँस के द्वारा अंदर लिया जाता है या निगला जाता है, मुख्य रूप से हाइड्रोजन फ्लोराइड के रूप में, यह शरीर में फ्लोराइड आयनों के रूप में टूट जाता है। ये आयन पेट में एसिड के साथ प्रतिक्रिया करके हाइड्रोफ्लोरिक एसिड बनाते हैं जो हड्डी के कैल्शियम आयनों के साथ प्रतिक्रिया करके एक अघुलनशील नमक बनाता है जिसे कैल्शियम के साथ शरीर द्वारा धोया जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा कम हो जाती है जिससे हड्डियों की ताकत में कमी आती है। कंकालीय फ्लोरोसिस हड्डियों में फ्लोराइड के अत्यधिक संचय के कारण होने वाली एक दुर्बल करने वाली हड्डी की बीमारी है। रोकथाम योग्य स्थिति होने के बावजूद, यह दुनिया के विभिन्न हिस्सों में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चिंता बनी हुई है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां पीने के पानी में फ्लोराइड का स्तर अधिक है।कंकालीय फ्लोरोसिस मुख्य रूप से लंबे समय तक उच्च स्तर के फ्लोराइड के सेवन के कारण होता है। कई क्षेत्रों में, खास तौर पर भूजल में प्राकृतिक रूप से फ्लोराइड का उच्च स्तर होता है। अनुशंसित स्तर से अधिक फ्लोराइड सांद्रता वाला पीने का पानी कंकाल फ्लोरोसिस का सबसे आम कारण है। कुछ खाद्य पदार्थ, जैसे कि चाय की पत्तियां और समुद्री भोजन में फ्लोराइड का स्तर बहुत अधिक होता है। इन खाद्य पदार्थों का लंबे समय तक सेवन करने से कंकालीय फ्लोरोसिस विकसित हो सकता है। जब फ्लोराइड का सेवन किया जाता है, तो यह रक्तप्रवाह में अवशोषित हो जाता है और पूरे शरीर में फैल जाता है। फ्लोराइड का अधिकांश हिस्सा हड्डियों और दांतों में जमा हो जाता है, जहाँ यह हड्डियों के खनिज घटक हाइड्रॉक्सियापेटाइट में हाइड्रॉक्सिल समूहों की जगह ले लेता है, जिससे फ्लोरापेटाइट बनता है। अस्थि मैट्रिक्स में फ्लोराइड के समावेश से अस्थि की क्रिस्टलीय संरचना बदल जाती है। प्रारंभिक अवस्था में, इससे अस्थि घनत्व में वृद्धि होती है, जिसे ऑस्टियोस्क्लेरोसिस के रूप में जाना जाता है। जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, हड्डी भंगुर और कम लोचदार हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप कंकाल संबंधी विकृतियाँ और फ्रैक्चर होते हैं। फ्लोराइड ऑस्टियोब्लास्ट और ऑस्टियोक्लास्ट को प्रभावित करता है, जो हड्डियों के निर्माण और पुनर्जीवन के लिए जिम्मेदार कोशिकाएं हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

सेहत की बात



**योगाचार्य महेश पाल**

# "कबीर समय से परे एक अमर चेतना"

संत कबीर दास जयंती विशेष

भारत की संत परंपरा में कबीरदास एक ऐसे लोकसंत रहे, जिन्होंने न केवल अध्यात्म के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया, बल्कि समाज-सुधार, धर्म, नैतिकता और मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। संत कबीर की जयंती (जो ज्येष्ठ पूर्णिमा को मनाई जाती है) केवल एक संत की स्मृति नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने वाले उस चेतना की पुनः पुकार है जिसकी आज के समय में बेहद आवश्यकता है। संत कबीर दास का जन्म 15वीं शताब्दी में माना जाता है, अधिकांश विद्वान 1398 ई. को उनका जन्म वर्ष मानते हैं। उनका जन्म वाराणसी (काशी) के पास लहरतारा नामक स्थान पर हुआ था। जन्म से जुड़ी कई किंवदंतियां हैं, कुछ मानते हैं कि वे एक विधवा ब्राह्मणी के पुत्र थे जिन्हें समाज के डर से त्याग दिया गया और एक मुस्लिम जुलाहा दंपती नीरू और नीमा ने उनका पालन-पोषण किया। कबीर का पालन-पोषण मुस्लिम परिवार में हुआ लेकिन उनका मन सूफी और हिन्दू संत परंपरा दोनों से प्रभावित रहा। उन्होंने गुरु रामानंद को अपना आध्यात्मिक गुरु माना। कबीर अनपढ़ थे, परंतु ज्ञान के मामले में वे युगद्रष्टा थे। उनका संपूर्ण जीवन एक गहरे आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्रांति का प्रतीक बन गया। कबीर के विचार किसी एक धर्म या संप्रदाय तक सीमित नहीं थे। वे कहते थे। "मस्जिद चढ़ि-चढ़ि जुलाहा कहे, मोरा अल्लाह औंधा। मंदिर में पुजारी चिल्लाए, हरि नाम कहां है बौंधा?" कबीर का पूरा जीवन जात-पात, पाखंड, अंधविश्वास और सामाजिक विषमताओं के खिलाफ एक निरंतर युद्ध था। उन्होंने न तो मूर्तिपूजा का समर्थन किया और न ही कट्टरपंथी विचारों का। उनके अनुसार भगवान तक पहुँचने का मार्ग सच्चे प्रेम, सेवा, करुणा और आत्म-शुद्धि से होकर जाता है। कबीर की रचनाएँ "बीजक", "साखी", "रमैनी" और "सबद" नामक संग्रहों में उपलब्ध हैं। उनकी भाषा सधुक्कड़ी (हिंदी, अवधी, ब्रज, भोजपुरी का मिश्रण) थी – सहज, जनमानस से जुड़ी और सरल। उनके दोहे तो आज भी जनजीवन में गूंजते हैं। "बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय।
जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय॥"
"पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।
ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय॥"

आज का समाज जातिवाद, धार्मिक उन्माद, वैचारिक विषमता और मूल्यहीनता के दलदल में फंसा है। ऐसे समय में कबीर की वाणी और दर्शन एक प्रकाशपुंज के समान हैं। उन्होंने प्रेम और मानवीय एकता की बात की थी, जिसकी आवश्यकता आज हर घर, हर दिल को है। आज जब सोशल मीडिया पर नफ़रत और फेक न्यूज़ फैलती है, जब राजनीति समाज को धर्म और जाति के नाम पर बांटती है, तब कबीर की वाणी जैसे चेतावनी देती है। "जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान॥"

आज का युवा वर्ग दिशाहीनता, प्रतियोगिता और तनाव के दौर से गुजर रहा है। उन्हें आत्मिक शांति, नैतिक संबल और मूल्यपरक दृष्टि की आवश्यकता है। कबीर उनके लिए एक आदर्श हो सकते हैं – जिन्होंने अपने समय में समाज को आईना दिखाया, सच्चाई का साथ दिया और बिना किसी भय के अपनी बात कही। कबीर सिखाते हैं कि विचारों में स्वतंत्रता होनी चाहिए, परंतु अहंकार नहीं। धर्म का मूल उद्देश्य मानवता है, न कि आडंबर। सेवा, प्रेम और कर्म ही सच्चा धर्म है। अब सवाल यह उठता है कि आज कबीर जैसे संत की आवश्यकता क्यों? हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं जहाँ धर्म राजनीति का हथियार बन गया है, जहाँ शिक्षित होकर भी व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे में एक और 'कबीर' की आवश्यकता है – जो समाज को उसका असली चेहरा दिखा सके, जो बिना डरे सच बोल सके, जो युवा हृदयों में मानवीय संवेदना जगा सके। कबीर दास आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने अपने समय में थे। आज उनका पुनर्पाठ आवश्यक है, क्योंकि उनके शब्दों में वह शक्ति है जो किसी क्रांति से कम नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आपकी बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बैसाखी सी हाथ ले, चले मगर कुछ दूर।
स्वाद चखा, फिर हो गए, उतने ही मजबूर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# रहस्यमय रिश्ता

आज अजीब वाकिया हुआ।तड़के सुबह रवि बाबू अपनी फटफटिया से मुझे साथ लेकर रामलाल जी के यहाँ पँहुच गए।दस मिनट तक साँकल बजाने पर अंततः रामलाल जी ने उठकर दरवाजा खोला।दरवाजा खुलते ही रवि बाबू अपनी रामायण लेकर शुरू हो गए। बोलने लगे- भाईसाहब, आज मेरा दुःख सेटेलाइट की ऊंचाई पर है।कल रात से घर में घमासान माहौल बना है। पत्नीश्री का पारा सातवें आसमान पर है। उसके अचानक व्यवहार से मैं हतप्रभ रह गया था। क्या कुछ नहीं कहा गया,क्या कुछ नहीं बीती। मैंने बात समझाने की भरपूर कोशिश भी की।पर वह कभी मेरी सुनती नहीं सो कल भी चुप करा दिया गया। मेरे पास चुपचाप सहन करने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा था।कल रात खाना भी नहीं मिला। अभी सुबह उसकी नींद लगते ही भागकर आया हूँ, घर का दरवाजा ओठगां दिया है। बात करने से मन हल्का होता है।

**रामलाल-भाईसाहब, यह तो खुलासा कीजिए कि आखिर वजह क्या थी?**

रवि बाबू-पहले एक ग्लास पानी पीने दीजिए।सहज हो जाऊं तो बताऊं। करीब पाँच मिनट के बा द रवि बाबू ने बोलना शुरू किया-एक बुजुर्ग महिला है।मेरे मातहत थी।काम में निपुण।कार्यालय का कोई भी काम कहता,बिना त्रुटि के समय पर करती।कभी कभी स्वयं से ही काम कर डालती।ऐसे मौकों पर मेरा दृष्टिकोण फोन कर ले लेती और फिर उसी तरह काम हो जाता। आज शाम उसका फोन आया था।उसे निजी मदद यह चाहिए था कि उसके बीमार पति के लिए उसे बढ़िया फिजियोथेरेपिष्ट की जरूरत थी जो घर जाकर अपनी सेवाएं दे सके। फोन पर उसका नाम देख और उसकी आवाज सुनकर घर में मानो ज्वालामुखी ही फूट पड़ा।बाद में बात करता हूँ कहकर मैंने फोन रख दिया। भाईसाहब, कई रिश्ते ऐसे होते हैं जो घर के सदस्यों को अच्छे नहीं लगते,उन्हें नहीं भाते। जिन्हें आप कलह की वजह से गोपनीय रखते हैं। अगर वह व्यक्ति कोई स्त्री हुई तो आप घर की स्त्री का मनोविज्ञान तो समझते ही हैं। इन रिश्तों को रहस्यमय रिश्ता कह दिया जाता है। अधिकतर ऐसे रिश्ते पवित्र होते हैं पर रहस्यमय करार दिए जाते हैं। यह कहकर रवि बाबू फूट-फूट कर रोने लगे।

**रामलाल-और कितने रहस्यमय रिश्ते हैं आपके?**

रवि बाबू-दो और हैं। बताता हूँ।जब मैं कॉलेज में पढ़ता था तब वकालत की पढ़ाई कर रहे हमारे अच्छे मित्र सिद्दीकी घर आते। वह हमेशा ही घर में घुसने और घर की बातों में टांग अड़ाने के फिराक में रहता।माता-पिता और छोटे भाई उससे काफी चिढ़ते। कहते-घर को क्लब हाउस समझ रखा है क्या? जब कभी मैं उसके घर जाता,वह ऐसी परिस्थिति उत्पन्न करता कि उसके घर के बाहरी बरामदे से आगे अपनी ड्राइंगरूम तक मुझे नहीं जाने दिया जाता। पर वह बड़ा बुद्धिमान था,उसके तर्क और उसकी सलाह उत्तन हुआ करती थी। इसलिए घरवालों की हिदायत कि उससे दोस्ती मत रखो,हमने छिपकर उससे सम्बन्ध रखे। छोटे भाई तो पता चल गया। उसने धीरे से मुझे कहा-बड़ा रहस्यमय रिश्ता है जी। दूसरे व्यक्ति पांडा जी रहे। वे हमारे सहकर्मी और मातहत थे। कोई भी जटिल से जटिल काम उनको समझाकर सौंपता तो वे श्रीमान समय से पहले ही उसे ठीक ठीक पूरा कर डालने में माहिर थे। कार्यालय की गोपनीयता उन्होंने कभी नहीं तोड़ी जैसे भरोसा। पर उनके साथ एक दिक्कत थी। वे बड़ी गंदगी से रहते। उनके बदन से हमेशा बदबू आती रहती।आदतें गन्दी।मेरे घर में उनके आने पर अघोषित प्रतिबंध अन्तःपुर से लगा दिया गया था और मुझे सम्बन्ध न रखने की कड़ी चेतावनी भी दी गयी थी। पर उस अच्छे और भरोसेमंद इंसान से मैंने छिप छिप कर सम्बन्ध रखा। मेरे दूसरे एक दोस्त को यह बात मालूम हो गयी। वह हमेशा पांडा जी के बारे में मुझसे अकेले में कहता-बड़ा रहस्यमय रिश्ता है आपका। रामलाल-रवि बाबू,आप ऐसे ही रहस्यमय रिश्ते से डरे बैठे हैं। आपको हम बताते हैं।अपने भैया जी को ही लीजिए। अरे भैया जी वही, हमारे विधायक जी जो आजकल मंत्री महोदय हैं। वे अन्य सभी दलों के नेताओं की जमकर सरेआम बुराई करते,उनकी बखिया उधेड़ते। अपशब्द तक अपनी औकात से सार्वजनिक रूप में कह डालते।उन लोगों पर कानूनी करवाई कराकर जेल भेजने की बात हर प्रेस कांफ्रेंस में खुलेआम करते। जिस किसी दल की सरकार बनती वे दल बदल कर मंत्री बन बैठते। सत्ता पक्ष के मंत्री -नेता लोगों को महीने में एक दिन घर बुलाकर जबरदस्त पार्टी देते। पर अमूमन खाली रहे तो हर रविवार रात में बारी-बारी से विरोधियों को अपने फार्म हाउस में चुपके से बुलाते। उन्हें खुश करने के हथकंडे जैसे शराब-कबाब-शबाब में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखते। खूब ठहाके लगाते। पर कभी कोई कारवाई नहीं करते। यह सब उस रहस्यमय रिश्ते की मांग है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशांत करण**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### स्नान पूर्णिमा की तैयारी जोरों पर

# भगवान जगन्नाथ करेंगे पवित्र स्नान

**एजेंसी। पुरी**

**27 जून** को होने वाली रथ यात्रा की प्रशासनिक तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। मंदिर के सेवक अपने-अपने कार्यों में जुटे हैं, ताकि यह आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो। स्नान पूर्णिमा और रथ यात्रा को देखने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचने लगे हैं। प्रशासन भी सुरक्षा और व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम कर रहा है।



ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा से पहले स्नान पूर्णिमा उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दैतापति सेवक बिनायक दास महापात्र ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में इस पवित्र आयोजन के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि भारत में पुरी एक अनूठी जगह है, जहां भगवान जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं। स्नान पूर्णिमा और रथ यात्रा जैसे आयोजन भगवान और भक्तों के बीच गहरे रिश्ते को दर्शाते हैं। बिनायक दास महापात्र ने बताया, "जब भगवान को बुखार होता है, तो ऐसा माना जाता है कि वह भक्तों के कष्ट अपने ऊपर ले लेते हैं। स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान 15 दिनों तक 'अनासर' में रहते हैं, जहां विशेष अनुष्ठानों के साथ उनकी सेवा की जाती है। यह समय भगवान की अलौकिक शक्ति और भक्तों के प्रति उनके प्रेम को दिखाता है।" उन्होंने कहा कि नंदीघोष, तालध्वज और देवदलन रथों पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जनकपुर की यात्रा करते हैं और लाखों भक्त उनके दर्शन के लिए उमड़ पड़ते हैं। बुधवार, 11 जून को स्नान पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा रत्न सिंहासन से निकलकर स्नान बेदी की ओर बढ़ेंगे।



# प्रयागराज में दिखा भक्ति, आस्था का अनोखा संगम

**एजेंसी। प्रयागराज**

आस्था की नगरी संगम नगरी प्रयागराज में ज्येष्ठ माह का पांचवा बड़ा मंगल बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही बंधवा हनुमान मंदिर में हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर में लंबी कतारें लगीं। भक्त तुलसी की माला, फूल, सिंदूर और लड्डू चढ़ाने के लिए उत्साहित नजर आए। मंदिर के बाहर और अंदर 'जय श्रीराम' के जयकारे गूंजे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ज्येष्ठ माह के हर मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है। यह दिन विशेष रूप से बजरंगबली को समर्पित होता है। भक्तगण इस दिन हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखते हैं, उनकी पूजा करते हैं, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हैं। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। मंदिर परिसर में लोग पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ बजरंगबली की आराधना करते हुए दिखाई दिए। सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही ताकि श्रद्धालु आसानी और सुरक्षित तरीके से दर्शन कर सकें। बता दें कि बंधवा हनुमान मंदिर प्रयागराज का एक प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है। यहां लेटे हुए हनुमान जी की विशाल प्रतिमा है। ऐसा माना जाता है कि इस मूर्ति के दर्शन से मोक्ष की प्राप्ति होती है और भगवान हनुमान की विशेष कृपा मिलती है। मंदिर में आए श्रद्धालुओं ने बजरंगबली से अपने और अपने परिवार के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



### बड़ा मंगल : हनुमान मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, 'जय श्रीराम' के नारों से गूंजा परिसर

अमेठी, 10 जून (आईएएनएस)। ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार को उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को मिली। हनुमान जी के दर्शन और पूजन के लिए लोगों में गजब का उत्साह नजर आया। खासकर 'जामों के गौरा' स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में "संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा" और हनुमान जी के जयकारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के साथ-साथ चौराहों और कस्बों में स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिए रास्तों को डायवर्ट किया, ताकि व्यवस्था बनी रहे। वहीं, मिठाई और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी प्रसाद लेने के लिए भीड़ देखने को मिली। हनुमान गढ़ी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मंगलकामनाएं मांगी। मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल रहा, जहां लोग भक्ति और आस्था में डूबे नजर आए। भक्तों का कहना था कि हनुमान जी के दर्शन से उनके सारे दुख-दर्द मिट जाते हैं।बता दें, ज्येष्ठ मास के मंगलवार को बड़का मंगल, बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है।

## 20 लाख की रिश्वत मांगी, 10 लाख लेते ही रंगे हाथ धराए ओडिशा के आईएएस अधिकारी

**एजेंसी। ओडिशा**



ओडिशा सतर्कता विभाग ने रविवार को 2021 बैच के आईएएस अधिकारी धीमान चकमा को कथित तौर पर 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। ओडिशा के कालाहांडी जिले में उप-कलेक्टर के पद पर तैनात चकमा ने एक स्थानीय व्यवसायी से 20 लाख रुपये की मांग की थी और कथित तौर पर रिश्वत की एक किस्त स्वीकार कर रहा था। चकमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले व्यवसायी ने आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारी ने मांगी गई राशि का भुगतान न करने पर उसके व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, उप-कलेक्टर ने उन्हें ओडिशा के धरमगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया, रिश्वत की रकम ली और उसे वहां एक मेज की दराज में रख दिया। शिकायतकर्ता को धरमगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया, रिश्वत की राशि ली और उसे अपनी मेज की दराज में रख लिया। अधिकारी ने कथित तौर पर अलग-अलग मूल्यवर्ग के 100 रुपये के नोटों के सभी 26 बंडलों की गिनती की और फिर नकदी को अपने आवास कार्यालय की मेज के दराज के अंदर रख दिया। सतर्कता विभाग ने उनके आधिकारिक आवास से तलाशी के दौरान लगभग 47 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की।

## सिर्फ 3 महीने में दिल्ली बर्बाद हो गई : अरविंद केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली पुलिस द्वारा तोड़फोड़ विरोधी अभियान के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी को हिरासत में लिए जाने के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शहर की स्थिति खराब करने का आरोप लगाया। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में केजरीवाल ने लिखा, "उन्होंने सिर्फ तीन महीनों में दिल्ली को बर्बाद कर दिया।" दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी को कालकाजी के भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ विरोधी प्रदर्शन में हिस्सा लेने के बाद हिरासत में ले लिया। पत्रकारों से बात करते हुए आतिशी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग श्राप देंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी कल इन झुग्गियों को ध्वस्त करने जा रही है, और मुझे आज जेल भेजा जा रहा है क्योंकि मैं इन झुग्गीवासियों के लिए आवाज उठा रहा हूं। बीजेपी और रेखा गुप्ता को झुग्गी वालों की हाए लगेगी।' ...भाजपा कभी वापस नहीं आएगी।

### 'रक्षा शक्ति' के 11 साल पूरे, पीएम मोदी बोले

# आत्मनिर्भर बनने पर दिया पूरा ध्यान

- आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों की सफलता
- भारत अब एक वैश्विक रक्षा निर्यातक बन चुका है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



### प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों में भारत का रक्षा और तकनीकी क्षेत्र में ऐतिहासिक उदय

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सिर्फ 11 सालों में भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं, रणनीतिक वैश्विक साझेदारी को मजबूत किया है और स्पेस एक्सप्लोरेशन में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आत्मनिर्भर भारत के उनके (पीएम मोदी) संकल्प से प्रेरित होकर, राष्ट्र ने आत्मनिर्भर नवाचार को अपनाकर ट्रेड और टेक्नोलॉजी में अपने प्रभाव को बढ़ाया है। यह प्रधानमंत्री मोदी के साहसिक दृष्टिकोण और मजबूत भारत के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर एक आत्मविश्वासी, निर्णायक और सम्मानित वैश्विक नेता के रूप में भारत के उदय की कहानी है।"मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी इस मौके पर पोस्ट किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, "पीएम मोदी के ऐतिहासिक नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में हमारे भारत ने प्रत्येक आयाम में श्रेष्ठता सिद्ध की है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना के पराक्रम को विश्व के सामने प्रस्तुत किया है। वर्ष 2014 की तुलना में स्वदेशी रक्षा उत्पादन 174 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 1,27,434 करोड़ रुपये हुआ है, वहीं भारत दुनिया का 5वां सबसे बड़ा रक्षा उपकरण निर्यातक बन चुका है, यह 100 से ज्यादा देशों तक फैल चुका है, जो 2014 में शून्य था। हमें सैन्य प्रौद्योगिकी के मामले में नई वैश्विक पहचान मिली है।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए 'रक्षा शक्ति के 11 साल' पूरे होने का जश्न मनाया है। इसके साथ ही उन्होंने आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर दोहरे फोकस को रेखांकित किया है।

'एक्स' पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, "पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि भारत के लोग अपने देश को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ कैसे एकजुट हुए हैं! रक्षा मंत्रालय और वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की भावना को दोहराते हुए स्वदेशीकरण और नवाचार की दिशा में देश के कदम की तारीफ की है। रक्षा मंत्रालय ने इस उपलब्धि के बारे में अपने 'एक्स' अकाउंट पर विस्तार से लिखा है। मंत्रालय ने लिखा,"पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक रूप से आगे बढ़ा है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन डंडिया जैसे अभियानों के तहत अब भारत रक्षा निर्यातक के रूप में वैश्विक स्तर पर उभरा है। ब्रह्मोस मिसाइल और उन्नत पनडुब्बियों जैसी स्वदेशी तकनीकों ने देश की सुरक्षा को और मजबूत किया है। आज भारत 100 से ज्यादा देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है। इस अवसर पर हम एक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हुए इस परिवर्तन को नमन करते हैं।" इसके अलावा एक अन्य पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में, भारत का स्वदेशी रक्षा उत्पादन 2014 में 46,429 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 1,27,434 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 174 प्रतिशत वृद्धि है। आत्मनिर्भर भारत से आज हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिल रही है। "रक्षा गलियारों में 50,083 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, भारत अपनी निर्माण क्षमताओं को बढ़ा रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी नीतियों से जम्मू और कश्मीर में 2023 से पत्थरबाजी की कोई घटना नहीं हुई, जो पहले की 2,654 घटनाओं से 100 प्रतिशत कमी को दर्शाती है। इस अवधि के दौरान प्रमुख उपलब्धियों में डिफेंस एक्सपोर्ट में रिकॉर्ड वृद्धि शामिल है, जो हाल के वर्षों में 21,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

### एनसीपी के स्थापना दिवस पर बोले शरद पवार

## कभी नहीं सोचा था पार्टी में दरार आएगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एनसीपी (सपा) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि 26 साल पहले उनके द्वारा सह-स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन होगा और उन्होंने चुनौतियों के बावजूद इसे आगे बढ़ाने के लिए अपने संगठन के कार्यकर्ताओं की सराहना की। पवार एनसीपी के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसका विभाजन 2023 में होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आप बिना हतोत्साहित हुए पार्टी को आगे ले जाते रहे। पार्टी में विभाजन हुआ। हमने कभी नहीं सोचा था कि पार्टी में विभाजन होगा, लेकिन ऐसा हुआ। पवार ने कहा कि कुछ लोग दूसरी विचारधाराओं के साथ चले गए और यह विभाजन और बढ़ गया। मैं आज इस बारे में बात नहीं करना चाहता। लेकिन जो लोग पार्टी के प्रति वफादार रहे, वह हमारी पार्टी की विचारधारा के कारण था। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में एक अलग तस्वीर सामने आएगी। जुलाई 2023 में शरद पवार के भतीजे अजित पवार के तत्कालीन शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में शामिल होने के बाद एनसीपी का विभाजन हो गया।

## हिंदू धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाला वजाहत खान गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**



कोलकाता पुलिस ने हिंदू धर्म को लेकर विवादास्पद टिप्पणी करने वाले वजाहत खान को गिरफ्तार कर लिया है। वजाहत पर आरोप है कि उसने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर हिंदू धर्म के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1)(अ), 299, 352 और 353(1)(सी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रसून मोइत्रा ने वजाहत खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है। मोइत्रा ने वजाहत की तरफ से किए गए पोस्ट को भी पुलिस को सौंपते हुए कहा कि आजकल धार्मिक भावनाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है, तो ऐसी सूरत में मुझे पूरी उम्मीद है कि आप इस मामले को भी गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस को इस पूरे मामले में अपनी कार्यशैली को कुछ इस तरह से रखना होगा कि उनकी निष्पक्षता पर सवाल न उठे। हिंदू धर्म को लेकर अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर विवादित टिप्पणी करने वाला वजाहत खान कई दिनों से फरार चल रहा था। लेकिन, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अब उससे इस मामले में पूछताछ हो रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, वह कोलकाता में एमहर्स्ट स्ट्रीट के पास एक फ्लैट में छिपा हुआ था।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## मंत्रिमंडल की बैठक में 22 प्रस्तावों की मंजूरी पंचायतों में 8,093 लिपिकों की होगी बहाली

**एजेंसी। पटना**



बिहार में पंचायती राज व्यवस्था को दुरुस्त करने, पंचायत स्तरीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा समुचित अभिलेखन के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय और पंचायत राज अभियंत्रण संगठन कार्यालय के लिए जल्द ही 8,093 लिपिकों की बहाली की जाएगी।

बिहार मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने पत्रकारों को बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। बिहार सरकार की महिला सरकारी सेवकों को उनके पदस्थापना स्थल के निकट अवसान सुविधा उपलब्ध कराने की नीति के निर्धारण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अंतर्गत वायुयान संगठन निदेशालय में विभिन्न श्रेणी के चार नियोजन आधारित पदों को सृजित किया गया है। वहीं पटना के जयप्रकाश नारायण अस्पताल में स्पोर्ट्स इंजरी इकाई की स्थापना एवं संचालन के लिए 36 नए पदों को सृजित किया गया है। इसके अलावा बैठक में कृषि विपणन निदेशालय में विभिन्न कोटि के 14 पदों को सृजित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत राज्य के अनुसूचित जनजाति कोटि के चिह्नित नौ जनजाति के योग्य लाभुकों को केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास का लाभ देने की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

## नीतीश-बीजेपी ने लॉ एंड ऑर्डर का अंतिम संस्कार कर दिया



- बिहार में बढ़ते क्राइम पर लालू यादव ने कहा

**पटना।** बिहार में बढ़ती अपराध दर पर बढ़ती चिंता के बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला किया और राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। लालू-राबड़ी के दौर में "जंगल राज" की नीतीश कुमार की लंबे समय से चली आ रही आलोचना पर कटाक्ष करते हुए राजद नेता ने कहा, "नीतीश कुमार कहते थे कि लोग शाम 5 बजे के बाद अपने घरों से निकलने से डरते हैं। क्या ये सभी अपराध अब शाम 5 बजे के बाद हो रहे हैं? क्या वह हमें बता सकते हैं कि शाम 5 बजे से पहले दिनदहाड़े कितनी हत्याएँ हो रही हैं।

### सबवेंशन स्कीम घोटाला मामला

# प्राधिकरण ने सीबीआई को दी 112 बिल्डर प्रोजेक्ट की जानकारी

**एजेंसी। नोएडा**




- सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर चल रही जांच

नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सबवेंशन स्कीम के नाम पर हुए बड़े घोटाले की जांच में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अहम कदम उठाते हुए 112 बिल्डर प्रोजेक्ट से जुड़ी विस्तृत जानकारी मांगी थी। नोएडा प्राधिकरण ने सभी संबंधित दस्तावेज अब सीबीआई को सौंप दिए हैं। इन प्रोजेक्ट्स में शामिल अधिकतर बिल्डर ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट के नामचीन बिल्डर्स हैं, आरोप है कि इन्होंने बैंकों के साथ मिलकर लोन स्कीम के जरिए खरीदारों को फंसाया और बाद में लोन की राशि दूसरी परियोजनाओं में डायवर्ट कर दी। यह जांच सुप्रीम कोर्ट के 29 अप्रैल को दिए गए आदेश के बाद शुरू हुई है, जिसमें कोर्ट ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरणों को निर्देश दिया था कि वे सीबीआई को पूरी जानकारी मुहैया कराएं और इसके लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें। इस आदेश के अनुपालन में नोएडा प्राधिकरण ने अपने अकाउंट ऑफिसर संजीव दत्ता को नोडल अधिकारी बनाया। सीबीआई ने शुरुआत में 9 बिल्डरों की जानकारी मांगी थी, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 112 प्रोजेक्ट तक पहुंच गई है। प्राधिकरण ने इन परियोजनाओं से संबंधित स्वीकृत पत्र, लेआउट प्लान, बकाया विवरण, रजिस्ट्री व को-डेवलपर्स की जानकारी एकत्र कर सीबीआई को फाइल के रूप में सौंप दी है। इससे पहले प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी से जुड़ी जानकारी भी सीबीआई को दे दी थी। बताया जा रहा है कि वर्ष 2014 से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सबवेंशन स्कीम के तहत कई ग्रुप हाउसिंग योजनाएं शुरू हुईं। योजना के तहत फ्लैट की रजिस्ट्री तक बिल्डर को ईएमआई का भुगतान करना होता था, लेकिन कुछ समय बाद बिल्डरों ने भुगतान बंद कर दिया। खरीदारों को न तो फ्लैट मिले और न ही बैंक की किश्तों से राहत। इसके कारण हजारों खरीदार डिफॉल्टर हो गए। इन योजनाओं में कई बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से लोन पास कराए और बैंकों ने बिना साइट निरीक्षण के भारी भरकम रकम जारी कर दी।

### मोदी सरकार के 11 | संविधान का हो रहा सम्मान, भारत बना चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश

# तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टीकरण के लिए काम : योगी

- 11 वर्ष में भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है

**एजेंसी। लखनऊ**




### विकास की राह पर आत्मनिर्भर भारत

अब सरकारी योजनाओं का लाभ चेहरा देखकर नहीं, बल्कि जरूरत देखकर मिलता है। अब तुष्टिकरण के आधार पर नहीं, बल्कि संतोष के आधार पर कार्य योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद से मुक्त होकर, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। अगले 25 सालों के लिए कार्ययोजना बनाकर, इन 11 सालों में भारत ने न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष में, बल्कि सेवा, सुशासन और आर्थिक मोर्चे पर भी नई पहचान बनाई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा मुख्यालय में उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण नहीं, संतोष के लिए भारत सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 सालों में विकास केवल नारे नहीं हैं, बल्कि विरासत और विकास का समन्वय करते हुए आम जनता को साथ लेकर चलते हुए दुनिया में नई पहचान दिलाई गई है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है। वंशवाद की राजनीति समाप्त हुई, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लेकर एनडीए में भर्ती तक महिलाओं को अधिकार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए संविधान का सम्मान हो रहा है, पहली बार संविधान दिवस मनाया जा रहा है। 2014 के पहले अविश्वास का भारत था, पिछले 11 वर्ष में भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। आज जब 11 वर्ष केंद्र सरकार के हो रहे हैं तो जापान को पछाड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, भारत ने अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ाई है, आज प्रति व्यक्ति आय लगभग ढाई लाख हुई है। सीएम ने कहा कि आज निर्यात बढ़ा है, जिस भारत की विकास की दर इतनी तेजी से बढ़ रही है, यह तय है कि 2027 तक भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर है। सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसी इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर काम किया था। यूपीए कार्यकाल के दौरान हाईवे निर्माण की स्पीड 11 किमी प्रतिदिन थी, आज यह 35 किमी/हर दिन बन रही है।

# धोनी आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल

## बोले- मेरे लिए गर्व की बात



**नई दिल्ली । एजेंसी**

नई दिल्ली भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के करियर को लेकर कहा, "17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच... ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं। वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा।

**5 पुरुष और 2 महिला क्रिकेटर लिस्ट में शामिल :** आईसीसी की ओर से हॉल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं। पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं। वहीं, महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की सना मीर और इंग्लैंड की सारा टेलर को यह सम्मान मिला है।

वहीं, आईसीसी ने बताया कि 2007 में जब भारत ओडीआई वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था, तब मुश्किल परिस्थिति में T20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और रॉबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता।

धोनी अब तक के एकमात्र भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने भारत को तीनों आईसीसी ट्रॉफी – 2007 T20 वर्ल्ड कप, 2011 ODI वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जिताई हैं। उनके नेतृत्व में भारत टेस्ट में भी नंबर-1 टीम बना। हालांकि उन्होंने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल में अब भी खेल रहे हैं।

### आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने बधाई दी



आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हॉल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया। जय शाह ने कहा, "इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।

# निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 की उम्र में लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

- निकोलस पूरन ने 2014 के अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया था

**नई दिल्ली । एजेंसी**



10 जून (आईएएनएस)। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। पूरन के अचानक लिए गए इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। आईसीसी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है।

कुछ दिनों पहले ही साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने की घोषणा की थी, जिसके बाद एक और मशहूर विकेटकीपर-बल्लेबाज का संन्यास क्रिकेट प्रेमियों को चौंका गया। 29 वर्षीय निकोलस पूरन ने संन्यास का ऐलान करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, "मैंने काफी सोचने और विचार-विमर्श करने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है।

यह खेल जिससे हम प्यार करते हैं, उसने बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। मैरून जर्सी पहनना, एंथम के लिए खड़े होना, और हर बार मैदान पर उतरते समय अपना सब कुछ देना... इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि इसका मेरे लिए क्या मतलब है। टीम का कप्तान होना एक ऐसा सौभाग्य है, जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन्होंने आगे लिखा, "फैंस के लिए- आपके अटूट प्यार के लिए धन्यवाद।

# प्रो लीग : लगातार दो हार के बाद अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

**एम्सटेलवीन । एजेंसी**

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। भारतीय टीम के लिये यूरोप चरण की शुरूआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2.1 और 3.2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढत बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाए।



इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रो लीग के जरिये अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हमें पता है कि अर्जेंटीना के खिलाफ कड़ी चुनौती होगी। टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।

### बेंगलुरु भगदड़ मामला

# कर्नाटक हाई कोर्ट ने सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का दिया आदेश

**कर्नाटक (आईएएनएस)**



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार (10 जून) को राज्य को बेंगलुरु भगदड़ मामले में सीलबंद लिफाफे में अपना जवाब पेश करने की अनुमति दे दी। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जून को होगी। कोर्ट ने इस हादसे का स्वतः संज्ञान लिया था। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने आए फैंस के बीच भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई। इस मामले पर अगले दिन हाई कोर्ट स्वतः संज्ञान लिया था। अदालत इस हादसे के पीछे की वजह का पता लगाना चाहती है। अदालत जानना चाहती है कि क्या इस हादसे को रोका जा सकता था और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए। मंगलवार को सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति सीएम जोशी की खंडपीठ के समक्ष बताया कि उन्होंने जवाब दाखिल नहीं किया है।

### भारत बनाम इंग्लैंड

# पहले ही टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के पास इतिहास रचने का मौका

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है, जिसके पहले ही मैच में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास इतिहास रचने का मौका होगा। लीड्स में दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट खेला जाना है, जिसमें अपना दूसरा विकेट लेते ही जसप्रीत बुमराह पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम का रिकॉर्ड ब्रेक कर देंगे। वसीम अकरम ने एसईएनए (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में 146 विकेट झटके हैं। जसप्रीत बुमराह (145 विकेट) इस मामले में अकरम से महज एक कदम पीछे हैं। अगर बुमराह इस सीरीज में दो विकेट लेते हैं, तो वह सेना देशों में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले एशियाई गेंदबाज बन जाएंगे।



# दीपिका पादुकोण देशभर में खोलेंगी 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' के 75 नए सेंटर



**मुंबई (आईएएनएस)**

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जितनी बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, उतनी ही अच्छी बैडमिंटन प्लेयर रह चुकी हैं। बता दें कि वह नेशनल लेवल पर बैडमिंटन खेल चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह बचपन से ही बैडमिंटन खेलते हुए बड़ी हुई हैं। इस खेल ने उनकी ज़िंदगी को नया आकार दिया है।

ऐसे में वह चाहती हैं कि और लोग भी इस खेल से जुड़ें, इसके लिए उन्होंने पूरे देश में 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' के 75 नए सेंटर खोलने का लक्ष्य रखा है। दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने पापा प्रकाश पादुकोण के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। उनके पापा बैडमिंटन के जाने-माने खिलाड़ी रह चुके हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, "मैंने बचपन में बैडमिंटन खेला है, और मैंने खुद महसूस किया है कि यह खेल इंसान की जिंदगी को कई तरीकों से बदल सकता है, शारीरिक, मानसिक और भावनाओं से भी। दीपिका ने बताया कि 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' (पीएसबी) के 75 नए सेंटर देशभर में खोले जा रहे हैं। पीएसबी के जरिए हम चाहते हैं कि बैडमिंटन की खुशी और अनुशासन हर क्षेत्र के लोगों तक पहुंचे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# स्विट्जरलैंड में पीयूष गोयल की शीर्ष बिजनेस लीडर्स से मुलाकात

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

### व्यापार और निवेश को लेकर बैठकें



- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्विट्ज़रलैंड के प्रमुख बिजनेस लीडर्स से मुलाकात की।
- भारत और स्विट्ज़रलैंड के बीच व्यापार, निवेश, साझेदारी और नए अवसरों पर चर्चा की गई।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्विट्जरलैंड के प्रमुख बिजनेस लीडर्स के साथ दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के रोमांचक अवसरों, साझेदारियों और नए रास्तों पर चर्चा की। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मंत्री ने बताया कि भारतीय कारोबारी प्रतिनिधियों के साथ उनकी शाम दिलचस्प रही। कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए पीयूष गोयल ने लिखा, " भारत और स्विट्जरलैंड के बीच व्यापार और निवेश के रोमांचक अवसरों, साझेदारियों और नए रास्तों पर गहन चर्चा की। गोयल ने सोमवार को स्विट्जरलैंड की अपनी पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू की है। इस यात्रा के दौरान वह व्यापार संबंधों को और मजबूत करने के लिए स्वीडन भी जाएंगे। मंत्री पीयूष गोयल ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "आज स्विस संसद का दौरा करना और स्विस फेडरल काउंसलर, मेरे मित्र गाइ परमेलिन से मिलना एक शानदार अनुभव था। 1960 में चंडीगढ़ में अपने प्रवास के दौरान प्रसिद्ध स्विस-फ्रेंच वास्तुकार ली कॉर्बूसियर की बनाई गई 'कॉर्टेज' नामक कुछ कीमती 'लिथोग्राफ पेंटिंग' देखने का मौका मिला। पीयूष गोयल ने हाल ही में स्थापित आईसीएआई स्विट्जरलैंड ज्यूरिख चैप्टर के अध्यक्ष और कमेटी मेंबर्स से भी मुलाकात की। वाणिज्य मंत्री ने कहा, "बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) क्षेत्र में भारत की फिनटेक विशेषज्ञता और सहयोग के मौकों को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा हुई।

# महाराष्ट्र के पहले ग्रीन बॉन्ड की बीएसई पर हुई लिस्टिंग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पहले ग्रीन बॉन्ड की बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर मंगलवार को लिस्टिंग हुई। यह ग्रीन बॉन्ड पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका (पीसीएमसी) की ओर से जारी किया गया है। पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका के आयुक्त शेखर सिंह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि पीसीएमसी के लिए यह बहुत बड़ा दिन है। आज महाराष्ट्र के पहले और देश के तीसरे या चौथे ग्रीन बॉन्ड की लिस्टिंग हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पीसीएमसी का यह दूसरा बॉन्ड इश्यू है। इस ग्रीन बॉन्ड को निवेशकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है और यह 5.1 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, इसका कूपन रेट 7.85 प्रतिशत रहा है। शेखर सिंह ने बताया कि पीसीएमसी एक एए प्लस रेटेड कॉरपोरेशन है और हमारे बॉन्ड को एए प्लस रेटिंग मिली है।

### व्हाट्सएप्प का नया फीचर

# व्हाट्सएप्प वेब में आया चैट मीडिया हब, अब फाइल्स ढूंढना होगा आसान

व्हाट्सएप्प वेब यूजर्स के लिए एक बेहद उपयोगी फीचर लाने की तैयारी की है, जिसे "चैट मीडिया हब" नाम दिया गया है। इस फीचर के जरिए अब यूजर्स अपने व्हाट्सएप्प अकाउंट में भेजे और प्राप्त किए गए सभी मीडिया कंटेंट को एक ही जगह पर आसानी से देख और मैनेज कर सकेंगे। व्हाट्सएप्प एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो निरंतर अपने फीचर्स को अपडेट कर यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाता रहता है। इस बार कंपनी ने व्हाट्सएप्प वेब यूजर्स के लिए एक बेहद उपयोगी फीचर लाने की तैयारी की है, जिसे "चैट मीडिया हब" नाम दिया गया है। इस फीचर के जरिए अब यूजर्स अपने व्हाट्सएप्प अकाउंट में भेजे और प्राप्त किए गए सभी मीडिया कंटेंट को एक ही जगह पर आसानी से देख और मैनेज कर सकेंगे।अब तक यह सुविधा केवल एंड्रॉयड और आईओएस एप यूजर्स के लिए उपलब्ध थी, लेकिन जल्द ही व्हाट्सएप्प वेब यूजर्स भी इस शानदार सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। चैट मीडिया हबएक सेंट्रलाइज्ड ब्राउज़र की तरह काम करेगा, जो यूजर के सभी चैट्स– चाहे वे व्यक्तिगत हों या ग्रुप – उनसे जुड़ी हुई सभी फाइल्स, फोटो, वीडियो, लिंक और डॉक्युमेंट्स को एक ही डैशबोर्ड पर पेश करेगा।



### अन्य काम के फीचर्स जो बनाते हैं इस हब को खास

*व्हाट्सएप ने इस हब को केवल मीडिया देखने तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि कई उपयोगी ऑप्शन्स भी इसमें शामिल किए हैं:*

- **बैच ऑपरेशन्स:** यूजर अब एक साथ कई फाइल्स को सिलेक्ट कर उन्हें डाउनलोड, फॉरवर्ड या डिलीट कर सकता है।
- **सर्च बार और सॉर्टिंग ऑप्शन:** मीडिया फाइल्स को डेट या साइज के आधार पर खोजा और फिल्टर किया जा सकता है।
- **कंटेक्स्ट व्यू:** किसी डॉक्युमेंट या लिंक के साथ यह भी दिखेगा कि वह किसने और कब भेजा था, जिससे संदर्भ समझने में आसानी होगी।

### चैट मीडिया हब फीचर में क्या-क्या मिलेगा?

*चैट मीडिया हबको तीन मुख्य टैब्स में बांटा गया है जो यूजर इंटरफेस को साफ-सुथरा और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाते हैं:*

**1. मीडिया टैब:** इसमें यूजर को व्हाट्सएप पर शेयर की गई सभी फोटो, वीडियो और जीआईएफ फाइल्स दिखाई देंगी।

**2. डॉक्युमेंट्स टैब :** इस सेक्शन में भेजे या प्राप्त किए गए डॉक्युमेंट्स की पूरी लिस्ट मिलेगी।

**3. लिंक टैब :** यहां यूजर को वेब लिंक दिखेंगे जो किसी भी चैट के माध्यम से साझा किए गए हैं।

### चैट मीडिया हब के क्या हैं फायदे?

**1. स्पेस मैनेजमेंट में मददगार :** यूजर्स बड़ी साइज की मीडिया फाइल्स को पहचानकर उन्हें डिलीट कर सकते हैं, जिससे कंप्यूटर की स्टोरेज स्पेस बचाई जा सकती है।

**2. फाइल खोजने में आसानी:** कई बार हम भूल जाते हैं कि कोई जरूरी डॉक्युमेंट या फोटो किस चैट में आया था। इस सेंट्रल हब की मदद से अब उसे ढूंढना बेहद आसान होगा।

**3. बेहतर नियंत्रण:** यह हब यूजर को उनके सभी मीडिया पर बेहतर नियंत्रण देता है, जिससे वे बिना किसी श्रम के फाइल्स को एक्सेस और मैनेज कर सकें।

### क्या लॉक्ड चैट्स का मीडिया भी इसमें शामिल होगा?

इस समय यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि यह नया फीचर लॉक्ड चैट्स के मीडिया को शामिल करेगा या नहीं। लेकिन माना जा रहा है कि कंपनी इस दिशा में भी काम कर रही है, ताकि यूजर की गोपनीयता बनी रहे और फिर भी वे अपनी जरूरत की मीडिया फाइल्स को मैनेज कर सकें।

हालांकि व्हाट्सएप की ओर से कोई आधिकारिक लॉन्च डेट घोषित नहीं की गई है, लेकिन बीटा वर्जन में इस फीचर की टेस्टिंग चल रही है।

# अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने मानसून तैयारी के लिए कदम बढ़ाए

**मुंबई (आईएएनएस)**



देश की दिग्गज इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने मंगलवार को कहा कि मानसून सीजन में 31.5 लाख ग्राहकों तक निर्बाध बिजली पहुंचाने के उद्देश्य से कंपनी ने अपनी आपदा प्रतिक्रिया पहलों को बढ़ा दिया है। मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने अपने सेंट्रल डिजास्टर कंट्रोल सेंटर (सीडीसीसी) को सक्रिय कर दिया है। यह महत्वपूर्ण केंद्र प्रतिक्रिया प्रयासों को व्यवस्थित करेगा और चौबीसों घंटे काम करेगा, जिससे मानसून की पूरी अवधि में त्वरित कार्रवाई और संचार सुनिश्चित होगा। कंपनी ने एक बयान में कहा, "वितरण नेटवर्क में सात क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) को रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। ये टीमें मानसून के मौसम में उत्पन्न चुनौतियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई व्यापक प्रतिक्रिया, रिकवरी और रेस्टोरेशन योजनाओं से लैस हैं।कंपनी ने बताया, बढ़ते जल स्तर की निगरानी के लिए 98 एडवांस वाटर लेवल सेंसर महत्वपूर्ण स्थानों पर एडवांस डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम के साथ एकीकृत किया गया हैं। यह सेटअप बाढ़ से संबंधित विद्युत समस्याओं को रोकने और उनका जवाब देने की क्षमता को बढ़ाता है।

# म्यूचुअल फंड में एसआईपी इनफ्लो मई में ऑल-टाइम हाई पर रहा

**नई दिल्ली।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) इनफ्लो मई में ऑल-टाइम हाई 26,688 करोड़ रुपए पर रहा है। अप्रैल में यह आंकड़ा 26,632 करोड़ रुपए था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एम्फी) की ओर से मंगलवार को जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई। एसआईपी का लगातार बढ़ता इनफ्लो दिखाता है कि लोग लंबी अवधि के नजरिए से म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। एम्फी के डेटा के मुताबिक, मई में एसआईपी योगदान देने वाले खातों की संख्या बढ़कर 8.56 करोड़ हो गई है, जो कि पिछले महीने में 8.38 करोड़ पर थी। स्मॉलकेस मैनेजर और ग्रोथ इन्वेस्टिंग के संस्थापक नरेंद्र सिंह ने कहा कि निवेशकों की प्राथमिकताएं विकसित हो रही हैं।

# बीते 11 वर्षों में भारतीय शेयर बाजार में हुई शानदार तेजी : आशीष कुमार

**मुंबई (आईएएनएस)**



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के बीते 11 वर्षों में शेयर बाजार में शानदार तेजी हुई है। इस कारण पूरे देश में स्टॉक मार्केट से बड़ी संख्या में निवेशक जुड़े हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए आशीष कुमार चौहान ने कहा कि मई 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से छोटे शहरों और कस्बों सहित देश भर से शेयर बाजारों में भाग लेने वाले निवेशकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। तब बाजार में निवेशकों की संख्या 1.67 करोड़ थी। आज एनएसई पर 11.5 करोड़ से अधिक यूनिक निवेशक हैं। बाजार पूंजीकरण जो 2014 में करीब 67 लाख करोड़ रुपए था, अब 440 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

एनएसई सीईओ ने कहा कि बीते 11 वर्षों में पूरे देश में राजनीतिक स्थिरता रही है और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) एवं मोबाइल डेटा में मजबूत वृद्धि से भारतीय शेयर बाजारों को निवेशकों का विश्वास प्राप्त हुआ है। एनएसई के सीईओ ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "आज लोग मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ म्यूचुअल फंड में निवेश करने या यहां तक कि सीधे शेयर बाजारों में प्रवेश करने में सक्षम हैं।

# विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रौशन किया



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद मिडिल स्कूल के छात्रों ने शत् प्रतिशत वर्ग आठ के विद्यार्थियों ने सभी विषयों में ए प्लस लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। इस मौके पर सम्मान समारोह आयोजित कर मुंह मीठा कर विद्यालय सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस सादे समारोह में प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिंहा शिक्षिकाओं में सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश उपस्थित थे। उल्लेखनीय हैं कि सत्र 2024-25 में राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में 116 विद्यार्थी अध्ययनरत थे , जैक द्वारा आयोजित वर्ग आठ की परीक्षा में102 विद्यार्थी ही सम्मिलित हुए।सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्टता हासिल करते हुए ए प्लस अंक लाये। गौरतलब है कि इस विद्यालय में सभी विषयों की पढाई घंटीवार होती है। सिलेबस के द्वारा निर्धारित पाठ्य समाप्ति के बाद मॉडल प्रश्नों की पुनरावृत्ति होती है।प्रत्येक शैक्षणिक सप्ताहांत दिवस को विषयगत प्रश्नोत्तरी आयोजित किया जाता है।

### जन जागरूकता फैलाने को लेकर डीसी ने किया रथ रवाना

# नशा व्यक्ति के सपनों और उसके भविष्य को नष्ट कर देता है : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** राज्य सरकार द्वारा दिनांक 10 से 26 जून तक प्रस्तावित राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया।जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि नशा न केवल शरीर को बल्कि व्यक्ति के सपनों और उसके भविष्य को भी नष्ट कर देता है।



उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने लातेहार वासियों से अपील करते हुए कहा कि सरकार के इस अभियान में आप सभी सहभागी बनें। नशा ऐसी बुराई है जो केवल व्यक्ति को शारीरिक मानसिक और आर्थिक रूप से खोखला करती है, बल्कि यह परिवार और समाज को भी खोखला बनाती है।

इसलिए हम सभी की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि इसे समाज से बाहर निकालें ।नशा से छुटकारे के लिए तुरंत संपर्क करें- टोल फ्री नम्बर 112 (24×7) सिनपास, रांची, केंद्रीय मनो चिकित्सा संस्थान, रांची, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास डीआरडीए डारेक्टर प्रभात रंजन चौधरी, उपनिर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ चन्दन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी अजय कच्छप, कार्यपालक अभियंता दीपक महतों सहित अन्य उपस्थित थें।

## एकलव्य आदर्श विद्यालय का संचालन 16 जून से प्रारंभ

**लातेहार।** लातेहार परियोजना निदेशक प्रवीण गगरई के द्वारा एकलव्य आदर्श विद्यालय निगाई लातेहार का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा विद्यालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि विद्यालय का भवन एवं छात्रावास भवन का कार्य पूर्ण हो चुका है। विद्यालय का संचालन 16 जून से प्रारंभ किया जाना है। विद्यालय निरीक्षक के क्रम में श्री गगरई के द्वारा प्रभारी प्राचार्य एवं उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि विद्यालय में उपस्थित रहकर कक्षावार बैंच डेस्क का अधिष्ठापन करने तथा बालक एवं बालिका के आवासन्न हेतु बेड का अधिष्ठापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

# संगठन को करें मजबूत : के राजू

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** कांग्रेस का संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को शहर के टाऊन हॉल में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा हुआ ।इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ,प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ,राज्य के पंचायती राज मंत्री दीपिका सिंह पांडेय लातेहार प्रभारी सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ,पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी,मणिका विधायक रामचंद्र सिंह सहित सैकड़ों वरीय कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे। मौके पर प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी को गांव गांव तक मजबूत बनाना है ।इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को गांव में होल्ट भी करना होगा, तभी संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है।



उन्होंने कहा कि आज संविधान खतरे में है। वही प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा ।वही पंचायती राज मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने कहा कि पेशा कानून को लेकर ड्राफ्ट तैयार है। जल्द ही इसे लागू करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुंजर उरांव,यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह कांग्रेस यूथ जिलाध्यक्ष अमित यादव महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनीता देवी प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को कि जागरूक किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड के भगिया पंचायत के ओकाया ,शांति ,चेतर गांव मे किसानों को विकसित कृषि अभियान के तहत कृषि विभाग के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई.इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान एवं वरीय वैज्ञानिक महेश चंद्र जराई ने किसानों को उन्नत खेती हेतु सरकार की चल रही योजना जैसे प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, किसान समृद्धि योजना, तथा कुसुम योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि झारखंड की अधिकांश विभाग अम्लीय है और अम्लीय जमीन में अच्छे उत्पादन के लिए डोलोमाइट या जिप्सम का प्रयोग तीन से चार क्वि प्रति हेक्टेयर की दर से 3 साल में एक बार अवश्य देना चाहिए ।यह कार्यक्रम विगत 29 मई से चलाया जा रहा है जो की आगामी 12 जून तक चल जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र के साथ-साथ लाह अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर अर्णव राय चौधरी चौधरी, डॉ राहुल, डॉ संतोष कुमार यादव डॉ राहुल ने किसानों के बीच जाकर लाह उत्पादन तथा अन्य तकनीकी जानकारी के बारे में विस्तृत बतलाया। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ अरविंद मिश्रा ने किसानों को शुष्क शुष्क बागवानी के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ सुनीता कमल ने किसानों को उन्नत किस्म के बीच तथा बीज उपचार के बारे में जानकारी दी ।अभी तक इस अभियान के तहत प्रत्येक दिन नौ गांव का भ्रमण किया जा रहा है तथा कृषि से संबंधित जानकारी दी जारही है।

### कोयल नदी में नहीं बने हैं पक्के श्मशान घाट

## बरसात में दाह-संस्कार को लेकर होती है परेशानी



नवीन मेल संवादाता

**मोहम्मदगंज।** साप्ताहिक बाजार के पास सहित कई गांव के कोयल तटवर्ती श्मशान में पक्की घाट का निर्माण नहीं हो पाने से खासकर, बरसात में कोयल नदी जब उफान पर होती है, तो किसी का दाहसंस्कार करने में लोगों को काफी परेशानी होती है। परेशानी तब और ज्यादा बढ जाती है, जब बाढ का पानी ओवरफ्लो होकर तटबंध के बाहर के खेतों और सड़क पर फैल जाती है। लोगों का कहना है कि अन्य मौसम में दाहसंस्कार नदी में उतर कर लिया जाता है। मगर बरसात में इसे लेकर परेशानी और जोखिम उठानी पड़ती है। इस दौरान दाहसंस्कार के बाद स्नान करना मुश्किल होता है। हालांकि अभी साप्ताहिक बाजार के पास कोयल नदी में जिस क्षेत्र में दाहसंस्कार किया जाता है, श्मशान भूमि उससे काफी अलग दक्षिणी दिशा में चिन्हित है। मगर तटबंध निर्माण के बाद वहां तक पहुंचना मुश्किल भरा हो गया है। चीता की राख को ठंडा अथवा स्नान करने को लेकर वहां से सीधे नदी के पानी तक पहुंच पाना आसान नहीं होता है। लोगों ने बताया कि यही श्मशान स्थानीय पंचायत के शिलापर गांव को छोड़कर आसपास के अन्य कई दूसरे गांवों के दाहसंस्कार के लिए निर्धारित स्थल है। बावजजूद इसके प्रखंड मुख्यालय स्थित इस श्मशान पर पक्की घाट का निर्माण नहीं किया जाना बड़ा सवाल बन गया है। जबकि जिला पार्षद अंजू देवी ने धूप और बारिश से बचाव के लिए श्मशान शेड का निर्माण करवा दिया है। इससे लोगों को काफी सहूलियत है। इसी प्रकार इस पंचायत अंतर्गत शिलापर गांव के पास भी कोयल नदी में लोगों को किसी के दाहसंस्कार के लिए तटबंध से उतरकर श्मशान तक पहुंच पाना जोखिम भरा होता है। दरअसल, तटबंध निर्माण के समय ही कोयल नदी के इन श्मशान में पक्की घाट बनवाने को लेकर मांग नहीं उठाई गई। इसी वजह से सिंचाई विभाग और ठेकेदारों ने भी इसके प्रति ध्यान नहीं रखा। बाद में किसी भी स्तर के जनप्रतिनिधि की ओर से भी श्मशानघाट निर्माण कराने को गंभीरता से नहीं लिया गया। इसी नदी में भजनियां के पास भी नया तटबंध का निर्माण किया गया है। मगर, वहां भी पक्का श्मशान घाट बनाने की बात सामने नहीं आई है। ऐसी स्थिति में सभी गांवों के लोगों को तटबंध से उतरकर अथवा बरसात में दाहसंस्कार करने की परशानीराजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर उपेक्षा की भेंट चढ गया है, यह कहना गलत नहीं होगा।

# हैदरनगर के संड़ेया में संवाद व सहभागिता कार्यक्रम की महिलाओं ने की सराहना

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड के ग्राम पंचायत सचिवालय संड़ेया में मंगलवार को माहवारी स्वच्छता विषयक ग्रामीण महिलाओं संग जलसहिया ने चर्चा का अयोजन किया। जिसमें प्रखंड वॉश समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि के नेतृत्व में चुप्पी तोड़ो - स्वस्थ रहो अभियान को गति प्रदान की गई। जिसमें मुखिया समेत कई पंचायत प्रतिनिधियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और महिलाओं एवं किशोरियों के बीच माहवारी स्वच्छता पर जागरुक करना इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को कम से कम 100 महिलाओं को इसके प्रति जागरुकता लाने के प्रति स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जलसहिया सीमा विश्वकर्मा ने माहवारी से जुड़े पुरानी सभी मिथ्या को लेकर चुप्पी तोड़ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। साथ माहवारी अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान व भस्मक (इंसिनरेटर) का उपयोग हर हाल पर करने सहित घरेलू शौचालयों को क्रियाशील बनाये रखने पर पहल करने पर जोर दिया। जिससे संक्रमण व अन्य बीमारियों से स्वयं सहित गांव के लोगों को बचाया जा सके। इस कार्यक्रम में मीणा देवी, स्वास्थ्य सहिया सरिता देवी, इंदू देवी, सुमित्रा देवी सहित महिला समूह की सदस्याएं शकुंतला देवी, ममता देवी, रीना देवी, जितनी देवी, चिंता देवी, मुन्नी देवी, कौशल्या देवी, रिंकू देवी, सुशीला देवी, रंजू देवी, हेमंती देवी, राजा देवी, आशा देवी, सुनीता देवी सहित कई किशोरियां व महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम में सामूहिक सहभागिता और खुले संवाद की विशेष सराहना की।



### प्रखंड सभागार में एसबीएम की समीक्षात्मक बैठक

## जलसहियाओं की दी गई ड्रेस कोड की साड़ियां, ग्राम जल स्वच्छता समिति के नवीनीकरण का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में स्वच्छ भारत मिशन की गतिविधियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने सबसे पहले जिस जलसहिया को ड्रेस कोड साड़ी नहीं मिली थी,उन्हें उपलब्ध कराया। तत्पश्चात ग्राम जल स्वच्छता समिति की समीक्षा की। हाल के दिनों में पेयजल और स्वच्छता व मासिक धर्म स्वास्थ्य अभियान की विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने में बेहतर प्रदर्शन करने वाली जलसहियाओं की सराहना की। औरौं को भी ऐसी गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित करने को लेकर प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही ग्राम जल स्वच्छता समितियों का यथाशीघ्र नवीनीकरण कराने को लेकर निर्देशित किया। जिन जलसहियाओं ने इस कार्य को पूरा कर लाया था,उनसे जमा करा लिया। बैठक में जलसहिया शशिबाला, गुंजा, शकुंतला, मीना, उर्मिला, रेशमा, पूनम, मंजू , प्रमिला, प्रभावती,कान्ति, पुष्पा, किरण और देवंती देवी सहित अन्य उपस्थित रहीं।



**मोदी के 11 साल** | राज्यसभा सांसद ने गिनाई मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां, कहा

# रक्षा के क्षेत्र में 34 गुना निर्यात में बढ़ोत्तरी हुई

- **भारत की विकास यात्रा में पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी की सरकार ने हमारी नारी शक्ति को सबसे उपर रखा है**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** केन्द्र के नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा देशभर में 'विकसित भारत का अमृत काल' के रूप में उत्सव मना रही है। इसी के नीमित मंगलवार को लातेहार भाजपा कार्यालय में राज्यसभा सांसद डॉ0 प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर केन्द्र की उपलब्धियों गिनाई और मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।



जिला भाजपा कार्यालय में मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों से सजी प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए राज्यसभा सांसद ने केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जमकर सराहना की और कहा कि पिछले 11 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए निरंतर काम किया है। वहीं पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी की सरकार ने हमारी नारी शक्ति को सबसे उपर रखा है। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ महिलाओं को 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में संगठित करने का कार्य पिछले 11 वर्षों में किया गया है। आईआईटी में महिलाओं के नामांकन में 2024 में 20 फीसदी तक की वृद्धि हुई है। इस अवसर पर मुख्य रूप रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, लातेहार जिला भाजपा प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह, राजधानी यादव, विष्णु गुप्ता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भारत का प्रतीक**

श्री वर्मा ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान हमारी सेना ने कई स्वदेशी रक्षा प्रणालियों का उपयोग किया, जिसने सैन्य प्रौद्योगिकी में देश की आत्मनिर्भरता को दिखाता है, जिसे आज पूरी दुनिया लोहा मान रही है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत नियंत्रण रेखा के पार और पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में जहां 6-7 मई के दरमियान 9 आतंकी शिविरों को सटिकता से नष्ट किया गया। वहीं 9 और दस मई को पाकिस्तान के एयरबेस को नष्ट कर दिया।

## पेज एक का शेष

### विकास के साथ...

3 लाख 70 हजार करोड़ रुपए किसानों को प्राप्त हुए। 25 करोड़ स्वॉयल हेल्थ कार्ड और 1.75 हजार करोड़ रुपए फसल बीमा योजना में किसानों को प्राप्त हुए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख तक बढ़ाई गई। स्मृति ईरानी ने कहा कि भारत ने कोविड काल में सिर्फ 140 करोड़ लोगों की जान नहीं बचाई, बल्कि 160 राष्ट्रों तक वैक्सीन देकर विश्व बंधुत्व की सोच को भी मजबूत किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में हाल में उद्घाटित विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज की सराहना विपक्षी दल के मुख्यमंत्री ने की कि ये है मोदी सरकार का 'सबका साथ, सबका विकास। पूर्व केंद्रीय मंत्री ईरानी ने कहा कि देश की नारियों की पूजा शक्ति, लक्ष्मी और सरस्वती के रूप में हुई, लेकिन 'सिंदूर' ऑपरेशन ने एक नए शौर्य, साहस और धैर्य को प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि भारत का स्वदेशी रक्षा तंत्र आज तेजी से आगे बढ़ रहा। भारत के रक्षा उपकरणों का निर्यात 34 गुना बढ़ गया है। स्मृति ईरानी ने कहा कि धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ, महाकाल कॉरिडोर निर्माण जैसे कार्य भारत की राष्ट्रीय एकात्मता और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' को साकार कर रही हैं। आज मोदी सरकार में 68 प्रतिशत मंत्री एसटी एससी और ओबीसी वर्ग से हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ता सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कैबिनेट के सभी मंत्रीगण का आभार प्रकट करते हैं। प्रेसवार्ता में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक उपस्थित थे।

### अफीम की खेती...

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा युवा नशे की चपेट में है। हमें झारखंड के लोगों को नशे की चपेट से बाहर निकलना है। उन्होंने गुटखा खाने के दुष्परिणाम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। यह जागरूकता वाहन लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेगा।स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों खासकर रांची, खूंटी में अफीम की खेती की रोकथाम के लिए कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ हमारा प्रयास जारी है और काफी हद तक इसमें रोक लगाने में सफलता भी पाई है। लेकिन, हमारा लक्ष्य अफीम की खेती को पूरी तरह से खत्म करना है। अफीम की खेती का बड़े पैमाने पर विनष्टीकरण किया गया है, जो सरकार की उपलब्धि है। मंत्री ने कहा कि नशा सामाजिक, मानसिक और आर्थिक रूप से लोगों को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और लोगों को नशे की लत से बाहर निकालना है। अभियान के तहत सभी जिलों में प्रचार वाहन जाएंगे, स्कूलों और कॉलजो में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में 10,134 मेडिकल स्टोर में 4,000 से अधिक स्टोरों में सीसीटीवी का प्रावधान किया जा चुका है। शेष में लगाने की प्रक्रिया चल रही है। झारखंड में सबसे ज्यादा युवा नशे की चपेट में है। हमें झारखंड के लोगों को नशे की चपेट से बाहर निकलना है। उन्होंने गुटखा खाने के दुष्परिणाम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशा सभी बीमारियों की जड़ है, नशे के चक्कर में पड़ कर युवा कम उम्र में ही इसकी गिरफ्त में आकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हमें उन्हें जागरूक करना होगा। यह सिर्फ 14 दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह कार्यक्रम पूरे साल भर चलना चाहिए। इस अवसर पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी के अलावे पर्यटन सचिव मनोज कुमार, सचिव समाज कल्याण विभाग मनोज कुमार, सचिव स्कूली शिक्षा उमाशंकर सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी और पुलिस विभाग के पदाधिकारी सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

**स्कूलों एवं कॉलेजों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान :** उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि स्कूलों एवं कॉलेजों के आसपास नशा के व्यापार को पूरी तरह से बंद करने की जरूरत है। पिछले 2-3 वर्षों से गृह विभाग द्वारा नशा के खिलाफ जो आयोजन किये जा रहे हैं, उसका सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। हम एक्सेस, तकनीक और बिहेवियर चेंज के द्वारा इस सप्लाई चेन को रोक सकते हैं। इस बिहेवियर पैटर्न पर स्टडी करने की जरूरत है कि आखिर किन कारणों से बच्चे इसके सेवन के आदी हो जाते हैं। इस संबंध में हमें एजुकेशन प्रोग्राम चलाने की जरूरत है। नशे के कारोबार को बच्चों तक की पहुंच से रोकना होगा।

### कैंसर की तरह...

जनजागरूकता के माध्यम से हमें उन युवाओं और बच्चों को समझाना है न कि डंडे के माध्यम से। हमें हाई स्कूल स्तर से ही इस दिशा में काम करने की जरूरत है। छोटी उम्र के बच्चों और युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से जानकारी दी जाएगी कि कैसे नशा मुक्ति से रोकने के लिए कार्य करना है।

### नशे के सौदागरों...

जो चिंता की बात है। झारखंड में अप्रत्याशित अफीम की खेती को नष्ट करने का काम हमने किया है। अब अफीम की खेती करने वाले लोगों को सख्त सजा देने का समय आ गया है, ताकि लोग खेती करना बंद करें। सरकार की ओर से संदेश जाना चाहिए कि जो भी अफीम की खेती करेगा, ब्राउन शुगर, गांजा के ट्रेड करेगा, जेल में डाला जाएगा ।

### 8 आईपीएस अधिकारियों...

जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता को आईआरबी-1 का अतिरिक्त प्रभार, चतरा एसपी सुमित अग्रवाल को आईआरबी-3 का अतिरिक्त प्रभार, गुमला एसपी हरीश बिन जमा को आईआरबी-5 का अतिरिक्त प्रभार तथा गोड्डा एसपी मुकेश कुमार को आईआरबी-8 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### झारखंड में कोविड...

इसके बाद से ही स्वास्थ्य विभाग ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी किया था। इसके बाद 20 दिनों के दौरान राज्य में कोविड के 15 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इनमें से ज्यादातर लोग इलाज के बाद स्वस्थ हो गए हैं।झारखंड सरकार की ओर से राज्य के लोगों से यथासंभव कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की जा रही है। सर्दी, खांसी, बुखार और कोविड से संबंधित किसी भी तरह का लक्षण दिखने पर लोगों से जांच कराने और चिकित्सकों से संपर्क करने की सलाह दी गई है। साथ ही, सावधानी बरतने, मास्क का प्रयोग करने, हाथ धोते रहने और भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचने को कहा गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर कोरोना के संदिग्ध मरीजों की जांच के लिए डॉक्टरों की टीम की तैनाती के आदेश दिए थे। हालांकि, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर जांच की व्यवस्था अब तक शुरू नहीं हो पाई है। स्वास्थ्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ कोविड को लेकर पिछले हफ्ते एक बैठक भी की थी। उन्होंने कहा था कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी गई हैं। उन्होंने राज्य के सभी जिला अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाने, ऑक्सीजन की आपूर्ति को दुरुस्त करने, स्टॉक में जरूरी दवाओं का प्रबंध करने के निर्देश दिए थे।

### राहुल की गिरफ्तारी...

यह निर्देश देने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। अदालत ने 6 अगस्त को चाईबासा के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में राहुल गांधी को पेश होने का आदेश दिया है। ज्ञात हो कि यह मामला वर्ष 2018 का है। 28 मार्च 2018 को कांग्रेस के एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके खिलाफ भाजपा नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा की अदालत में मानहानि का मुकदमा किया। सुनवाई के बाद चाईबासा की अदालत ने गैरजमानती वारंट जारी कर राहुल गांधी को 26 जून 2025 को पेश होने का आदेश दिया। इसके खिलाफ राहुल गांधी ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनके वकील की ओर से अदालत में याचिका दायर की गई, जिसमें कहा गया था कि चाईबासा कोर्ट ने उनकी व्यक्तिगत पेशी से छूट की अर्जी पर विचार नहीं किया और गैरजमानती वारंट जारी कर दिया है।

### चतरा में बड़ी...

चतरा एसपी ने कहा कि पुलिस को टीएसपीसी संगठन के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है और आगे भी पुलिस इन संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। गिरफ्तार उग्रवादी टीएसपीसी के लिए काम करता था और पूर्व में वह जेल जा चुका है। उसका आपराधिक इतिहास रहा है। छापेमारी अभियान में लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, सअनि विधायक प्रसाद यादव, हवलदार वीरेंद्र प्रसाद, मक्खन लाल मरांडी सहित आईआरबी के जवान शामिल थे।

बिलावल ने यूएस पर ही मढ़ दिया दोष

## अमेरिका के कारण पाकिस्तान में बढ़ा रहा है आतंकवाद!



**करांची/एजेंसी ।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने अफगानिस्तान और आतंकवाद पर तीखी टिप्पणियों के साथ कूटनीतिक तनाव को फिर से भड़का दिया है, तथा अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों के लिए अमेरिका और क्षेत्रीय गतिशीलता को जिम्मेदार ठहराया है। बिलावल भुट्टो वर्तमान में वाशिंगटन की यात्रा पर हैं। जरदारी ने दावा किया कि जिस तरह से अमेरिका ने अफगानिस्तान से वापसी की और सैन्य उपकरण पीछे छोड़ गए, उसके कारण पाकिस्तान को नुकसान उठाना पड़ा है, जो उन्होंने आरोप लगाया कि अब आतंकवादी समूहों के हाथों में पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद के बारे में बात करते हैं, हम अफगानिस्तान के बारे में बात करते हैं, हम अन्य चीजों के बारे में बात करते हैं।

## भारतीय नौसेना ने जलते जहाज से चीनी नागरिकों को बचाया

चीनी प्रवक्ता ने इंडियन नेवी की तारीफ की

**नई दिल्ली ।** अरब सागर में केरल के कोच्चि के पास सिंगापुर के एक कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। यह हादसा 9 जून को अजिक्कल से 44 नॉटिकल मील (लगभग 81 किलोमीटर) दूर हुआ। जहाज पर 22 लोग सवार थे, जिनमें 14 चीनी और 6 ताइवानी नागरिक थे। भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने तुरंत कार्रवाई की और 18 लोगों को सुरक्षित बचा लिया। कुछ लोग घायल हुए थे। इस बचाव कार्य के लिए चीन ने भारत का आभार जताया है। चीन की राजदूत यू जिंग ने कहा, "हम भारतीय नौसेना की तेजी और बहादुरी की सराहना करते हैं।

पाकिस्तान का कर्ज बढ़कर 76 हजार अरब रुपए पहुंचा

# डिफेंस बजट बढ़ाकर 2.55 लाख करोड़ रुपए किया

**करांची । एजेंसी**

पाकिस्तान में सोमवार, 9 जून को इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 जारी किया गया। इसे वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने पेश किया। सर्वे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में पाकिस्तान पर कर्ज बढ़कर 76000 अरब पाकिस्तानी रुपए हो गया। इसमें से 51500 अरब रुपए लोकल बैंकों से और 24500 अरब रुपए देश के बाहर दूसरे देशों या बैंकों से लिया गया है। दूसरी तरफ पाकिस्तानी सरकार ने 2025-26 के रक्षा बजट को पिछले साल के 2.1 लाख करोड़ रुपए से 20% बढ़ाकर 2.55 लाख करोड़ रुपए (9.04 अरब डॉलर) कर दिया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले दो सालों से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें स्थिरता और मजबूती आई है। नकदी के संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था इस साल 2.7% की दर से बढ़ने की संभावना है।




### रेमिटेंस 38 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है

रेमिटेंस यानी जो लोग दूसरे देशों में पैसा कमाकर पाकिस्तान भेजते हैं, वो इस साल के अंत तक 37 से 38 अरब डॉलर पहुंच सकता है। दो साल पहले यह 27 अरब डॉलर था। 30 जून 2024 तक पाकिस्तान का फॉरेक्स रिजर्व्स यानी विदेशी मुद्रा भंडार 9.4 अरब डॉलर थे। 2023 में पाकिस्तान के पास सिर्फ दो हफ्ते के आयात के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था। इस लिहाज से यह एक बड़ी रिकवरी रही। सर्वे के मुताबिक 2024 में देश का एक्सपोर्ट 27.3 अरब डॉलर रहा, जबकि इंपोर्ट 48.6 अरब डॉलर था। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था का साइज पिछले साल के 372 अरब डॉलर से बढ़कर 411 अरब डॉलर हो गया।

### 2024 में जीडीपी ग्रोथ 2.5% रही

प्रेस कॉन्फ्रेंस में औरंगजेब ने बताया कि साल 2023 में जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में जुलाई से अप्रैल के बीच चालू खाता (करंट अकाउंट) में 1.9 अरब डॉलर का सरप्लस दर्ज हुआ। इसकी मुख्य वजह IT सेक्टर से 3.5 अरब डॉलर का होने वाला निर्यात रहा।

# आम विटामिन सी व पोटैशियम से भरपूर पोषण के लिहाज से बहुत ही फायदेमंद

कई बीमारियों में फायदेमंद, ब्लड में शुगर के स्तर को बढ़ने नहीं देता है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आम का पेड़ , पत्ती ,डाल ,फल सब कुछ उपयोगी होता है। पोषण के लिहाज़ से तो आम बहुत ही फायदेमंद है। इसमें भरपूर विटामिन सी व पोटैशियम होता है। लेकिन अफ़सोस यह है कि आम गर्मी में दो से तीन माह ही मिलता है । वैसे तो अब आम के जीन्स में भी छेड़छाड़ करके वर्ष में उसके दो बार फल देने वाले वेराइटी बना लिये गये हैं। लेकिन उनमें वे स्वाद , सुगंध तथा सेहत के खजाने नहीं होते जो वर्ष में एक बार फलने वाले बीजू या देशी या पहले के बेहतरीन देशज आम में होते हैं। और अब तो इसे फ्रीज़ करके लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे साल भर स्मूदी में इस्तेमाल किया जा सकता है। न्यूयॉर्क टाइम की खबर के मुताबिक एक छिले हुए आम के आधे हिस्से में लगभग 23 ग्राम नेचुरल शुगर होती है, जो ब्लड में शुगर के स्तर को बढ़ने नहीं देती। आम में चॉकलेट चिप व कुकीज की तुलना में दो गुना से भी अधिक शुगर होती है फिर भी इससे ब्लड शुगर स्पाइक का खतरा नहीं होता है।विशेषज्ञों के अनुसार शरीर को आम में मौजूद फाइबर को पहले पचाना पड़ता है, तभी वह उसमें मौजूद शुगर तक पहुंच पाता है। यह प्रक्रिया समय लेती है, जिससे शरीर को धीरे-धीरे ग्लूकोज़ को प्रोसेस करने का समय मिल जाता है।

जबकि कुकीज में मौजूद रिफाइंड शुगर सीधे और जल्दी अवशोषित हो जाती है, जिसके कारण ये ब्लड में शुगर का स्तर तेजी से बढ़ाती है। विशेषज्ञों के अनुसार आम का सेवन करने से आंखों की सेहत दुरुस्त रहती है। आम में पाए जाने वाले विटामिन, मिनरल्स व एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा रेटिनाइटिस पिगमेंटोसा व मैक्युलर डीजेनेरेशन जैसी दृष्टि क्षति की स्थितियों से लड़ने में मदद कर सकती है। इस कारण से आम को उन लोगों की डाइट में शामिल करना जरूरी है जो अंधापन से बचाव करना चाहते हैं और आंखों की रोशनी को बढ़ाना चाहते हैं। हेल्दी डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल आंखों की संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाता हैं।आयुर्वेद में आम को सेहत के लिए अमृत माना जाता है। आयुर्वेदिक और यूनानी दवाओं के एक्सपर्ट डॉक्टर सलीम जैदी ने बताया है कि आम का सेवन करने से इम्यूनिटी में सुधार होता है और दिल हेल्दी रहता है। आम का सेवन करने से आंखों की रोशनी बढ़ती है और वजन भी कंट्रोल रहता है। आइए जानते हैं कि आम का सेवन करने से बॉडी को कौन-कौन से फायदे होते हैं।आम का सेवन करने से दिल की सेहत में भी सुधार होता है। आम में मैग्नीशियम व पोटैशियम होता है जो रक्त प्रवाह को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। ये दोनों तत्व रक्त धमनियों को रिलेक्स करते हैं जिससे ब्लड प्रेशर कम करने में मदद मिलती है। कई रिसर्च में ये बात साबित हो चुकी है कि आम में पाया जाने वाला एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट मैंगीफेरिन दिल की कोशिकाओं को सूजन ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाव करता है। मैंगीफेरिन कोलेस्ट्रॉल ट्राइग्लिसराइड्स व फ्री फैटी एसिड्स के ब्लड स्तर को घटाने में मदद कर सकता है। दिल को स्वस्थ रखने में आम का सेवन असरदार साबित होता है। आम के सेवन से पाचन दुरुस्त रहता है। ये फल डाइजेस्टिव एंजाइम्स से भरपूर होता है। इसमें एमाइलेज नामक पाचक एंजाइम पाए जाते हैं, जो भोजन के बड़े अणुओं को तोड़कर शरीर को उन्हें आसानी से अवशोषित करने में मदद करते हैं। एमाइलेज खासतौर पर कार्बोहाइड्रेट्स को ग्लूकोज में बदलने में मदद करता है। आम डायटरी फाइबर और पानी से भरपूर होता है जो पाचन को दुरुस्त करता है। इसका सेवन करने से कब्ज व दस्त जैसी समस्याओं से बचाव होता है।आम में पॉलीफेनॉल्स की प्रचुर मात्रा पाई जाती है जो एंटी-कैंसर गुणों से भरपूर होते हैं। पॉलीफेनॉल्स शरीर को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाने में मदद करते हैं। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस वह प्रक्रिया है जिसमें फ्री रेडिकल्स शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और यह कैंसर समेत कई बीमारियों का कारण बन सकता है। आम का सेवन करने से ब्रेस्ट कैंसर से बचाव होता है।




आम ऐसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है जो आंखों की सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं। ल्यूटिन और ज़ीऐन्थिन ये दोनों शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट आम में पाए जाते हैं जो आंखों के रेटिना में जमा होकर हानिकारक नीली रोशनी से बचाव करते हैं और मैक्युलर डीजेनेरेशन जैसी उम्र से जुड़ी आंखों की समस्याओं के जोखिम को कम कर सकते हैं। आम विटामिन ए का अच्छा स्रोत है जो आंखों की रोशनी बनाए रखने में मदद करता है। विटामिन ए की कमी से रात में दिखाई नहीं देने की समस्या हो सकती है।

तकनीक एक दोधारी तलवार की तरह है

# तकनीक का उपयोग न्यायिक कामकाज को बेहतर बनाने के लिए हो : सीजेआई

- कहा, फैसले लेने की प्रक्रिया की जगह लेने के लिए नहीं हो इसका उपयोग

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि तकनीक एक दोधारी तलवार की तरह है। इसका उपयोग न्यायिक कामकाज को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए, न कि फैसले लेने की प्रक्रिया की जगह लेने के लिए। सीजेआई सोमवार को कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 'न्याय तक पहुंच में तकनीक की भूमिका' विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े और विविध देश में न्याय तक पहुंच को आसान बनाने में तकनीकी की बहुत बड़ी भूमिका हो सकता है। भारतीय न्यायपालिका ने तेजी से तकनीक को अपनाया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा, हमें यह भी मानना होगा कि तकनीक एक दोधारी तलवार की तरह काम कर सकती है, जो असमानता को और बढ़ा सकती है। एक बड़ी चिंता 'डिजिटल डिवाइड' यानी तकनीकी असमानता है, जहां इंटरनेट, उपकरणों और डिजिटल ज्ञान की समान पहुंच न होने के कारण वे लोग पीछे छूट सकते हैं जो पहले से ही न्याय तक पहुंचने में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अगर तकनीक को सच में न्याय के लिए इस्तेमाल करना है, तो उसकी योजना बनाते समय समानता और समावेशन को आधार बनाना होगा। हालांकि, जस्टिस गवई ने कहा कि नीतिगत दखल के बिना न्याय प्रदान करने की प्रणाली में कोई क्रांति नहीं लाई जा सकती। उन्होंने कहा, शासन का ऐसा ढांचा विकसित किया जाना चाहिए, जो मानवीय निगरानी, एल्गोरिदम संबंधी पारदर्शिता और तकनीक आधारित मध्यस्थ फैसलों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करे। सीजेआई ने आगे कहा, आगे बढ़ने का रास्ता बुनियादी सिद्धांतों का पालन मांगता है। तकनीक का इस्तेमाल न्यायिक काम को खत्म करने के लिए नहीं, बल्कि उसे बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए, खासकर सोच-समझकर फैसले लेने और हर मामले को अलग-अलग देखने में। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वचालित प्रणाली (ऑटोमेटिक सिस्टम) न्यायिक सोच की जगह न लें, बल्कि उसकी मदद करें। जस्टिस गवई ने कहा, न्याय तक पहुंच किसी भी निष्पक्ष और न्यायसंगत कानून प्रणाली की रीढ़ का प्रतिनिधित्व करती है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्ति कानूनी प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से भाग ले सकें और उनसे लाभ उठा सकें, भले ही उनकी सामाजिक-आर्थिक, भौगोलिक या व्यक्ति स्थिति कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि ऐसे देश में जहां दो-तिहाई से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 121 से अधिक भाषाएं-मातृ भाषाएं बोली जाती है, वहां अदालतों तक बराबर पहुंच देना केवल सांविधानिक ही नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी है।

चिनाब ब्रिज के निर्माण का श्रेय लेने से इनकार

## माधवी ने कहा, इसे भारतीय रेल और एफकॉन ने बनाया

**श्रीनगर । एजेंसी**



दुनिया के सबसे लंबे चिनाब रेल ब्रिज के निर्माण को लेकर सोशल मीडिया पर इंजीनियर डॉक्टर माधवी लता को लोग बधाई दे रहे हैं। अब इसको लेकर उन्होंने एक लिंकडइन पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने कहा कि चिनाब ब्रिज के निर्माण का श्रेय मुझे न दें। इसकी प्लानिंग, डिजाइन और निर्माण का सारा श्रेय भारतीय रेलवे और एफकॉन को जाता है। इसमें मेरा रोल जिओ टेक्निकल के तौर पर रहा है, जिसका काम ढलान पर नींव के डिजाइन पर काम करना था। दरअसल, दरअसल, बिजनेसमैन आनंद महिंद्रा समेत हजारों लोगों ने माधवी लता को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर तारीफ की थी। लोग उन्हें ब्रिज के प्रोजेक्ट पर 17 साल देने के लिए लोग बधाई दे रहे थे।

## रूस ने यूक्रेन के 2 शहरों पर ड्रोन और मिसाइलों से किए ताबड़तोड़ हमले

**कीव ।** रूस की ओर से यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले जारी है। रूस के ताजा हमलों ने यूक्रेन को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया है। रूस ने मंगलवार तड़के एक बार फिर यूक्रेन के दो शहरों पर बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए हैं। रूस की ओर से किए गए इन हमलों में 2 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हुए हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने रूसी हमलों के बारे में जानकारी दी है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बयान में हमले को युद्ध के दौरान 'अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक' बताया है। उन्होंने कहा कि रूस ने रात के दौरान 315 ड्रोन और सात मिसाइल दागीं। उन्होंने कहा कि दागे गए ड्रोन में से अधिकतर 'शहीद' ड्रोन थे। जेलेंस्की ने हमले के मद्देनजर अमेरिका और यूरोप से 'ठोस कार्रवाई' का आह्वान किया है।

# ऑस्ट्रिया के एक स्कूल में हुई भीषण गोलीबारी सात छात्रों समेत आठ लोगों की मौत, कई घायल

**ऑस्ट्रिया ।** ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में 8 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। गोलीबारी में संदिग्ध अपराधी की भी मौत हो गई है। ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी ने बताया कि मेयर एल्के काहर ने इस घटना को 'भयानक त्रासदी' बताया है। इसमें कहा गया कि मरने वालों में सात छात्र और एक वयस्क शामिल हैं। काहर ने कहा कि कई लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया है।

वहीं , क्षेत्रीय समाचार पत्र क्लेन जितुंग के अनुसार, बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई है, पुलिस और अन्य आपातकालीन वाहन स्कूल के आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा कर रहे हैं तथा कम से कम एक पुलिस हेलीकॉप्टर क्षेत्र के ऊपर उड़ रहा है।




# पीएम मोदी की यात्रा से पहले मालदीव पर्यटन की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनीं कैटरीना कैफ

इस घोषणा के साथ ही मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन (एमएमपीआरसी) ने अपना समर सेल अभियान भी शुरू कर दिया है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर से पर्यटकों को इस खूबसूरत द्वीपसमूह की ओर आकर्षित करना है। कैटरीना की इस नई जिम्मेदारी को लेकर काफी उत्साह है, क्योंकि वह न केवल एक सफल अभिनेत्री हैं। मालदीव पर्यटन उद्योग ने बॉलीवुड अभिनेत्री और स्टाइल आइकन कैटरीना कैफ को अपना नया वैश्विक ब्रांड एंबेसडर चुना है। इस घोषणा के साथ ही मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन (एमएमपीआरसी) ने अपना समर सेल अभियान भी शुरू कर दिया है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर से पर्यटकों को इस खूबसूरत द्वीपसमूह की ओर आकर्षित करना है। कैटरीना की इस नई जिम्मेदारी को लेकर काफी उत्साह है।

**कैटरीना कैफ का वैश्विक स्टारडम में उदय :** शोबिज इंडस्ट्री में प्रवेश करने से पहले, कैटरीना कैफ ने मॉडलिंग में अपना करियर शुरू किया, जहां उन्हें भारतीय फिल्म निर्माता कैजाद गुस्ताद ने फिल्म बूम के लिए चुना, जो बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। इस असफलता के बाद, उन्हें पहचान तब मिली जब उन्होंने कॉमेडी फिल्मों में काम किया।


परिवार कल्याण दिवस

प्रत्येक माह की 11 तारीख को
आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की सेवाएं
अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्षित समूह-

- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

गतिविधियाँ

- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

"विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान !"

परिवार नियोजन की विधियाँ

स्थायी विधियाँ: पुरुष नसवंदी, महिला बंध्याकरण

अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर 375 380 A, कंडोम

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की स्थायी विधियां उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 354570 (Health Med Edu and Family Welfare) 2025-26